राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 74, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शनिवार 30 सितम्बर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

प्रदूषण से निपटने के लिए केजरीवाल ने जारी किया विंटर एक्शन प्लान
.... पेज 03

आयुष्मान भारत योजना में यूपी की ऊंची छलांग, कई श्रेणियों में देश में नंबर वन
.... पेज 05

समय से पहले सेवानिवृत्त हुआ ऑस्ट्रेलिया के रक्षा बल का एमआरएच-90 ताइपन
.... पेज 07

## मोदी आज करेंगे 'संकल्प सप्ताह' का शुभारंभ

नयी दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को सुबह 10 बजे यहां भारत मंडपम में देश में आकांक्षी ब्लॉकों के लिए सप्ताह भर चलने वाले विशिष्ट कार्यक्रम संकल्प सप्ताह का शुभारंभ करेंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय की शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार संकल्प सप्ताह आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम (एबीपी) के प्रभावी कार्यान्वयन से जुड़ा है।

राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम इसी वर्ष सात जनवरी को मोदी द्वारा शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए ब्लॉक स्तर पर संचालन व्यवस्था में सुधार करना है। इसे देश के 329 जिलों के 500 आकांक्षी ब्लॉकों में लागू किया जा रहा है। आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम को लागू करने तथा एक प्रभावी ब्लॉक विकास रणनीति तैयार करने के लिए देश भर में गांव और ब्लॉक स्तर पर चिंतन शिविर आयोजित किए गए। संकल्प सप्ताह इन्हीं चिंतन शिविरों की परिणति है।

विज्ञप्ति में बताया गया है कि संकल्प सप्ताह सभी 500 आकांक्षी ब्लॉकों में मनाया जाएगा।

## पंजाब में किसानों के आंदोलन से 90 ट्रेनें प्रभावित

### मोहाली में 8 घंटे दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे जाम किया, आज प्रदर्शन का आखिरी दिन

अमृतसर। पंजाब में मुआवजा, एमएसपी और कर्ज माफी को लेकर किसानों का आंदोलन जारी है। किसान पंजाब भर में रेलवे लाइनों पर बैठे हुए हैं। रेलवे ट्रैक जाम होने के बाद दिल्ली से अमृतसर, पठानकोट से अमृतसर और पंजाब से चंडीगढ़, जालंधर, लुधियाना से मोगा, फिरोजपुर, फाजिल्का आदि सभी रूट्स पूरी तरह से ठप हैं। इससे 90 ट्रेनें प्रभावित हुई हैं।

वहीं शुक्रवार को किसानों ने दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे जाम 8 घंटे तक जाम करके रखा। किसान मोहाली के



लालड़ू में चंडीगढ़ से अंबाला जाने वाले हाईवे पर बैठ थे। पुलिस के रूट डायवर्ट करने के बाद भी लोग परेशान हुए। कई घंटों तक वे जाम में ही फंसे रहे।

प्रधान सुखविंदर सिंह सभरा व जनरल सेक्रेटरी राणा रणबीर सिंह ने बताया कि अब मोर्चों की गिनती 17 से 20 हो गई है। शुक्रवार को समराला व फरीदकोट में भी रेल रोको आंदोलन शुरू हुआ। वहीं संगठनों ने ऐलान किया है कि शनिवार को अंबाला में भी रेल रोको आंदोलन शुरू होगा। इसके साथ उन्होंने कहा कि 23-24 अक्टूबर को किसानी दशहरा मनाया जाएगा। इस दौरान पूरे देश में मोदी सरकार व कॉर्पोरेट घरानों के पुतले जलाए जाएंगे।

### ये है किसानों की मांगें

घग्गर नदी के किनारे टिवाना गांव से लेकर नए बनने वाली अंबाला चंडीगढ़ मार्ग तक बांध को पक्का किया जाएगा।

बाढ़ के कारण प्रभावित हुई जमीन का मुआवजा से कम एक लाख रुपया प्रति एकड़ के हिसाब से और बाढ़ के कारण जमीन में अधिक मिट्टी बहने के कारण फसलों के खराब का मुआवजा 50 हजार प्रति एकड़ के हिसाब से दिया जाए।

किसानों ने कहा कि मुआवजा देने की जमीन 5 एकड़ तक की शर्त को हटाकर कुल खराब हुई जमीन का मुआवजा दिया जाए।

बाढ़ के कारण प्रभावित हुई ट्यूबवेल पानी की पाइप लाइन सरकार द्वारा डाली जाए।

## महिला आरक्षण बिल : राष्ट्रपति की मिली मंजूरी, बना कानून

### महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी एक तिहाई सीटें

▸ गजट नोटिफिकेशन भी जारी; 20 सितंबर को लोकसभा, 21 को राज्यसभा में पास हुआ था

नई दिल्ली। महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) अब कानून बन गया है। शुक्रवार 29 सितंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस पर दस्तखत कर दिए। इसके साथ ही सरकार ने गजट नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है।

अब इस बिल के कानून बन जाने से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हो जाएंगी। हालांकि, आरक्षण नई जनगणना और परिसीमन के बाद लागू किया जाएगा।

अब ये बिल विधानसभाओं में भेजा जाएगा। इसे लागू होने के लिए देश की



50 प्रतिशत विधानसभाओं में पास होना जरूरी है। लोकसभा में फिलहाल 82 महिला सांसद हैं, नारी शक्ति वंदन कानून के तहत लोकसभा में 181 महिला सांसद रहेंगी।

#### सरकार ने 5 दिन का स्पेशल सत्र बुलाया था, इसी में बिल पेश किया

सरकार ने 18 से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाया था। इसका एजेंडा नहीं बताया गया था, इसको लेकर विपक्ष ने आलोचना भी की थी।

#### नई संसद में कामकाज के पहले दिन पेश हुआ था बिल

नई संसद में कामकाज के पहले दिन यानी 19 सितंबर को लोकसभा में महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन विधेयक) पेश किया गया। इस बिल के मुताबिक, लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत रिजर्वेशन लागू किया जाएगा। लोकसभा की 543 सीटों में से 181 महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। ये रिजर्वेशन 15 साल तक रहेगा। इसके बाद संसद चाहे तो इसकी अवधि बढ़ा सकती है। यह आरक्षण सीधे चुने जाने वाले जनप्रतिनिधियों के लिए लागू होगा। यानी यह राज्यसभा और राज्यों की विधान परिषदों पर लागू नहीं होगा।

18 सितंबर की रात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की मीटिंग बुलाई। मीटिंग के बाद कोई प्रेस ब्रीफिंग नहीं की गई। अंदरखाने से खबर आई कि सरकार 19 सितंबर को लोकसभा में महिला आरक्षण बिल ला सकती है। बात सही निकली। 19 सितंबर को सरकार ने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन बिल पेश कर दिया। 20 सितंबर को लोकसभा में बिल पर 7 घंटे चर्चा हुई। इसमें 60 सांसदों ने भाग लिया। शाम को पर्ची से हुई वोटिंग में बिल पास हो गया। समर्थन में 454 और विरोध में 2 वोट डले।

21 सितंबर को बिल पर राज्यसभा में चर्चा हुई। यहां बिल सर्वसम्मति से पास हो गया और किसी ने बिल के खिलाफ वोट नहीं दिया। हाउस में मौजूद सभी 214 सांसदों ने बिल का समर्थन किया था।

## होशियारपुर में अकाली नेता की हत्या

होशियारपुर। पंजाब के होशियारपुर में शिरोमणि अकाली दल के नेता की हत्या कर दी गई। उन्हें बीती रात होशियारपुर से 15 किलोमीटर दूर उन्हीं के गांव मेगोवाल गंजियां में गोलियां मारी गईं। मृतक नेता की पहचान सुरजीत सिंह अंखी के रूप में हुई है। वारदात के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार देर शाम सुरजीत सिंह अंखी गांव में एक किराना की दुकान पर खड़े थे। इसी बीच एक बाइक पर दो युवक वहां आ गए।




मुंबई में 10 दिवसीय गणेश चतुर्थी उत्सव के समापन पर भक्त लालबागचा राजा (भगवान गणेश) की विशाल मूर्ति को अरब सागर में विसर्जित करते हुए।

## आजादपुर मंडी के शेड में लगी भीषण आग, कोई हताहत नहीं

नई दिल्ली। दिल्ली की आजादपुर मंडी में शुक्रवार शाम टमाटर रखने के लिए बने शेड में अचानक आग लग गई। आग टमाटर रखने वाले प्लास्टिक के कैरेट में लगी थी और तेजी से फैल गई। चारों तरफ धुएं का गुब्बार फैल गया। वहां मौजूद लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची दमकल की 11 गाड़ियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। पुलिस आग लगने के कारणों और इससे हुए नुकसान का आकलन कर रही है। दमकल अधिकारियों ने बताया, शुक्रवार शाम 5.15 बजे आजादपुर मंडी के गेट संख्या एक के पास टमाटर रखने के शेड में आग लगने की जानकारी मिली। स्थानीय लोगों ने बताया, लोग जान बचाने के लिए शोर मचाकर इधर उधर भागने लगे।

## जल्द लांच होगी सब्सिडी वाली होम लोन योजना

नई दिल्ली। शहरों में रहने वाले आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को घर उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार जल्द ही सस्ते होम लोन की एक योजना लेकर आ रही है। केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि सरकार योजना को अंतिम रूप देने के करीब है और इस संबंध में जल्द ही एलान करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले की प्राचारी से इस तरह की योजना का एलान किया था। पीएम मोदी ने अपने भाषण में कहा था सरकार एक नई आवास ऋण योजना लेकर आएगी, जिससे शहरों में रहने वाले वंचित लोगों को लाभ होगा। हम उन्हें ब्याज दरों में राहत के साथ बैंकों से कर्ज दिलाने में मदद करेंगे। योजना के तहत कमजोर वर्ग के लोगों को कम दरों पर होम लोन की पेशकश की जाएगी और ब्याज में सब्सिडी का बोझ सरकार उठाएगी। मीडिया से बात करते हुए पुरी ने वैश्विक कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और खुदरा क्षेत्र पर पड़ने वाले इसके संभावित प्रभाव पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि कच्चे तेल की कीमतें 96 डालर प्रति बैरल तक पहुंच गई हैं।

## कावेरी जल विवाद पर कर्नाटक बंद खत्म, 700 प्रदर्शनकारी हिरासत में

### 44 फ्लाइट्स कैंसिल : दुकानें, शॉपिंग मॉल, मूवी थिएटर्स, होटल और रेस्त्रां बंद

बेंगलुरु/नई दिल्ली। तमिलनाडु के साथ कावेरी नदी के जल बंटवारे के विरोध में शुक्रवार 29 सितंबर को कर्नाटक बंद खत्म हो गया। कन्नड़ और किसान संगठनों के प्रमुख कन्नड़ ओक्कूटा संघ ने सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक 12 घंटे का बंद बुलाया था।

विपक्षी भाजपा, जनता दल सेक्युलर और कन्नड़ फिल्म जगत की हस्तियों ने भी बंद के समर्थन में राज्य के विभिन्न जिलों में प्रदर्शन किया। वहीं, कर्नाटक पुलिस ने 700 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया।

प्रदर्शनकारी हाईवे, टोल गेट्स, रेल सेवाएं बंद कराने की कोशिश की। दुकानें, शॉपिंग मॉल, मूवी थिएटर्स, होटल और रेस्त्रां बंद रहे। मेट्रो-बस



सर्विस चालू थीं, लेकिन बंद के दौरान भीड़ ना के बराबर थी।

बेंगलुरु और मांड्या में प्रशासन ने स्कूल-कॉलेज में छुट्टी का ऐलान किया था। कैम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पीआरओ के मुताबिक, बेंगलुरु आने-जाने वाली 44 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गईं।

इससे पहले 26 सितंबर को बेंगलुरु बंद के दिन 200 से ज्यादा लोगों की गिरफ्तारी हुई थी।

सीएम सिद्धारमैया ने राज्य के डिप्टी सीएम और सिंचाई मंत्री डीके शिवकुमार के साथ मीटिंग की। बैठक के बाद सीएम ने कहा- मैंने आज सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जजों, अपनी कानूनी टीम से बात की है। उनकी सलाह के बाद तय करेंगे कि क्या करना है.. देखते हैं आगे क्या होता है।

#### तमिलनाडु को कावेरी नदी का पानी छोड़े जाने का विरोध

13 सितंबर को कावेरी वाटर मैनेजमेंट अथॉरिटी ने एक आदेश जारी किया था। इसमें कहा गया कि कर्नाटक अगले 15 दिन तक तमिलनाडु को कावेरी नदी से 5 हजार क्यूसेक पानी दे।

## ग्वालियर में तालाब में डूबने से तीन मासूम बच्चों की मौत

ग्वालियर। मध्यप्रदेश के ग्वालियर जिले में आज तीन मासूम बच्चों की तालाब में डूबने से मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार करहिया थाना क्षेत्र में स्थित ग्राम करहिया में पंचायत द्वारा तालाब का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें समय पानी भरा हुआ है। खेलते-खेलते सुमित बघेल (10), आदित्य बघेल (9) और मंकू (8) तालाब के पास पहुंच गए और गहरे पानी में चले गए। आसपास के लोगों ने देखा तो वह तालाब की ओर दौड़े पर तब तक तीनों मासूम डूब चुके थे। ग्रामीणों ने तालाब में गिरे मासूमों को बाहर निकाला तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। इस घटना के चलते पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच में लिया है।

## दिल्ली में ज्वेलरी चोरी के 2 आरोपी छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार

### 18.5 किलो सोना बरामद, इसकी कीमत करीब 10 करोड़ रुपए

दुर्ग। दिल्ली की ज्वेलरी शॉप से 25 करोड़ की चोरी करने वाले दो आरोपी छत्तीसगढ़ से पकड़ाए हैं। पुलिस ने भिलाई के स्मृति नगर में छापा मारकर एक घर से 18.5 किलो सोने की ज्वेलरी जब्त की। इसकी कीमत करीब 10 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। मामले में दो आरोपी लोकेश श्रीवास और शिवा चंद्रवंशी को अरेस्ट किया गया है।

आरोपी लोकेश सलून में काम करता था। उसका सपना है कि वो सोने की कैंची, सोने की कंघी और सोने के उस्तरे से पीएम नरेंद्र मोदी के बाल काटे।

लोकेश दिल्ली में चोरी के बाद प्लास्टिक सर्जरी करवाकर पहचान भी बदलने वाला था। पुलिस ने आरोपी की बाइक की डिग्गी से 10 लाख कैश समेत एक थार कार भी बरामद की है।



10 ग्राम (एक तोला) सोने की कीमत करीब 60 हजार रुपए है। इस लिहाज से 18.5 किलो सोने के जेवर की कीमत 11 करोड़ रुपए होती है।

#### चोरों को ऐसे पकड़ा

बिलासपुर एसपी संतोष सिंह के मुताबिक, एंटी-क्राइम एंड साइबर यूनिट और सिविल लाइन पुलिस स्टेशन की पुलिस शहर में चोरी की कई घटनाओं की जांच कर रही थी। पुलिस को कवर्धा में आरोपियों के होने का पता चला था। इसके बाद बिलासपुर पुलिस ने बुधवार 27 सितंबर को वहां छापा मारा और एक आरोपी शिवा चंद्रवंशी को गिरफ्तार किया। शिवा के पास से 23 लाख के जेवर भी मिले। हालांकि, वहां से लोकेश श्रीवास भागने में कामयाब हो गया। इसके बाद पुलिस ने लोकेश को दुर्ग के स्मृति नगर इलाके से गिरफ्तार कर लिया।

#### 24 सितंबर को दिल्ली में हुई वारदात

दिल्ली के भोगल इलाके में 24 सितंबर की रात उमराव सिंह ज्वेलर्स शोरूम में 25 करोड़ की चोरी हुई थी। चोर चौथी मंजिल का ताला तोड़कर दुकान में घुसे, फिर स्ट्रॉन्ग रूम की दीवार काटी थी। दिल्ली पुलिस ने इस घटना का ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज मिलने का दावा किया था। सीसीटीवी फुटेज में दो चोर देखे गए थे। शोरूम के मालिक संजीव जैन ने बताया था कि हम रविवार 24 सितंबर रात 8 बजे दुकान बंद करके गए थे। सोमवार को छुट्टी रहती है। मंगलवार 26 सितंबर की सुबह 10: 30 बजे शोरूम खोला तो हर तरफ धूल थी। जांच के बाद पता चला कि शोरूम में रखे सभी गहने गायब हैं। सोना-चांदी और हीरा समेत करीब 20-25 करोड़ के सामान की चोरी हुई। 4 से 5 लाख रुपए कैश भी गायब मिला। चोर शोरूम की चौथी मंजिल से छत का ताला तोड़कर नीचे आए थे। इसके बाद स्ट्रॉन्ग रूम की दीवार काटकर शॉप में दाखिल हुए। चोरों ने दीवार में 1.5 फुट की सेंध लगाई थी।

**भर्ती परीक्षा** — ब्लूटूथ वाली चप्पल,मक्खी डिवाइस से नकल की थी तैयारी, 3 जिलों से 44 वॉकी-टॉकी, एंटी जैमर जब्त

## सिपाही भर्ती परीक्षा से पहले मास्टरमाइंड समेत 8 गिरफ्तार

बेगूसराय। बिहार में एक अक्टूबर से होने वाली सिपाही भर्ती परीक्षा में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़े की तैयारी चल रही थी। बेगूसराय में परीक्षा से 3 दिन पहले पुलिस ने मास्टरमाइंड समेत 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 33 वॉकी-टॉकी, वॉकी-टॉकी का डिवाइस, 16 ब्लूटूथ डिवाइस, 6 मोबाइल, सिपाही भर्ती परीक्षा का 136 प्रवेश पत्र, 2 लाख रुपए बरामद हुए हैं।

इधर, छपरा में पुलिस ने एक फॉर्च्यूनर गाड़ी से 10 वॉकी-टॉकी, 30 ब्लूटूथ, 2 मोबाइल, 28 एंटी जैमर, 55 वाच बैटरी, 4 हॉकी स्टिक, 30 ?केबल चार्जर बरामद किए हैं। गाड़ी



पर आबकारी विभाग की प्लेट लगी हुई थी। इससे ठीक 2 दिन पहले 26 सितंबर को सहरसा पुलिस ने 3 सेटर्स को गिरफ्तार किया था। इनकी निशानदेही पर ये दोनों कार्रवाई हुई है।

#### बेगूसराय से मास्टरमाइंड समेत 5 गिरफ्तार

बेगूसराय के छौड़ाही का एकम्बा निवासी सुनील कुमार, अभ्यर्थी गुलशन कुमार, रामबाबू कुमार, अभय कुमार और बिट्टु कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया। सुनील और विवेक छौड़ाही में सिपाही भर्ती के लिए इंडियन फिजिकल अकादमी नाम से कोचिंग संस्थान चलाते हैं। विवेक मौके से फरार हो गया। सुनील और विवेक ही बेगूसराय और सहरसा में पकड़े गए गिरोह के मास्टरमाइंड हैं। 21 हजार से ज्यादा जवानों की होनी है भर्ती। जांच में पता चला कि गिरोह ब्लूटूथ लगी चप्पल और वॉकीटॉकी की मदद से फर्जीवाड़े की तैयारी में था।

#### 136 अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड मिले

एसपी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि जिन 136 अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड मिले हैं उनकी गिरफ्तारी के लिए स्पेशल पुलिस टीम बनाई गई है। सुनील परीक्षा पास कराने की एवज में एक परीक्षार्थी से 60 हजार एडवांस और उसका शैक्षणिक प्रमाणपत्र ले लेता है। परीक्षा पास करने के बाद 5 से 6 लाख रुपया लेकर प्रमाणपत्र लौटा देता है।

#### पटना से गैंग बाकी जिलों में भेजी जा रही डिवाइस

पटना में बैठकर गिरोह ने जिलों में डिवाइस उपलब्ध कराई है। बेगूसराय में विवेक और सुनील को पटना के प्रमोद ने डिवाइस उपलब्ध कराई। वहीं सहरसा के जालसाजों को खगड़िया के राजन ने डिवाइस दी। गया का गौरव, छपरा का भूषण, आरा का पिंटू, पटना का अभिषेक उर्फ मेंटल, अश्विनी सहित कुछ अन्य परीक्षा माफियाओं ने साजिश रची है।

## असम में लड़की की हत्या, शव के साथ रेप

### रेलवे कर्मचारी सहित तीन गिरफ्तार, नाबालिग लड़की एक आरोपी की गर्लफ्रेंड थी

करीमगंज। असम पुलिस ने गुरुवार को एक नाबालिग लड़की की हत्या करने और फिर शव के साथ रेप करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

पकड़े गए तीन आरोपियों में एक रेलवे कर्मचारी है जिसका लड़की के साथ अफेयर था। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि, आरोपी गर्लफ्रेंड के साथ शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बना रहा था। लड़की के मना करने पर दोस्तों संग उसकी हत्या कर दी।

#### 9 सितंबर की है घटना, लड़की की गला घोंटकर हत्या

यह घटना असम के करीमगंज जिले की है। पुलिस अधिकारी पार्थ प्रतिम दास के मुताबिक, लड़की की हत्या 9



सितंबर को रात करीब 11 बजे हुई जब तीन आरोपी जबरदस्ती पीड़िता के घर में घुस गए। उन्होंने लड़की का गला घोंटकर उसे मौत के घाट उतार दिया फिर उसके शरीर के साथ यौन संबंध बनाए। बाद में आरोपी नाबालिग का शव 9 सितंबर को करीमगंज टाउन बाईपास के पास मिला।

#### लड़की की डायरी से मिला सुराग, फोन नंबर से पकड़े गए आरोपी

जांच के दौरान, पुलिस को मृत लड़की की नोटबुक में एक मोबाइल नंबर मिला और उसके अनुसार, उन्होंने बिप्लब पॉल, शुभ्र मालाकार और राहुल दास नामक तीन लोगों को गिरफ्तार किया।

पूछताछ के दौरान राहुल दास ने खुलासा किया कि वह लड़की के साथ रिलेशनशिप में था। उसने शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश की थी, लेकिन लड़की ने इससे इनकार कर दिया था।

पुलिस ने बताया, राहुल दास रेलवे का फोर्थ क्लास कर्मचारी है और वह पूरे मामले का मास्टरमाइंड था। राहुल दास ने शुभ्र मालाकार से दो मोबाइल सिम कार्ड लिए थे, जिनका इस्तेमाल राहुल और पीड़ित लड़की ने किया था और वे लगातार संपर्क में थे।

## नीतीश पर अब किसी को भरोसा नहीं, वे सूरज पर थूकने की गलती न करें

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने आज कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सूरज (भाजपा) पर थूकने का दुस्साहस नहीं करेंगे क्योंकि ऐसा करने वाला खुद ही अपना चेहरा गंदा करता है। मोदी ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा कि श्री नीतीश कुमार के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दरवाजे बंद हैं। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव उन पर (श्री कुमार पर) भरोसा नहीं करते और पार्टी के सांसदों-विधायकों का भविष्य अनिश्चित है





# इस्कॉन ने मेनका को 100 करोड़ का मानहानि नोटिस भेजा

## गायों को बूचड़खाने में बेचने का आरोप लगाया था; संस्थान ने कहा- भक्त दुखी

कोलकाता। इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन) ने शुक्रवार 29 सितंबर को भाजपा सांसद मेनका गांधी को 100 करोड़ रुपए का मानहानि नोटिस भेजा है। हाल ही में मेनका का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। इसमें वे कह रही हैं कि इस्कॉन अपनी गौशाला की गायों को कसाइयों को बेचता है। भारत में इस समय सबसे बड़ा धोखेबाज इस्कॉन है।

इस्कॉन के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने कहा, इस्कॉन के खिलाफ लगाए गए आरोप पूरी तरह से निराधार हैं। हमने आरोप लगाने को लेकर मेनका गांधी को नोटिस भेजा है। मेनका के आरोपों से इस्कॉन के भक्त, समर्थक और शुभचिंतक बहुत दुखी हैं। मेनका के आरोप दुर्भावनापूर्ण हैं।




### अनंतपुर में इस्कॉन की गोशाला में एक भी बूढ़ी गाय नहीं

पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका ने कहा था कि इस्कॉन ने गौशालाएं स्थापित कीं, जिन्हें चलाने के लिए उन्हें सरकार की तरफ से अनगिनत फायदे मिलते हैं। उन्हें बड़ी जमीनें मिलती हैं। इसके बावजूद जो गाय दूध नहीं देतीं, उन्हें वे कसाइयों के हवाले कर देते हैं। इनकी गौशालाओं में एक भी बछड़ा और एक भी सूखी (बूढ़ी) गाय नहीं है। मेनका ने ये बातें एक यूट्यूबर को दिए इंटरव्यू में कही थीं। मेनका ने ये भी कहा- मैं आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में इस्कॉन की एक गौशाला में गई थी। गौशाला में एक भी गाय ऐसी नहीं मिली, जो दूध ना देती हो, ना ही कोई बछड़ा मिला। इसका मतलब साफ है कि वो लोग (इस्कॉन) दूध ना देने वाली गायों और बछड़ों को बेच देते हैं।

### मेनका बोलीं- किसी ने भी कसाइयों को उतने मवेशी नहीं बेचे, जितने इस्कॉन ने बेचे

मेनका गांधी ने कहा कि इस्कॉन गायों को कसाइयों को बेच रहा है। कोई और ऐसा नहीं करता, जितना वे करते हैं। वे सड़कों पर हरे राम हरे कृष्ण गाते हैं। फिर कहते हैं कि उनका पूरा जीवन दूध पर निर्भर है। शायद, किसी ने भी कसाइयों को उतने मवेशी नहीं बेचे, जितने इस्कॉन ने बेचे। अगर ये लोग ऐसा कर सकते हैं तो और लोगों से क्या उम्मीद कर सकते हैं?

### इस्कॉन ने कहा- मेनका के आरोप झूठे

इस्कॉन ने मेनका गांधी के आरोपों का खंडन किया। इस्कॉन के प्रवक्ता युधिष्ठिर गोविंद दास ने कहा- मेनका गांधी आंध्र प्रदेश के अनंतपुर की गौशाला के बारे में कह रही हैं, वहां 250 से ज्यादा ऐसी गायें हैं, जो दूध नहीं देतीं। वहां सैकड़ों बछड़े भी हैं। उनके आरोप झूठे और निराधार हैं।

युधिष्ठिर ने ये भी कहा कि इस्कॉन ना केवल भारत, बल्कि दुनियाभर में गाय-बैल की रक्षा और देखभाल में सबसे आगे रहा है।

हमारे यहां गायों और बैलों की जीवनभर सेवा की जाती है, ना कि उन्हें कसाइयों को बेचा जाता है, जैसा कि आरोप लगाया गया है।

# सीआरपीएफ महानिदेशक ने कश्मीर का 'ऑपरेशनल' दौरा किया

**श्रीनगर।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक सुजॉय लाल थाओसेन ने परिचालन तैयारियों का आकलन करने और क्षेत्र में तैनात कर्मियों का मनोबल बढ़ाने के लिए कश्मीर का दौरा किया।

सीआरपीएफ के प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीआरपीएफ महानिदेशक का दक्षिणी कश्मीर में अनंतनाग जिले के एक वन क्षेत्र में आतंकवादी मुठभेड़ के लगभग दो सप्ताह बाद का यह दौरा है, जिसमें सेना के दो अधिकारी, एक पुलिस उपाधीक्षक और एक जवान शहीद हो गए। एक सप्ताह तक चले ऑपरेशन में अधिकारियों की हत्या के पीछे शामिल लश्कर-ए-तैयबा के एक शीर्ष कमांडर सहित दो आतंकवादी भी मारे गये थे।



उन्होंने बताया कि महानिदेशक ने श्रीनगर में रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर (आरटीसी) और दक्षिण कश्मीर में सीआरपीएफ बटालियन का दौरा किया। उनके साथ जम्मू-कश्मीर जोन सीआरपीएफ के अतिरिक्त महानिदेशक नलिन प्रभात, कश्मीर अभियान क्षेत्र के सीआरपीएफ के महानिरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार वर्मा और श्रीनगर क्षेत्रीय सीआरपीएफ के महानिरीक्षक अजय यादव उपस्थित थे। प्रवक्ता के मुताबिक उच्च पदस्थ अधिकारियों के साथ इस दौरे का उद्देश्य, परिचालन तत्परता का आकलन करना और क्षेत्र में तैनात सीआरपीएफ कर्मियों का मनोबल बढ़ाना है। महानिदेशक ने आरटीसी के प्रशिक्षुओं के साथ बातचीत की तथा प्रशिक्षण और परिचालन तैयारियों में उत्कृष्टता के लिए सीआरपीएफ की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इसके बाद वह त्राल पुलवामा में 180 बटालियन के लिए रवाना हुए, जहां सीआरपीएफ कर्मियों द्वारा उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया।

उन्होंने 'शहीद मुकेश लाल मीना बैरक' का भी उद्घाटन किया, जो कर्तव्य की पंक्ति में सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुर नायकों को एक प्रकार से श्रद्धांजलि है।

## शार्ट न्यूज

### कश्मीर में पंजाब के दो निवासी नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार




श्रीनगर। जम्मू कश्मीर पुलिस ने शुक्रवार को कुलगाम जिले में पंजाब के दो निवासियों को गिरफ्तार कर उनके पास से बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किए। पुलिस सूत्रों के मुताबिक काजीगुंड थाने की टीम ने गश्त के दौरान दो लोगों को सामान का थैला लेकर संदिग्ध हालत में घूमते देखा और उन्हें रोका। दोनों ने मौके से भागने की कोशिश की लेकिन उन्हें पकड़ लिया गया। उनके सामान की जांच के दौरान, उनके पास से 19 किलोग्राम पोस्ता भूसे जैसा प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किया गया। दोनों की पहचान पंजाब के शैरीवाला लुधियाना निवासी बलविंदर सिंह और वलीपोर खुराद लुधियाना, पंजाब के हरविंदर सिंह के रूप में हुई। पुलिस ने कहा कि काजीगुंड पुलिस स्टेशन में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

### हरियाणा में अब तक 95,000 टन धान खरीद

चंडीगढ़। हरियाणा की मंडियों में बाजरा और धान खरीद सुचारू रूप से जारी है तथा 28 सितम्बर तक लगभग 95 हजार टन धान की खरीद हो चुकी है। सरकारी एजेंसी हैफेड ने पांच लाख क्विंटल बाजरा की खरीद की है और किसानों को आरटीजीएस के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में भुगतान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने किसानों के हितार्थ हैफेड को बाजरा की खरीद करने और 72 घंटे के भीतर फसल खरीद का भुगतान सीधे किसानों के बैंक खातों में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि बाजरा खरीद एक अक्तूबर से शुरू होनी थी लेकिन मंडियों में इसकी जल्दी आवक होने के चलते हैफेड ने गत 23 सितम्बर से ही इसकी खरीद शुरू कर दी। हैफेड ने अब तक 16,000 से अधिक किसानों से पांच लाख क्विंटल बाजरा खरीदा है। गुरुग्राम मंडी में बाजरा खरीद काफी बेहतर है जहां अब तक 12,000 टन आवक हुई है जिसमें से हैफेड ने 8200 टन की खरीद की है।

### राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन का ज़िला प्रबंधक सात हजार रुपए रिश्वत लेता गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब विजीलेंस ब्यूरो द्वारा रिश्वतख़ोरी के विरुद्ध जारी मुहिम के दौरान शुक्रवार को राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन नगर निगम बठिंडा के जिला प्रबंधक सोनू गोयल को सात हजार रुपए रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। विजीलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि सोनू गोयल को गुरप्रीत कौर, परसराम नगर, बठिंडा द्वारा की गई शिकायत के आधार पर गिरफ़्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता गुरप्रीत कौर ने विजीलैंस ब्यूरो को बताया कि वह अपने पति की मौत के बाद नौकरी की खोज में गीतांजली, सीएमएम, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, बठिंडा को मिली जिसने सोनू गोयल, ज़िला मैनेजर को मिलने के लिए कहा। सोनू ने उसे अरबन लर्निंग इंटरनशिप्प प्रोग्राम स्कीम के अंतर्गत नगर निगम बठिंडा में ठेके पर 12,000 रुपए महीना समेकित तनख़्वाह पर लगवा दिया।

### सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने में कार्मिकों की भूमिका अह्म: गहलोत

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने में सरकारी कर्मचारियों की अहम भूमिका बताते हुए कहा है कि ये योजनाएं आज देशभर में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। गहलोत शुक्रवार को शासन सचिवालय के आधुनिकीकरण एवं उन्नयन के तहत नॉर्थ ब्लॉक के निर्माण कार्य का शिलान्यास तथा राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि संवेदनशील, पारदर्शी एवं जवाबदेह सुशासन सुनिश्चित करने तथा आखरी व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में कार्मिकों का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कार्मिकों से मिशन-2030 के तहत हर क्षेत्र में राजस्थान को अग्रणी बनाने के लक्ष्य को पूरा करने में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।मुख्य सचिव उषा शर्मा ने सुशासन सुनिश्चित करने में सचिवालय कर्मचारी एक महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए कहा कि राज्य सरकार की अहम योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में कर्मचारियों की विशिष्ट भूमिका है।

### मिश्र ने सीकर के मंगलूणा में किया स्वामी केशवानंद स्मारक का लोकार्पण

सीकर। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने शुक्रवार को सीकर के मंगलूणा गांव में शिक्षा संत स्वामी केशवानंद की प्रतिमा एवं स्मारक का अनावरण किया। मिश्र ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी एवं समाज सुधारक स्वामी केशवानंदजी ने पूरे समाज को शिक्षित एवं जागृत करने का कार्य किया। स्वामीजी का पूरा जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता के साथ-साथ महिला शिक्षा एवं ग्रामीण स्वरोजगार के लिए निरंतर प्रयास किया। उन्होंने कहा कि केशवानंदजी ने राजस्थान के मरुस्थलीय गांवों में घूम-घूम 287 शिक्षा शालाओं की स्थापना कर उनका संचालन भी किया। उन्होंने स्वामी केशवानंद जी के बताए आदर्श मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होनें कहा कि त्याग और तपस्या से ओतप्रोत स्वामी केशवानंद के व्यक्तित्व और कृतित्व से नई पीढ़ी को जोड़ने के लिए अधिकाधिक प्रयास होने चाहिए। समारोह में सीकर सांसद स्वामी सुमेधानन्द सरस्वती ने कहा कि शिक्षा संत स्वामी केशवानंदजी ने अपने पूरे जीवन काल में अंधविश्वास और पाखंड के खिलाफ आवाज बुलंद कर नारी शिक्षा एवं समाज उत्थान का कार्य निरंतर किया।

## समाजवादी नेता, केरल के पूर्व विधायक प्रेमनाथ का निधन

कोझिकोड। केरल के पूर्व विधायक एवं लोकतांत्रिक जनता दल (एलजेडी) के वरिष्ठ नेता एम. के. प्रेमनाथ का शुक्रवार को एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 73 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

प्रेमनाथ का पिछले एक सप्ताह से अस्पताल में उपचार किया जा रहा था। उनकी पत्नी टी सी प्रभा की मृत्यु पहले ही हो गयी थी। उनके परिवार में पुत्री प्रिया है।

प्रेमनाथ ने 2006 से 2011 तक केरल विधानसभा में वडकारा निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने वडकारा ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष और स्वतंत्र छात्र संगठन (एसआईओ) के पूर्व राज्य अध्यक्ष और युवा जनता दल के राज्य सचिव और राष्ट्रीय समिति के सदस्य के रूप में भी सेवा दी थी और जनता दल के कोझिकोड जिला अध्यक्ष का पद भी संभाला।

प्रेमनाथ कि पिता कुन्नबाथ नारायण कुरुप एक स्वतंत्रता सेनानी थे। उनका जन्म कोझिकोड जिले के चोम्बाला के पास हुआ था और उन्होंने जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व वाले समाजवादी आंदोलन से आकर्षित होने के बाद एक छात्र कार्यकर्ता के रूप में राजनीति में पदार्पण किया।

केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और विधानसभा अध्यक्ष ए. एन. शमसीर ने पूर्व विधायक के निधन पर शोक व्यक्त किया।

## सहकारी बैंकों में भर्ती गड़बड़ी मामले में 10 दिन में कार्यवाही करें

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने प्रदेश भर के जिला सहकारी बैंकों में चतुर्थ श्रेणी की भर्ती प्रक्रिया में अनियमिताओं के मामले में सरकार को जांच रिपोर्ट पर आवश्यक कार्यवाही करने के लिए दस दिन की मोहलत दी है।

हरिद्वार निवासी प्रियांशु त्यागी की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ ने आज ये निर्देश जारी किये। सचिव सहकारिता वीबीआर पुरषोत्तम और प्रकरण की जांच कर रहे नीरज बेलवाल अदालत में पेश हुए।

सरकार की ओर से सभी जिलों की जांच रिपोर्ट अदालत में पेश की गयी। सचिव ने अदालत को बताया कि जांच पूरी कर ली गयी है। रिपोर्ट शासन को



सौंप दी गयी है। उन्होंने अदालत से आवश्यक कार्यवाही के लिए एक महीने का समय मांगा लेकिन अदालत ने उनकी मांग को अस्वीकार कर दिया।

उन्होंने अदालत के सवाल के जवाब में कहा कि जांच पूरी कर ली गयी है। तीन सदस्यीय जांच कमेटी की ओर से जांच पूरी निष्पक्षता से की गयी है। केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की आवश्यकता नहीं है। अंत में अदालत ने सरकार को जांच रिपोर्ट पर आवश्यक कार्यवाही के लिए 10 दिन की मोहलत दे दी। इस मामले में अगली सुनवाई 11 अक्टूबर को करेगी। याचिकाकर्ता ने दायर जनहित में कहा कि 423 पदों के लिए वर्ष 2020 में शुरू भर्ती प्रक्रिया में बड़ी अनियमितताएं सामने आई हैं। याचिकाकर्ता की ओर से इस मामले की सीबीआई जांच की मांग की गयी है।

### बागेश्वर में खड़िया खनन पर रोक की अवधि बढ़ाई

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने बागेश्वर जिले के कपकोट में अवैध खड़िया खनन के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए शुक्रवार को रजिस्ट्रार ज्यूडिशियल को निर्देश दिए कि न्याय मित्र अधिवक्ता की ओर से सील बंद लिफाफे में पेश रिपोर्ट को सभी पक्षकारों को उपलब्ध करायें। साथ ही सभी प्रतिवादियों को निर्देश दिए कि 13 अक्टूबर तक जवाबी हलफनामा पेश करें। अदालत ने पूर्व में लगाई गई रोक को आगे भी जारी रखा है। अदालत 13 अक्टूबर को कोर्ट कमिश्नर की रिपोर्ट पर सुनवाई करेगी। बागेश्वर निवासी हीरा सिंह पपोला ने दायर जनहित याचिका में कहा है कि बागेश्वर जिले की तहसील कपकोट के रीमा घाटी, गुलमपरगढ़ व भयूं गाँव में खड़िया खनन के लिए पट्टा जारी किया गया है। जिसमें पट्टाधारकों की ओर से निर्धारित मात्रा से अधिक खनन किया जा रहा है। खनिज को बाहर ले जाने के लिए वन भूमि में अवैध रूप से सड़क भी बनायी गयी है। अवैध खनन से गांवों में दुष्प्रभाव पड़ रहा है।

## तेलंगाना चुनाव : मुख्य चुनाव आयुक्त, चुनाव आयुक्त तीन अक्टूबर को हैदराबाद दौरे पर

हैदराबाद। तेलंगाना की मुख्य सचिव शांति कुमारी ने शुक्रवार को कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और दो अन्य चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे तथा अरुण गोयल राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए अगले बुधवार (04 अक्टूबर) को हैदराबाद का दौरा करेंगे।

शांति कुमारी ने अधिकारियों से सभी विवरणों के साथ तैयार रहने को कहा क्योंकि चुनाव आयोग के सदस्य अपने तीन दिवसीय दौरे के दौरान प्रवर्तन एजेंसियों, जिला कलेक्टरों, पुलिस अधीक्षक (एसपी) और पुलिस आयुक्त (सीपी) और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को चुनाव कराने के प्रति राज्य सरकार की तत्परता प्रदर्शित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि राज्य में चुनाव आगामी



कुछ महीनों में होने वाले हैं, इसलिए चुनाव से संबंधित मुद्दों की पूरी जानकारी होनी चाहिए और अधिकारियों को एक समान तरीके से सभी विवरण प्रदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं का विवरण उपलब्ध कराया जाना चाहिए। दिव्यांग कल्याण विभाग के अधिकारियों को जिला कलेक्टरों के परामर्श से व्हील चेयर खरीदने और मतदान केंद्रों पर रखने के लिए कहा गया।

उन्होंने कहा कि एईआरओ और ईआरओ की रिक्तियां तुरंत भरी जाएं।

उन्होंने कहा कि एकीकृत सीमा जांच चौकियों का विवरण भी चुनाव आयोग के अधिकारियों को उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

मुख्य सचिव ने ईसीआई अधिकारियों के राज्य दौरे के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करने पर सहमति व्यक्त की।

बैठक में राज्य के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विकास राज, स्पेशल सीएस एनर्जी सुनील शर्मा, स्पेशल सीएस फाइनेंस रामकृष्ण राव, प्रमुख सचिव गृह जितेंद्र, प्रमुख सचिव राजस्व नवीन मित्तल, प्रमुख सचिव पीआर एवं आरडी संदीप कुमार सुल्तानिया, सचिव जीएडी शेषाद्रि, सचिव शिक्षा वी. करुणा उपस्थित थे।, विशेष सचिव महिला एवं बाल कल्याण भारती होलिकेरी, सीआईपीआर अशोक रेड्डी और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

### कटक में भीषण आग लगने से लाखों के कपड़े जलकर हुए खाक

कटक। ओडिशा में कटक के चौधरी बाजार में शुक्रवार की सुबह एक इमारत में भीषण आग लगने से कई लाख रुपये के कपड़ों सहित कीमती सामान जलकर नष्ट हो गये। अग्निशमन सूत्रों के मुताबिक आग सबसे पहले इमारत के भूतल पर देखी गई जहां एक कपड़े की दुकान थी और जल्द ही यह चार मंजिला इमारत की अन्य मंजिलों तक फैल गई और पूरा इलाका भारी धुएं से घिर गया था। आग बुझाने के लिए 50 से अधिक अग्निशमन कर्मियों के साथ कम से कम 10 दमकल गाड़ियों को लगाया गया, जिससे स्थिति पर काबू पाने में लगभग तीन घंटे लग गए। कपड़ा दुकान में दुर्गा पूजा के मद्देनजर ड्रेस सामग्री और साड़ियों की बड़ी खेप रखी थी, जो पूरी तरह जलकर राख हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी ने मौके पर पहुंचे।

## जालंधर में दो फैक्ट्रियों से भारी मात्रा में प्लास्टिक कैरी बैग जब्त

जालंधर। प्लास्टिक कैरी बैग के भंडारण और निर्माण के खिलाफ अपने विशेष अभियान में शुक्रवार को पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने दो कारखानों पर छापा मारा और बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित सामग्री जब्त की। कार्यकारी अभियंता संदीप कुमार ने कहा कि पीपीसीबी ने प्लास्टिक कैरी बैग के भंडारण और निर्माण के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया था और बोर्ड द्वारा 15 प्लास्टिक आधारित उद्योगों के परिसरों पर छापेमारी की गई। टीम द्वारा छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में अवैध प्लास्टिक कैरी बैग जब्त किये गये। कुमार के नेतृत्व में गौरव कश्यप और इंजीनियर मनविंदरजीत हुंदल की टीम ने वारियाना कॉम्प्लेक्स में स्थित मेसर्स किवी ओवरसीज का दौरा किया। टीम को परिसर में प्लास्टिक बैग का निर्माण होता मिला और वहां लगभग दो टन कैरी बैग जब्त किए गए। बाद में, टीम ने स्थानीय भगत सिंह कॉलोनी में मेसर्स मार्वल इंटरनेशनल नामक उद्योग का निरीक्षण किया, जहां प्लास्टिक कैरी बैग का निर्माण पाया गया और 473 किलोग्राम बैग जब्त किए गए। कुमार ने कहा कि निगरानी रखने और स्टॉक किए गए प्लास्टिक कैरी बैग की आवाजाही को रोकने के लिए टीमों का गठन किया गया था। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने एक अप्रैल, 2016 से राज्य में प्लास्टिक कैरी बैग के निर्माण, भंडारण, वितरण, रीसाइक्लिंग, बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने कहा कि आदेशों का उल्लंघन करने पर दोनों फैक्ट्रियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने अन्य उद्योगों को भी निर्देश दिए कि वे किसी भी प्रकार के कैरी बैग, भंडारण आदि का निर्माण न करें और यदि कोई उद्योग दिशानिर्देशों का उल्लंघन करता पाया गया तो भविष्य में उद्योग के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## कानून, व्यवस्था प्रबंधन के मामले में त्रिपुरा भारत में पांचवें स्थान पर : साहा

अगरतला। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ माणिक साहा ने कहा है कि राज्य ने कानून एवं व्यवस्था के प्रबंधन के मामले में देश में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। साहा ने असम-त्रिपुरा सीमा पर बागबासा में राज्य के 87वें पुलिस स्टेशन के उद्घाटन के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बहु-आयामी रणनीति अपनाई है, जिससे स्थिति में और सुधार हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस की ताकत बढ़ाने के अलावा, राज्य सरकार महिलाओं के खिलाफ अपराध, नशीली दवाओं और नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों को रोकने और लोगों के लिए सामान्य कानून व्यवस्था, सुरक्षा और संरक्षा में सुधार के लिए निर्बाध प्रयास सुनिश्चित करने के मिशन पर काम कर रही है। उन्होंने रेखांकित करते हुए कहा, त्रिपुरा में कानून और व्यवस्था की स्थिति अब बेहतर है, जो निवेशकों को आकर्षित करती है।

## ईडी के समन के बावजूद दिल्ली में विरोध प्रदर्शन में भाग लेंगे अभिषेक

कोलकाता। अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को चुनौती देते हुए शुक्रवार को कहा कि वह पार्टी के केन्द्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने के लिए 02 और 03 अक्टूबर को नयी दिल्ली में रहेंगे।

तृणमूल कांग्रेस ने नरेंद्र मोदी सरकार पर विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के लिए धन जारी नहीं करने का आरोप लगाते हुए राष्ट्रीय राजधानी में दो दिवसीय विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है, वहीं



ईडी ने कथित स्कूल नौकरी घोटाले के संबंध में श्री अभिषेक को 03 अक्टूबर को यहां तलब किया है। ईडी कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के बाद कथित घोटाले के धन शोधन मामले की जांच कर रहा है। बनर्जी ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, अगर आप रोक सकते हैं तो मुझे रोकें।

ईडी ने डायमंड हार्बर सांसद, जो कंपनी लीप्स एंड बाउंड्स प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) भी हैं, को 03 अक्टूबर को सुबह साढ़े दस बजे यहां सीजीओ कॉम्प्लेक्स, साल्ट लेक स्थित कार्यालय में दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने का आदेश दिया है।

बनर्जी ने कहा पश्चिम बंगाल को धन हस्तांतरित न करने और उसके उचित बकाये के खिलाफ लड़ाई बाधाओं के बावजूद जारी रहेगी। विश्व की कोई भी ताकत पश्चिम बंगाल के लोगों और उनके मौलिक अधिकारों के लिए लड़ने के मेरे समर्पण में बाधा नहीं बन सकती। मैं दो और तीन अक्टूबर को विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए दिल्ली में रहूंगा। उन्होंने कहा इस महीने की शुरुआत में, ईडी ने मुझे दिल्ली में इंडिया (ब्लॉक) की एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक के दिन बुलाया था %मैं कर्तव्यनिष्ठा से उपस्थित हुआ और दिए गए समन का पालन किया।

## अम्बाला एयरपोर्ट के निर्माण से बढ़ेगा कारोबार और रोजगार

अम्बाला। हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा है कि किसी शहर में हवाईअड्डे का निर्माण होना बहुत बड़ी उपलब्धि होती है। इससे इलाके का विकास होने के साथ कारोबार और रोजगार की सम्भावानाएं भी बढ़ती हैं। अम्बाला में सिविल एन्कलेव की 15 अक्टूबर को शिलान्यास तिथि तय होने के साथ ही यहां उद्योगपतियों, व्यापारियों और आम लोगों में उत्साह का माहौल है। विज ने कहा कि अम्बाला में रिंग रोड के साथ-साथ बड़े उद्योग लेंगे और कारोबारियों को लाभ मिलेगा। इस बीच विज का शुक्रवार को यहां अलग-अलग बाजारों में स्वागत किया



गया। स्थानीय लोग, व्यापारी वर्ग एवं दुकानदार पुराने टी-प्वाइंट पर जश्न मनाते हुए उनके स्वागत के लिये पहुंचे, जहां उनका हार्दिक धन्यवाद भी किया गया। आरसीएस उड़ान योजना के तहत सिविल एन्कलेव के शिलान्यास की तिथि 15 अक्टूबर तय होने पर बाजारों में लोगों और दुकानदारों ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर झूमते हुए जश्न मनाया और मिठाइयां बांटी।

उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि विकास का रास्ता आधारभूत ढांचा बढ़ाने से बनता है और सरकार इस ओर तेजी से काम कर रही है। सिविल एन्कलेव के शिलान्यास के लिये मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने हामी भर दी है। उन्होंने कहा कि अम्बाला में हवाईअड्डा लाने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ी। विमानों के उड़ान भरने और उतरने के लिए वायुसेना की हवाई पट्टी इस्तेमाल होनी थी। इसके वायुसेना स्टेशन के साथ लगती और जमीन चाहिए थी। काफी प्रयास के बाद 20 एकड़ जमीन के लिए हरियाणा सरकार ने 133 करोड़ रुपए जमा करा दिए हैं। अब जनरल लैंड रजिस्टर में हरियाणा सरकार के नाम जमीन का इंद्राज हो गया है।

## मनप्रीत सिंह की तलाश में हिमाचल पहुंची पंजाब की विजिलेंस टीम

**शिमला।** पंजाब में कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खैरा की गिरफ्तारी के एक दिन बाद अब विजिलेंस टीम भारतीय जनता पार्टी नेता और पंजाब के पूर्व वित्त मंत्री मनप्रीत सिंह बादल की तलाश में छह राज्यों में छापेमारी कर रही है। पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड और राजस्थान में छापेमारी के लिए टीम पहुंची हुई है। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के खलीनी में भी विजिलेंस टीम ने रेड डाली है। इसके बाद टीम चायल, कोटी और फागू की तरफ निकलेगी, जहां तलाश के साथ-साथ प्रॉपर्टी भी खंगालेगी। दरअसल, पंजाब के बठिंडा जिले में एक संपत्ति की खरीद में कथित अनियमतिताओं के मामले में एक अदालत ने मंगलवार को ही मनप्रीत सिंह बादल के खिलाफ गिरफ्तार वारंट जारी किया था। गौरतलब है कि अदालत का आदेश पंजाब विजिलेंस ब्यूरो द्वारा मनप्रीत सिंह बादल के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी करने के बाद आया है. विजीलेंश को शक है कि मनप्री बाद देश छोड़कर विदेश जा सकते हैं. वहीं मनप्रीत बादल की तरफ से अग्रिम जमानत के लिए दायर की गई याचिका पर सुनवाई होगी।

नई दिल्ली
शनिवार 30 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### केमिकल और गत्ता फैक्ट्रियों में भीषण आग

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के साउथ इंडस्ट्रियल एरिया में गुरुवार रात करीब तीन बजे केमिकल और गत्ता फैक्ट्रियों में भीषण आग लग गई। आग से गत्ते के बड़े-बड़े बंडल और कुछ मशीनें चपेट में आ गईं। जेसीबी से करीब 8 जगह से दीवारें तोड़कर फायर फाइटर्स अंदर घुसे और करीब 7 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया, रात करीब साढ़े तीन बजे साउथ इंडस्ट्रियल एरिया के प्लॉट नंबर-22-13 स्थित प्रेम इंडस्ट्रीज में आग लगने की सूचना मिली थी। तुरंत फायर टेंडर मौके पर पहुंचे तो पता चला कि ये एक केमिकल फैक्ट्री है, जहां से आग लगने की शुरुआत हुई। उन्होंने बताया, फायर फाइटर्स ने जब तक बचाव-राहत कार्य शुरू किया, तब तक ये आग इससे सटी गत्ता फैक्ट्री तक पहुंच चुकी थी। जो एक काफी बड़े कवर्ड एरिया में है। आग फैक्ट्री के हर कोने में पहुंच चुकी थी। फैक्ट्री के प्रत्येक एंट्री-एग्जिट गेट, खिड़कियों से सिर्फ आग की तेज लपटें उठ रही थीं। फायर फाइटर्स सिर्फ बाहर से ही पानी की बौछार करके आग पर काबू पाने के प्रयास में जुटे हुए थे, लेकिन आग अंदर गत्ते के बड़े-बड़े बंडलों में लगी हुई थी। सीएफओ ने बताया, गाजियाबाद, नोएडा, मेरठ और हापुड़ जिले से कुल 17 दमकल गाड़ियां मौके पर बुलाई गईं।

### कैडबरी फ्रेंचाइजी के नाम पर ठगे 14 लाख

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में कैडबरी के पर्पल रूम की फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर जालसाजों ने एक शख्स से 14 लाख रुपए ठग लिए। वो हर प्रोसेज के नाम पर कुछ न कुछ फीस मांगते रहे और ये शख्स अकाउंट में जमा करता रहा। जब जालसाजों की डिमांड पूरी नहीं हुई, तब शक होने पर पीड़ित ने उनके बारे में जानकारी जुटाई। जो जानकारी सामने आई, उसे सुनकर उसके होश उड़ गए। पता चला कि कैडबरी कंपनी से न होकर पूरी तरह फ्रॉड हैं। शुक्रवार को पीड़ित व्यक्ति ने थाना इंदिरापुरम में मुकदमा दर्ज कराया है। अभयखंड स्थित शिप्रा सन सिटी निवासी चेतन कुमार गोयल ने बताया, 15 अगस्त को मेरी महेश नामक शख्स से फोन पर बातचीत हुई। ये व्यक्ति साल-2016 तक कैडबरी चॉकलेट कंपनी में काम करता था। मैंने चॉकलेट बिजनेस के बारे में बात की। महेश ने मुझे कैडबरी के पर्पल रूम के बारे में बताया, जो कि बॉम्बे जिओ वर्ल्ड ड्राइव में है। अगले दिन मेरे पास शिवम नामक व्यक्ति की कॉल आई और महेश का रेफेंरस देकर पर्पल रूम के बारे में बातचीत शुरू की। इसके बाद शिवम ने मुझे एक ईमेल भेजी, जिसमें कंपनी का प्रॉस्पेक्टस और कुछ फॉर्म अटैच थे।

### मोदीनगर में कमरे में मिला युवक का शव

मोदीनगर। मोदीनगर की संजयपुरी कॉलोनी में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। शुक्रवार सुबह उसका शव उसी के कमरे में चारपाई पर पड़ा मिला। आशंका है युवक की मौत दो दिन पहले हुई थी। दुर्गंध आने पर पड़ोसियों को पता चला। पुलिस मानना है कि युवक ने जहरीला पदार्थ पीकर सुसाइड किया है। शव को पीएम के लिए भेजा गया है। मृतक की पहचान मुकेश शर्मा (50) निवासी संजयनगर गाजियाबाद के रूप में हुई है। इन दिनों वह यहां संजयपुरी कॉलोनी में किराए के कमरे में रह रहा था। रेलवे रोड के निकट एक जूतों की दुकान में काम करता था। पिछले दो दिन से वह दुकान पर नहीं गया था। कमरा भी अंदर से बंद था। सुबह मकान मालिक कमरे में पहुंचा। आवाज देने पर कमरा नहीं खुला। इतना ही नहीं कमरे से दुर्गंध आने की शिकायत पड़ोसियों ने मकान मालिक से की। दरवाजा तोड़कर देखा गया तो मुकेश का शव कमरे में चारपाई पर पड़ा था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। जांच के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। मौके से साफ-सफाई वाले केमिकल की खाली बोतल मिली है।

### डीयू के बीए एलएलबी, बीबीए एलएलबी में दाखिले के लिए पंजीकरण शुरू

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय में लंबे इंतजार के बाद पांच वर्षीय बीए, एलएलबी, बीबीए एलएलबी में दाखिले के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। हाल ही में दिल्ली हाई कोर्ट से कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट) स्कोर के आधार पर प्रवेश देने की अनुमति मिलने के बाद इन कोर्सेज के लिए आवेदन प्रक्रिया को शुरू किया गया है। इसमें दाखिले क्लैट स्कोर के आधार पर लिए जाएंगे। अभी डीयू ने आवेदन की अंतिम तिथि की घोषणा नहीं की है। इन कोर्सेज को शुरु करने के लिए मई में डीयू की अकादमिक परिषद ने मंजूरी प्रदान की थी। इन कोर्सेज को बार काउंसिल ऑफ इंडिया से भी मंजूरी मिल चुकी है। दिल्ली विश्वविद्यालय ने अपने दाखिला पोर्टल पर इन कोर्सेज के लिए प्रोस्पेक्टस भी जारी किया है। इन दोनों कोर्सेज के लिए 60-60 सीटें हैं। कोर्सेज में दिल्ली विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट https://law.uod.ac.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। कोर्सेज के लिए पात्रता मानदंड के तहत छात्र का बारहवीं में पास होना जरूरी है।

### लावारिस कुत्तों को लेकर विवाद, महिलाओं से अभद्रता

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट की पंचशील ग्रींस-2 सोसाइटी में बुधवार रात लावारिस कुत्तों को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। लावारिस कुत्तों ने ओपन एरिया में खेल रहे दो बच्चों को घेर कर भौंकना शुरू कर दिया। लोगों ने कुत्तों को भगाया तो कुछ पशु प्रेमियों ने विरोध शुरू कर दिया। आरोप है कि दोनों बच्चों की मां समेत अन्य महिलाओं से अभद्रता कर दिया। आरोपी ने खुद के सेना का अधिकारी होने की धौंस दिखाकर बच्चों को घर में रखने और कुत्तों को कुछ नहीं कहने की धमकी दी। बुधवार रात महिलाओं ने बिसरख कोतवाली जाकर आरोपियों के खिलाफ शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी में हिरासत में लेने के बाद छोड़ दिया। बृहस्पतिवार को निवासी फिर कोतवाली पहुंचे और आरोपी पर कार्रवाई करने की मांग की। बुधवार रात सोसाइटी के ए-6 टावर निवासी आलोक का बेटा (5) और पड़ोसी रवि का चार वर्षिय बेटा क्लब के पास खेल रहे थे। आलोक के मुताबिक तीन से चार लावारिस कुत्तों ने दोनों बच्चों पर हमला करने का प्रयास किया। कुत्ते बच्चों पर भौंक रहे थे।

# प्रदूषण से निपटने के लिए केजरीवाल ने जारी किया विंटर एक्शन प्लान

नई दिल्ली। दिल्ली शहर में प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंद्रह पॉइंट्स की एक लिस्ट बनाई जिन पर शहर में आने वाले सर्दियों के मौसम में ध्यान दिया जाएगा. साथ ही दावा किया कि राष्ट्रीय राजधानी में सरकार की पहल के कारण प्रदूषण का स्तर कम हुआ है।

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में केजरीवाल ने कहा, हमने तेरह हॉटस्पॉट की पहचान की है जहां प्रदूषण अधिक है और प्रत्येक हॉटस्पॉट के लिए एक कार्य योजना बनाई गई है और एक वॉर रूम भी बनाया गया है. 13 विशेष टीमों का भी गठन किया गया है. पिछले साल हमने 4400 एकड़ में पराली जलाने पर नियंत्रण के लिए बायो-डीकंपोजर का



इस्तेमाल किया था, इस साल 5 हजार एकड़ में इसका इस्तेमाल किया जाएगा. इस वर्ष 5000 हेक्टेयर कृषि भूमि पर इसका छिड़काव किया जाएगा। दिल्ली सीएम ने आगे कहा कि, वाहन प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए 385 टीमें पुराने वाहनों पर नजर रखेंगी जबकि 530 पानी छिड़कने वाले वाहन लगाए गए हैं. और 258 एंटी-

## नई योजना के साथ वॉर रूम होगा तैयार

स्मॉग गन सर्दियों के दौरान सड़कों पर काम करेंगी।

उन्होंने आगे कहा कि, 611 टीमें खुले क्षेत्र में कूड़ा जलाने पर नजर रखेंगी. ग्रीन वॉर रूम बनाया गया है जिससे 24 घंटे निगरानी रखी जाएगी. ग्रीन दिल्ली ऐप पर मिलने वाली शिकायतों की निगरानी की जा रही है. इस मामले में लगभग 70,000 शिकायतें दर्ज की गई हैं, जिनमें से 90 प्रतिशत शिकायतों का निपटारा कर दिया गया है।

केजरीवाल ने कहा, शहर में पटाखों पर प्रतिबंध रहेगा. हरित आवरण बढ़ाने के लिए कुल एक करोड़ नए पौधे लगाए जाएंगे, जिनमें से 52 लाख पौधे दिल्ली सरकार लगाएगी। उन्होंने कहा, होलंबी कलां क्षेत्र में एक ई-कचरा पार्क बनाया गया है. आसपास के राज्यों से आने वाले लोगों से हमारी अपील है कि प्रदूषण रोकने के लिए कदम उठाएं. दिल्ली के आसपास के इलाकों में उद्योगों को पीएनजी पर स्थानांतरित किया जाना चाहिए. प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए ईंट भट्ठों में ज़िग-ज़ैग तकनीक सिखाई जानी चाहिए। केजरीवाल ने यह भी कहा कि शहर में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान को सख्ती से लागू किया जाएगा।

# नगर निगम के स्कूल में शिक्षक नदारद, गंदगी का लगा अंबार

## शिक्षा मंत्री आतिशी ने लगाई फटकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के निजामुद्दीन स्थित नगर निगम स्कूल (एमसीडी) में गंदगी का अंबार मिलने, शिक्षकों के नदारद रहने पर शिक्षा मंत्री आतिशी ने स्कूल प्रमुख को फटकार लगाई है। शिक्षा मंत्री ने स्कूल प्रमुख को साफ-सफाई करवाने के लिए एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया है और नहीं होने पर निलंबन की चेतावनी दी है। शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया है इसके लिए स्कूल इंस्पेक्टर भी जिम्मेदार है, इसलिए उन्हें भी कारण बताओ नोटिस जारी कर एक्शन लिया जाए। शिक्षा मंत्री एमसीडी स्कूल की बदहाल स्थिति को सुधारने करने के लिए लगातार स्कूलों का निरीक्षण कर रही हैं। इसी कड़ी में बृहस्पतिवार को उन्होंने निजामुद्दीन स्थित एमसीडी स्कूल का औचक निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान उन्हें स्कूल में हर जगह गंदगी का अंबार मिला, दीवारें और फर्श धूल से अटे थे, मकड़ी के जाले लगे थे, बच्चों के पीने के पानी की व्यवस्था नहीं थी। वहीं कक्षाओं में शिक्षक भी नहीं मिले। ऐसे में आतिशी ने स्कूल प्रमुख को फटकार लगाते हुए कहा कि स्कूल में साफ-सफाई से जुड़ी सभी समस्याओं को सप्ताह भर में ठीक किया जाए। उन्होंने स्कूल प्रमुख को चेतावनी दी है कि साफ-सफाई नहीं होने पर वह निलंबन के लिए तैयार रहें।

# नोएडा प्राधिकरण के दो ओएसडी व एसीईओ का ट्रांसफर

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण में एक बार फिर ट्रांसफर हुए है। ओएसडी अविनाश त्रिपाठी के बाद शुक्रवार दोपहर बाद अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रभाष कुमार का तबादला विशेष सचिव खाद्य के पद पर किया गया है।

साथ में नियंत्रक बाट माप का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। वहीं नोएडा प्राधिकरण की ओएसडी आईएएस वंदना त्रिपाठी को नोएडा का अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी बना दिया गया है।

इससे पहले शुक्रवार की सुबह ओएसडी अविनाश त्रिपाठी का तबादला कर उनको बागपत का एसडीएम बनाया गया है। नोएडा प्राधिकरण में अविनाश त्रिपाठी कार्मिक, भू-लेख विभाग ,आवास, प्लाट, जल जैसे महत्वपूर्ण विभाग देख चुके है। इससे पहले भी कार्यरत ओएसडी का प्राधिकरण से तबादला आ चुका है। अब यहां ओएसडी स्तर पर दो अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह जो भू लेख और अशोक शर्मा है।

वह कॉमर्शियल विभाग देख रहे है। प्राधिकरण आला अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही यहां तीन नए ओएसडी आएंगे। जिनकी डिमांड शासन को भेज दी गई है। इसके अलावा अन्य रिक्त पदों पर भी स्टॉफ की नियुक्ति की जाएगी। अविनाश त्रिपाठी की अगुआई में किसान कोटा स्कीम के ड्रा, वाटर मीटर और जल एप के अलावा भू लेख के अलावा तमाम कार्य प्राधिकरण में किए गए। इसके अलावा विभिन्न प्रकार की जांच में भी अहम जिम्मेदारी संभाली गई। हालांकि उन्हें अभी प्राधिकरण से रिलीव नहीं किया गया है। इसकी वजह लखनऊ में आयोजित एक बैठक है।

### डेंगू के चार नए मरीज, 167 पहुंचा आंकड़ा

गुरुग्राम। बृहस्पतिवार को जिले में डेंगू के चार नए केस सामने आए हैं। इसके साथ ही अब मरीजों की संख्या बढ़कर 167 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, चार से दो मरीज सरकारी अस्पताल में भर्ती हैं। बृहस्पतिवार को विभाग ने डेंगू के 112 संदिग्ध मरीजों के सैंपल एकत्र किए। अब तक 5868 डेंगू के संदिग्ध मरीजों के सैंपल लिए जा चुके हैं। डेंगू के ज्यादातर मरीज गुरुग्राम प्राइमरी हेल्थ सेंटर और वजीराबाद पीएचसी से पाए गए हैं। अभी डेंगू ग्रस्त 28 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं। बृहस्पतिवार को डेंगू को लेकर मलेरिया विभाग ने 342 घरों में नोटिस जारी किया। अब तक 13196 लोगों को पानी जमा रखने और डेंगू को बढ़ावा देने को लेकर नोटिस जारी किया जा चुका है। इस सीजन में स्वास्थ्य विभाग ने अब तक 13196 घरों और प्रतिष्ठानों आदि में डेंगू के लार्वा की जांच की है। इनमें से 400 जगहों पर लार्वा पाए गए हैं।

# हाईकोर्ट ने अवमानना याचिका पर सीबीआई अधिकारियों को नोटिस जारी किया

**नयी दिल्ली/हल्द्वानी।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अधिकारी संजीव चतुर्वेदी द्वारा दायर अवमानना याचिका पर शुक्रवार को केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के वरिष्ठ अधिकारी विनीत विनायक और गगनदीप गंभीर को नोटिस जारी किया।

चतुर्वेदी ने पहले अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) दिल्ली में मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) के रूप में काम किया था और अस्पताल में भ्रष्टाचार के एक मामले की जांच की।

चतुर्वेदी ने इस सिलसिले में सितंबर 2017 में सीबीआई को सूचना का अधिकार (आरटीआई) आवेदन दायर कर सीबीआई द्वारा की गई जांच से संबंधित दस्तावेज मांगे। तत्कालीन सीबीआई पुलिस अधीक्षक गगनदीप





गंभीर ने इस आधार पर आवेदन खारिज कर दिया कि संघीय जांच एजेंसी आरटीआई अधिनियम की धारा 24 (1) के तहत छूट प्राप्त संगठनों की सूची में आती है। श्री चतुर्वेदी ने नवंबर 2017 में विनीत विनायक के समक्ष आदेश के खिलाफ अपील दायर की थी, जो उस समय सीबीआई के संयुक्त निदेशक थे। आदेश के विरुद्ध अपील भी इसी आधार पर खारिज कर दी गई। चतुर्वेदी ने जनवरी 2018 में इन दोनों अधिकारियों द्वारा पारित आदेशों के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय में अवमानना याचिका दायर की। उन्होंने याचिका में बताया कि सूचना देने से इनकार करने से सितंबर 2017 के साथ-साथ अगस्त 2017 में दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों और निर्देशों का उल्लंघन हुआ। अदालत ने स्पष्ट रूप से आदेश पारित किया था कि आरटीआई अधिनियम की धारा 24 के तहत आने वाले संगठनों को ऐसा करना होगा। भ्रष्टाचार और मानवाधिकार उल्लंघन से संबंधित जानकारी प्रदान करें।

उन्होंने न्यायालय के समक्ष अपनी याचिका के माध्यम से कहा कि उनके द्वारा सीबीआई से मांगी गई जानकारी भ्रष्टाचार के आरोपों से संबंधित थी और इसलिए सीबीआई उन्हें यह जानकारी देने के लिए बाध्य थी। इसलिए यह अदालत के आदेश की अवमानना है।

# मशहूर हास्य अभिनेता स्वर्गीय महमूद को उनकी 91वीं जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए

## बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे महमूद : दयानंद वत्स

**नई दिल्ली।** नेशनल मीडिया नेटवर्क एवं अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री दयानंद वत्स ने आज संघ के मुख्यालय रोहिणी सैक्टर-36, बरवाला में मशहूर हास्य अभिनेता स्वर्गीय महमूद की 91वीं जयंती पर उन्हें उनके करोड़ों प्रशंसकों की और से अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में वत्स ने कहा कि महमूद ने लगभग पांच दशक पर हिंदी सिनेमा के रुपहले.पर्दे पर एकछत्र राज किया। उन्हें हीरो से ज्यादा फीस मिलती थी। बडे बडे एक्टर उनसे खौफ खाते थे।

महमूद हास्य अभिनेता के साथ-साथ कथाकार, सिंगर, निर्माता और निर्देशक भी थे। आज के महानायक अमिताभ बच्चन जब मुफलिसी के दौर से गुजर रहे थे तब वे दो साल तक महमूद के घर रहे थे। महमूद ने उन्हें सहारा दिया। महमूद ने ही अमिताभ बच्चन को उनके केरियर का पहला कमर्शियल ब्रेक बतौर हीरो अपनी फिल्म बॉंबे टू गोवा में दिया। यह



फिल्म सफल रही थी। इसके बाद तो अमिताभ ने कभी पीछे मुडकर नहीं देखा। यह बात और है कि जब महमूद बीमार थे और उसी अस्पताल में अमिताभ बच्चन के पिता हरिवंश राय बच्चन भी एडमिट थे, अमिताभ बच्चन एक बार भी उनका हालचाल लेने नहीं आए। महमूद इससे आजीवन आहत रहे। महमूद ने ही संगीतकार आर.डी बर्मन को अपनी फिल्म छोटे नवाब में पहला मौका दिया। संगीतकार राजेश रोशन को भी महमूद ने ही अपनी फिल्म कुवांरा बाप में पहला मौका दिया था।

महमूद ने लगभग तीन सौ से ज्यादा हिंदी फिल्मों में काम किया था। पडोसन फिल्म का निर्माण भी महमूद ने किया था। महमूद को 25 बार फिल्मफेयर अवार्ड के लिए नामित किया गया। फिल्म वरदान, दिल तेरा दीवाना, प्यार किए जा, वारिस और पारस के लिए पांच फिल्मफेयर अवार्ड मिले। गुमनाम, साधू और शैतान, आरजू उनकी यादगार फिल्में हैं। शोभा खोटे और अरुणा ईरानी के साथ उनकी फिल्मी जोडी जमी। अभिनेता और निर्माता निर्देशक आई एस जौहर के साथ महमूद की जौहर महमूद इन गोवा, जौहर महमूद इन हांगकांग फिल्में सफल रहीं। महमूद ने अपनी फिल्मों में नये कलाकारों को मौका दिया दिया जिनमें एक आज महानायक अमिताभ बच्चन भी हैं।

महमूद ने अपने पांच दशक के केरियर में अपने समय के लगभग सभी अभिनेताओं, अभिनेत्रियों, निर्माताओं और निर्देशकों के साथ काम किया। महमूद हरफनमौला और बहुमुखी प्रतिभा के धनी अभिनेता थे। हिंदी सिनेमा में उनका नाम स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है।

### दिल्ली-मेरठ मार्ग पर चलती सीएनजी कार में लगी आग

मोदीनगर। मोदीनगर के दिल्ली-मेरठ मार्ग पर गांव अबूपुर गेट से आगे शुक्रवार दोपहर में शार्ट सर्किट के चलते सीएनजी कार में अचानक आग लग गई। आग लगने से दिल्ली-मेरठ मार्ग पर अफरातफरी मच गई। देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई। चालक ने छलांग लगाकर अपनी जान बचाई। वहीं सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। एक कार शुक्रवार को सुबह गाजियाबाद से मोदीनगर की ओर जा रही थी। जब वह दिल्ली-मेरठ मार्ग पर गांव अबूपुर गेट से आगे पहुंचे, तो सबसे पहले कार के पिछले हिस्से में आग लगनी शुरू हुई। पहले धुआं उठा और आग लग गई। एक राहगीर ने कार चालक को आग लगने की बात बताई। इसके बाद चालक ने सुझ बुझ का परिचय देते हुए कार को सड़क किनारे साइड में लगाकर खुद छलांग लगा दिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। कार से ऊंची-ऊंची लफ्टे निकलनी शुरू हो गई। दिल्ली-मेरठ मार्ग पर चलती कार में लगी आग से अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

# अपनी ही कम्पनी में चोरी करने वाले 4 कर्मचारी गिरफ्तार

## तलाशी के दौरान ट्रक से चोरी का सामान हुआ बरामद

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की दादरी थाना पुलिस ने एक कंपनी में चोरी की घटनाओं का अंजाम देने वाले इस कंपनी के चार कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है।

यह लोग ड्राइवर के साथ मिलकर कंपनी से चोरी छुपे माल ट्रक में भरकर बाहर भेज दिया करते थे और फिर उसको अन्य जगहों पर भेज दिया करते थे। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

दरअसल, मीटेक इलेक्ट्रोनिक्स प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी के सीईओ द्वारा थाना दादरी पुलिस को सूचना दी कि उनकी कम्पनी के वेयर हाउस फोरमी कम्पनी परिसर, डीएमआईसी टाउनशीप, ग्रेटर नोएडा में कुछ कर्मचारियों द्वारा चोरी की जा रही है, जिस पर थाना दादरी पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर शिकायतकर्ता व कम्पनी मैनेजर के साथ कम्पनी का माल ले जाने वाले गाडी का ड्राईवर जितेन्द्र महतो तथा गाड़ी मे माल लोड करने वाले तीन व्यक्ति अंकित ,यतिश भाटी , .सहदेव भाटी से पूछताछ करते हुए गाड़ी को सभी के सामने खोल कर चैक किया गया तो गाडी मे लोडिंग सामान के अलावा 4 सील बन्द होम थियेटर बरामद हुए।

इसको लेकर इन लोगों द्वारा बताया गया कि हम चारों ने योजना बनाकर ये चार होम थियेटर चोरी कर गाड़ी के अन्दर छिपा दिये थे, जिसको कम्पनी से बाहर निकालकर गाड़ी से निकाल लेने कि योजना बनाई थी। लेकिन किसी को इसकी भनक लग गई और उन लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दे दी।

दादरी पुलिस प्रभारी ने बताया कि चार चोरों को गिरफ्तार किया गया है। यह लोग कम्पनी के सामान को चोरी करके मार्केट में बेचकर पैसा कमाते थे और बिक्री से जो पैसा आता था उसे आपस में बराबर-बराबर बांट लिया करते थे।

फिलहाल चारो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# केजरीवाल सरकार का विंटर एक्शन प्लान एक दिखावा है, छलावा है : वीरेन्द्र सचदेवा

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सरकार के द्वारा आज प्रस्तुत विंटर एक्शन प्लान एक दिखावा है एक छलावा है। पत्रकार वार्ता में प्रदूषण को लेकर दिल्ली सरकार की असंवेदनशीलता पर एक शार्ट फिल्म दिखाई गई। पत्रकार वार्ता का संचालन मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने किया और प्रदूषण कार्य विशेषज्ञ डॉ. अनिल गुप्ता एवं प्रदेश प्रवक्ता सरदार ज्योतजीत सबरवाल उपस्थित रहे।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा आज प्रस्तुत विंटर एक्शन प्लान गत वर्ष प्रस्तुत प्लान का कापी पेस्ट है।

गत नौ वर्षों से दिल्ली वालों ने देखा है कि केजरीवाल सरकार का एक भी विंटर एक्शन प्लान सफल नही हुआ है क्योंकि केजरीवाल सरकार ने प्रदूषण के कारणों एवं उनके समाधान पर ना कोई ठोस स्टेडी करवाई है ना ही कोई



कार्य योजना लागू की है। मुख्यमंत्री ने कभी आड ईवन योजना ला कर, कभी लाल बत्ती पर इंजन आफ तो कभी पराली घोल योजनाओं के प्रचार इवेंट तो बहुत किये पर नतीज़ा ढाक के तीन ही रहा है क्योंकि सरकार ने सड़कों की धूल उड़ने जैसे वायु प्रदूषण के सबसे बड़े कारण पर कोई काम नही किया है।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली की जनता मुख्यमंत्री केजरीवाल से जानना चाहती है की आज फिर आप कह रहे हैं हमने हाट स्पाट चिंहित किये है, यह सभी स्पाट गत वर्ष भी चिंहित थे तो मुख्य मंत्री बतायें इन पर प्रदूषण ए.क्यू.आई. लेवल कम करने के लियें सरकार ने उपाय क्या किया।

सरकार दिल्ली के छोटे से कृषि क्षेत्र में पराली घोल छिड़कने की बात कर रही है वह बतायें कि उसने पंजाब मे जलने वाली पराली जो दिवाली के आसपास दिल्ली के प्रदूषण स्तर को खराब करने का सबसे बड़ा कारण बनती है उस पर क्या काम किया।

केजरीवाल बतायें वह पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ लगभग रोज राजनीतिक मीटिंग करते हैं पर उन्होने आखिरी बार पराली को लेकर पंजाब के मुख्यमंत्री के साथ कब बैठक की।

दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल सरकार हर साल टीमें बनाती है स्प्रिंकलर लगाने के समोग गन लगाने के दावे करती पर क्या उसके पास कोई रिपोर्ट इन सबसे होने वाले लाभ पर है।

### डीजे की तेज आवाज से गिरा लिंटर, दंपति घायल

मोदीनगर। मोदीनगर की चुन्ना भट्टी कॉलोनी में दोपहर को गारमेंटस की दुकान का लिंटर गिर गया। मलबे की चपेट में आने से दुकान स्वामी व उनकी पत्नी आ गई। दंपति को गंभीर हालात में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नगर की भूपेन्द्रपुरी कालोनी निवासी महेश कुमार परिवार सहित रहते हैं। वह अपने घर से थोड़ी दूरी पर चुन्नाभट्टी कॉलोनी में गारमेंटस की दुकान करते हैं। महेश कुमार अपनी पत्नी सोनिया के साथ दुकान पर मौजूद थे। दोपहर बारह बजे के आसपास महेश कुमार काम कर रहे थे, जबकि उनकी पत्नी आराम कर रही थीं। उनके अनुसार इसी बीच कॉलोनी से एक धार्मिक यात्रा निकली। धार्मिक यात्रा में तेज आवाज में डीजे बज रहे थे। इसी बीच पहले दुकान का लिंटर का कुछ हिस्सा गिरा। कुछ समझ पाते, इससे पहले ही दुकान की छत भर भराकर गिर गई। लिंटर के मलबे में दंपति दब गए। चीख पुकार सुन मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने दंपति को मलबे से निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया।

# केजरीवाल की हालत 'नौ सौ चूहे खाके बिल्ली हज को चली' जैसी

## जांच पूरी होने से पहले ही अपने आपको दे रहे हैं क्लीन चिट

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने सीएम अरविंद केजरीवाल के शीशमहल के निर्माण की सीबीआई जांच के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा है कि सीबीआई जांच पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की टिप्पणी 'नौ सौ चूहे खाके बिल्ली हल को चली' जैसी है। वह अपने आपको हमेशा कट्टर ईमानदार बताते हैं लेकिन साबित हो चुका है कि वह और उनकी सरकार कट्टर बेइमान है।

बिधूड़ी ने पूछा है कि मुख्यमंत्री केजरीवाल यह दावा कैसे कर सकते हैं कि उनके खिलाफ अब तक जितनी भी जांच हुई हैं, उनमें कुछ नहीं निकला? उन्होंने कहा कि उन जांचों का ही यह नतीजा है कि केजरीवाल के दो सबसे निकट सहयोगी मंत्री जेल में हैं। उनपर इतने गंभीर आरोप हैं कि कोई अदालत उनकी जमानत ही नहीं ले रही। सत्येंद्र जैन तो पिछले साल मई से जेल में हैं और अब सिर्फ स्वास्थ्य के नाम पर उनकी अंतरिम जमानत हो



सकी है जबकि मनीष सिसोदिया फरवरी से जेल में हैं और हर अदालत ने उनकी जमानत अर्जी खारिज कर दी है।

बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल अपने आपको क्लीन चिट कैसे दे सकते हैं जबकि उनकी सरकार के काले कारनामों की जांच कई एजेंसियां कर रही हैं। शराब घोटाला, डीटीसी घोटाला, जल बोर्ड घोटाला, विज्ञापन घोटाला, क्लास रूम घोटाला, पीडब्ल्यूडी घोटाला, पेनिक बटन घोटाला, बिजली घोटाला, अस्पताल

**शराब घोटाला, डीटीसी घोटाला, जल बोर्ड घोटाला, विज्ञापन घोटाला, क्लास रूम घोटाला, पीडब्ल्यूडी घोटाला, पेनिक बटन घोटाला, बिजली घोटाला, अस्पताल घोटाला और जासूसी घोटाले जैसे घोटालों की जांच रिपोर्ट आनी है**

घोटाला और जासूसी घोटाले जैसे घोटालों की जांच रिपोर्ट आनी है। केजरीवाल ने जिस तरह अपने आपको क्लीन चिट दी है, वह हर मामले में इसी तरह क्लीन चिट बांटते रहे हैं। उन्होंने अपने सत्येंद्र जैने और मनीष सिसोदिया को तो क्लीन चिट दी ही थी, एक और मंत्री को क्लीन चिट दे दी थी लेकिन बाद में उसकी डिग्री फर्जी पाई गई थी।

उन्होंने राशन कार्ड बनाने के नाम पर रेप करने वाले अपने एक मंत्री को भी पहले निर्दोष माना था। पूर्व निगम पार्षद ताहिर हुसैन को भी केजरीवाल और उनकी सारी पार्टी निर्दोष बताती रही है। एक और मंत्री को उन्हें इसलिए हटाना पड़ा क्योंकि वह रिश्वत मांग रहा था जबकि उसे भी वह सबसे ईमानदार बताते रहे थे।

बिधूड़ी ने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल ने अपने घर के निर्माण के लिए सारे नियमों को ताक पर रख दिया। न कोई टेंडर किया गया और न ही कहीं से मंजूरी ली गई। मास्टर प्लान और बिल्डिंग बायलॉज का भी उल्लंघन किया गया। यह घोटाला सिर्फ 48 करोड़ का नहीं बल्कि 179 करोड़ रुपए का है।

जांच से ही इसकी सारी सच्चाई सामने आ सकेगी। केजरीवाल ने जिस तरह नियमों-कायदों का उल्लंघन किया है तो उक्त तमाम घोटालों के साथ-साथ इस मामले में भी उन्हें जेल जाना पड़ सकता है। इसलिए अपने आपको क्लीन चिट देने की बजाय उन्हें जांच पूरी होने तक इंतजार करना चाहिए।

# संपादकीय

## मणिपुर में सरकार बल प्रयोग पर ज्यादा भरोसा कर रही

मणिपुर की समस्या के समाधान के लिए जब तक राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं दिखाई देगी, तब तक स्थिति में किसी प्रकार के सुधार की गुंजाइश शायद ही बन पाए।

मणिपुर में सशस्त्रबल विशेषाधिकार कानून यानी अफस्पा को अगले छह महीने के लिए बढ़ाए जाने के फैसले से एक बार फिर स्पष्ट हुआ है कि सरकार वहां व्याप्त हिंसा का राजनीतिक हल निकालने के बजाय बल प्रयोग पर ज्यादा भरोसा कर रही है। मणिपुर के मैतेई बहुल उन्नीस जिलों को छोड़ कर सभी पहाड़ी इलाकों में अफस्पा का अवधि विस्तार कर दिया गया है।

इसके पीछे तर्क है कि वहां सक्रिय आतंकी समूहों के विरोध प्रदर्शनों आदि में घुस कर अशांति फैलाने का खतरा बढ़ गया है। पिछले दिनों सशस्त्र बलों ने यह भी कहा था कि वहां के आतंकी समूह सशस्त्रबलों की वर्दी और वाहनों जैसे वाहन तैयार कर रहे हैं। कई हिंसक मामलों में चरमपंथियों के शामिल होने के पुख्ता सबूत भी हाथ लग चुके हैं। ऐसे में एहतियात के तौर पर अफस्पा को विस्तार दिया गया है।

इस तरह सेना किसी को भी शक के आधार पर गिरफ्तार कर सकती है, किसी भी घर की तलाशी ले सकती और चेतावनी देकर गोली मार सकती है। माना जा रहा है कि इस सख्ती का दहशतगर्दों पर असर होगा और हिंसा की घटनाओं में कमी आएगी। मगर वहां के नागरिक समाज पर इसका कैसा प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, शायद इसका आकलन नहीं किया गया है।

कुछ महीने पहले तक केंद्र सरकार पूर्वोत्तर राज्यों में लागू अफस्पा को चरणबद्ध तरीके से हटाने के पक्ष में थी। कुछ मौकों पर इसका श्रेय भी लेने का प्रयास किया गया। मगर अब जब मणिपुर में इसकी अवधि बढ़ाने का फैसला किया गया है, तो स्वाभाविक रूप से केंद्र और राज्य सरकार के इरादे पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं। दरअसल, इस कानून के लागू रहने से नागरिक समाज को हमेशा एक भय में जीवन गुजारना पड़ता है।

कश्मीर में अफस्पा की वजह से मानवाधिकार उल्लंघन के अनेक गंभीर आरोप सामने आए थे। मणिपुर में भी सशस्त्रबलों की कार्रवाइयों को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। इसलिए जहां भी अफस्पा लागू है, वहां के नागरिक इसे हटाने की मांग करते रहे हैं। इसे हटाने को लेकर इरोम चानू शर्मिला लंबे समय तक धरने पर बैठी रहीं।

वहां की महिलाओं ने निर्वस्त्र होकर प्रदर्शन किया था। इसलिए जब केंद्र में भाजपा की अगुआई वाली राजग की सरकार आई तो उसने चरणबद्ध तरीके से अफस्पा हटाने की घोषणा की। पूर्वोत्तर के कई हिस्सों से इसे हटाया भी गया। मगर मणिपुर के मामले में वर्तमान स्थितियों के मद्देनजर कदम वापस खींचने पड़े हैं।

मणिपुर का मामला राजनीतिक है। अगर वहां की सरकार ने गंभीरता दिखाई होती और केंद्र ने उसे अपेक्षित सहयोग दिया और लगातार उस पर दबाव बनाए रखा होता तो इसका समाधान पहले ही हो गया होता। मगर इस घटनाक्रम में राज्य सरकार का पक्षपातपूर्ण रवैया दिखता रहा। केंद्र ने भी अपेक्षित कदम नहीं उठाए। इसका नतीजा यह हुआ कि मैतेई और कुकी समुदाय एक-दूसरे के खून के प्यासे बने हुए हैं।

सर्वोच्च न्यायालय को इस मामले में स्वतः संज्ञान लेकर निगरानी समिति गठित करनी पड़ी। उसके बावजूद वहां रह-रह कर हिंसा भड़क उठती है। करीब पांच महीने होने आ रहे हैं, मगर पुलिस और सशस्त्रबलों की कड़ाई काम नहीं आ पा रही है। ऐसे में अफस्पा की अवधि बढ़ा देने से इसका हल निकाला जा सकेगा, दावा नहीं किया जा सकता। जब तक इस समस्या के समाधान के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं दिखाई देगी, तब तक स्थिति में किसी प्रकार के सुधार की गुंजाइश शायद ही बन पाए।

## महिलाओं की सुरक्षा के लिहाज से आज भी स्थिति जस की तस

सरकार को इस तरफ गंभीरता से विचार करना होगा कि महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा के मामले में भारत अब भी विश्व के सबसे खतरनाक देशों की सूची में क्यों है।

उज्जैन में नाबालिग बच्ची से बलात्कार और खून से लथपथ हालत में उसके सड़कों पर भटकने की झकझोर देने वाली घटना ने निर्भया मामले की याद ताजा कर दी। ऐसा लगता है कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिहाज से आज भी कुछ नहीं बदला है। बारह साल की बच्ची के साथ बलात्कार कर उसे अर्धनग्न अवस्था में सड़क पर छोड़ दिया गया।

वह अपने तन को ढंकने की कोशिश करती हुई मदद के लिए रात के अंधेरे में आठ किलोमीटर तक उज्जैन के गली-मोहल्लों में भटकती रही। आखिरकार खून ज्यादा बह जाने के कारण बेहोश होकर गिर गई। उसके आंतरिक अंगों को गहरी चोट पहुंचाई गई थी। डाक्टरों ने इलाज कर उसे बचा तो लिया है, लेकिन अभी उसकी हालत स्थिर है।

यह घटना उस मासूम के साथ हुई है, जो उस शहर की भाषा भी नहीं समझती, अपना दर्द किसी से साझा नहीं कर सकती। पीड़ित बच्ची दूसरे राज्य की बताई जा रही है। वह यहां कैसे पहुंची, यह भी जांच का विषय है। कहीं मामला बाल तस्करी या बच्चा चोरी से जुड़ा तो नहीं है। सरकार ने इसके लिए विशेष जांच दल बना दिया है।

घटना सोमवार तड़के तीन से पांच बजे के बीच की है। दो तिपहिया वाहनों में उसके साथ ज्यादती होने के सबूत मिले हैं। पुलिस ने तीन तिपहिया चालकों को हिरासत में लिया है। उम्मीद है कि आगे की कार्रवाई होगी और दोषी कानून के शिकंजे में कसे जा सकेंगे। मगर क्या उन सवालों के जवाब मिल पाएंगे, जो निर्भया कांड के समय उभरे थे और फिर बड़े-बड़े वादों की चादर में ढक दिए गए थे।

उस समय ऐसा लग रहा था कि समाज के मुंह पर कालिख पोतने वाली यह आखिरी घटना होगी, लेकिन उसके बाद दिल्ली, कठुआ, पटना समेत कई जगहों पर बच्चियों के साथ सिहरा देने वाली घटनाएं हुईं। सिलसिला बदस्तूर जारी है। समाज में यह प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। आंकड़े डराने वाले हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की रपट के मुताबिक कई कड़े कानून बनने के बावजूद पिछले दस वर्षों में महिलाओं के साथ अपराधों में सतासी फीसद की वृद्धि हुई है।

निर्भया कांड के बाद दुष्कर्म की घटनाएं रोकने के लिए पाक्सो कानून बना। नाबालिगों के संरक्षण का यह सबसे बड़ा हथियार है। भारतीय दंड संहिता की धारा 181 और 182 में बदलाव हुआ और किशोर न्याय विधेयक पास किया गया। इसके तहत सोलह साल या उससे अधिक उम्र के किशोर को जघन्य अपराध करने पर वयस्क मानकर मुकदमा चलेगा।

बलात्कार से जुड़े नियम कड़े किए गए और दुष्कर्म के दोषी के लिए फांसी की सजा जोड़ी गई। महिलाओं, विशेषकर बच्चियों के साथ बढ़ते अपराध से ऐसा लगता है कि ये सारे इंतजाम तब तक नाकाफी और बेमानी हैं, जब तक समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना जागृत नहीं होगी, लोगों में कानून का खौफ पैदा नहीं होगा तथा समाज में नैतिकता और जिम्मेदारी का पक्ष मजबूत नहीं होगा।

सरकार को इस तरफ गंभीरता से विचार करना होगा कि महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा के मामले में भारत अब भी विश्व के सबसे खतरनाक देशों की सूची में क्यों है। यहां हर बीस मिनट में एक महिला बलात्कार की शिकार क्यों हो रही है। हैरानी की बात है कि इतनी देर तक पीड़ित बच्ची गली-मुहल्लों की सड़कों पर घूमती रही और उसकी मदद के लिए पुलिस कैसे नहीं आई। जब तक पुलिस नींद से नहीं जागेगी, अपराधी इसी तरह बच्चियों के साथ बेखौफ बर्बरता करते रहेंगे।

# कृषि-क्रांति एवं खाद्यान्न आत्मनिर्भरता के महानायक



- ललित गर्ग -

भारत में कृषि-क्रांति के जनक, विश्व खाद्य पुरस्कार पाने वाले पहले व्यक्ति, कृषि में नवाचार के ऊर्जाघर एवं कृषि विज्ञानी डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन का देह से विदेह हो जाना एक स्वर्णिम युग की समाप्ति है, एक अपूरणीय क्षति हैं। भारत को अन्न के अकाल से मुक्त कर अन्न का भंडार बनाने वाले इस कृषि-युगपुरुष के अवदान इतने बहुमुखी और दीर्घायुष्य है कि वे सदिया तक कृतज्ञ राष्ट्र की धमनियों एवं स्मृतियों में जीवित रहेंगे। वे अपने पीछे एक ऐसी विरासत छोड़ गये हैं कि भारतीय कृषि एवं वैश्विक खाद्य के संकट उभरने का नाम नहीं लेंगे। 'कृषि क्रांति आंदोलन' के वैज्ञानिक नेता के रूप में उनके अवदानों की शुरुआत 1943 के भीषण दुर्भिक्ष के दौरान हुई, जब चावल के एक-एक दाने के लिये लाखों लोगों ने दम तोड़ दिया था। इस घोर मानवीय त्रासदी एवं संकट ने केरल विश्वविद्यालय के इस अठारह वर्षीय युवा स्वामीनाथन में देश की भूख मिटाने की प्रतिबद्धता एवं संकल्प को जाग्रत किया और इसके लिये कृषि अनुसंधान के प्रति एक जुनून एवं जिजीविषा पैदा की। उन्होंने गेहूं एवं चावल की उच्च उपज वाली किस्मों को विकसित करने के मिशन पर काम शुरु कर भारत की कृषि में नव स्वस्तिक उकेरे। उनकी कृषि क्रांति ने भारत को दुनिया में खाद्यान्न की सर्वाधिक कमी वाले देश के कलंक से उबारकर 25 वर्ष से कम समय में आत्मनिर्भर बना दिया था। उस समय से भारत के कृषि पुनर्जागरण ने सदाबहार कृषि क्रांति की ओर उन्मुख अवलंबनीय कृषि की वकालत ने उन्हें अवलंबनीय खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में विश्व नेता का दर्जा दिलाया।

मनकोम्बु संबासिवन स्वामिनाथन का जन्म 7 अगस्त 1925 को हुआ। उन्होंने 1966 में मैक्सिको के बीजों को पंजाब की घरेलू किस्मों के साथ मिश्रित करके उच्च उत्पादकता वाले गेहूं के संकर बीज विकसित किए। एम. एस. स्वामीनाथन को 'विज्ञान एवं अभियांत्रिकी' के क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा सन् 1967 में 'पद्मश्री', 1972 में 'पद्म भूषण' और 1989 में 'पद्म विभूषण' से सम्मानित किया गया था। उन्हें 1971 में मैगसेसे एवं 1986 में अल्बर्ट आइंस्टीन वर्ल्ड अवार्ड भी प्रदत्त किये गये। विभिन्न पुरस्कारों और सम्मानों के साथ प्राप्त धनराशि से एम. एस. स्वामीनाथन ने वर्ष 1990 के दशक के आरंभिक वर्षों में 'अवलंबनीय कृषि तथा ग्रामीण विकास' के लिए चेन्नई में एक शोध केंद्र की स्थापना की। एम. एस. स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य भारतीय गांवों में प्रकृति तथा महिलाओं के अनुकूल प्रौद्योगिकी के विकास और प्रसार पर आधारित रोजगार उपलब्ध कराने वाली आर्थिक विकास की रणनीति को बढ़ावा देना है। स्वामीनाथन और उनके सहयोगियों द्वारा पर्यावरण, कृषि एवं खाद्यान्न प्रौद्यौगिकी के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता मिली है। स्वामीनाथन दक्षिण एशिया के उत्तरदायित्व के साथ



पर्यावरण प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में यूनेस्को में भी पदासीन रहे हैं। उनकी महान विद्वत्ता को स्वीकरते हुए इंग्लैंड की रॉयल सोसाइटी और बांग्लादेश, चीन, इटली, स्वीडन, अमरीका तथा सोवियत संघ की राष्ट्रीय विज्ञान अकादमियों में उन्हें शामिल किया गया है। वह 'वर्ल्ड एकेडमी ऑफ साइंसेज़' के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं। 1999 में टाइम पत्रिका ने स्वामीनाथन को 20वीं सदी के 20 सबसे प्रभावशाली एशियाई व्यक्तियों में से एक बताया था।

भारत के भाल पर अनूठा एवं विलक्षण करने वाले महान् व्यक्तियों में स्वामीनाथन एक थे। स्वामीनाथन सच्चे भारतीय एवं राष्ट्रीयता से ओतप्रोत व्यक्तित्व थे। जब देश राजनीतिक आजादी के लिए संघर्षरत था, तब युवा स्वामीनाथन ने देश को भूख से आजादी दिलाने के लिए कड़ा संघर्ष किया एवं सफलता का नया इतिहास रचा। उन्होंने आजाद भारत में अनाज की पैदावार बढ़ाने की अनूठी एवं प्रभावी तकनीक को आकार दिया। यह उन्हीं का सपना था कि भारत जैसे देश में अनाज इतना ज्यादा मात्रा में पैदा हो कि यहां किसी को भूखे न सोना पड़े बल्कि दूसरे देशों की भूख मिटाने में भी अग्रसर हो। आज आजादी के अमृतकाल में भारत कई देशों को अनाज का निर्यात करता है, यह उन्हीं की देन हैं। उन्होंने कृषि में नवाचार लाते हुए अनेक प्रयोग किये, आलू की एक ठंड-प्रतिरोधी किस्म विकसित की थी। चावल और गेहूं की उपज में क्रांति ही ला दी। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उनके सुझावों एवं प्रयोगों पर बल दिया और अपने देश के अनाज भंडार भरने लगे। आज अगर हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यह बोलने की स्थिति में हैं कि भारत दुनिया को खिला सकता है, तो निस्संदेह, इसका सर्वाधिक श्रेय स्वामीनाथन को जाता है।

भारत लाखों गाँवों का देश है और यहाँ की अधिकांश जनता कृषि के साथ जुड़ी हुई है। इसके बावजूद अनेक वर्षों तक यहाँ कृषि से सम्बंधित जनता भी भुखमरी के कगार पर अपना जीवन बिताती रही। इसका कारण कुछ भी हो, पर यह भी सत्य है कि ब्रिटिश शासनकाल में भी खेती अथवा मजदूरी से जुड़े हुए अनेक लोगों को बड़ी कठिनाई से खाना प्राप्त होता था। लम्बा दौर अकाल की चपेट में रहा। भारत के सम्बंध में यह भावना बन चुकी थी कि कृषि से जुड़े होने के बावजूद भारत के लिए भुखमरी से निजात पाना कठिन है। इसका कारण यही था कि भारत में कृषि के सदियों से चले आ रहे पुरातन उपकरण और बीजों का प्रयोग होता रहा था। फसलों की उन्नति के लिए बीजों में सुधार की ओर किसी का ध्यान ही नहीं गया था। भारत की कृषि में अभिनव-क्रांति की अपेक्षा थी, जिसे स्वामीनाथन ने अंजाम दिया।

गांवों की दशा एवं दिशा बदलने, किसानों के कल्याण और समाज के सबसे गरीब लोगों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध स्वामीनाथन की जितनी प्रशंसा की जाए कम होगी। उन्होंने कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए अपने जीवन का एक लंबा समय लगा दिया था। उन्होंने 1960 के अकाल के दौरान अमेरिकी वैज्ञानिक नॉर्मन बोरलॉग एवं अन्य वैज्ञानिकों के साथ मिलकर गेहूं की उच्च एवं उन्नत पैदावार वाली किस्म के बीज विकसित किये।

स्वामीनाथन के प्रयत्नों का ही परिणाम है कि भारत खाद्यान्नों के मामले में आत्मनिर्भर बन चुका है। उन्होंने अनेक अहम पदों पर रहते हुए भारत की कृषि को नये आयाम दिये। उन्नत कृषि के नये दरवाजों को उद्घाटित किया। कृषि नीतियां बनाने में विभिन्न सरकारों के मार्गदर्शक एवं प्रेरणास्रोत रहे। पैदावार के न्यूनतम मूल्य निर्धारण से लेकर खेती को घाटे से उबारने के लिये उनकी कमेटी की सिफारिशें भविष्य में मार्गदर्शक एवं आधार-दृष्टि बनी रहेगी। खेती में बने लैंगिक भेदभाव को दूर कर महिला मजदूरों के सशक्तिकरण के वे पहले प्रयोगकर्ता थे। यह कितना सुखद है कि देश के करोड़ों लोगों के लिए आशा की किरण बने एवं भोजन जुटाने में सहायक रहे कृषि वैज्ञानिक को 98 वर्ष का लंबा जीवन नसीब हुआ और उनकी पुत्री व डब्ल्यूएचओ में पूर्व मुख्य वैज्ञानिक डॉ. सौम्या स्वामीनाथन ने देश को बहुत गर्व के साथ बताया कि स्वामीनाथन बहुत शांति से दुनिया से विदा हुए हैं। किसानों के कल्याण और समाज के सबसे गरीब लोगों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध स्वामीनाथन की जितनी प्रशंसा की जाए कम होगी। स्वामीनाथन ने उद्देश्यपूर्ण जीवन जीकर जो ऊंचाइयां एवं उपलब्धियां हासिल की हैं, वे किसी कल्पना की उड़ान से भी अधिक हैं। कृषि महावीर वैज्ञानिक का यह देश सदैव ऋणी रहेगा। आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में उनका अनुपम योगदान हमारे इतिहास का एक अमिट आलेख है।

# जीवन को परिष्कृत करने का पवित्र माध्यम है किताबें

महात्मा गांधी ने कहा है कि पुराने वस्त्र पहनों पर नई पुस्तकें खरीदोद्य उन्होंने यह भी कहा कि पुस्तकों का मूल्य रत्नों से अधिक है, क्योंकि पुस्तकें अंत:करण को उज्जवल करती हैंऔर सच्चाई भी यही है कि पुस्तकें सुख और सच्चाईयों का भंडार होती है। जिन्होंने पुस्तके नहीं पढी हैं या जिन्हें पुस्तक पढ़ने में रूचि नहीं है वे जीवन की कई सच्चाईयों से अनभिज्ञ रह जाते हैं। पुस्तकें पढ़ने का सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि हम जीवन की कठिन परिस्थितियों से जूझने की शक्ति से परिचित हो जाते हैं,और समस्या कितनी भी बड़ी हो हम उससे जीतकर निजात पा जाते हैं। कठिन से कठिन समय पर पुस्तकें हमारा मार्गदर्शन एवं दिग्दर्शन करती है। जिन मनीषियों ने पुस्तक लिखी है और जिन्हें पुस्तकें पढ़ने का शौक है उन्हें ज्ञानार्जन के लिए इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं होतीहैं। पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम साहब ने कहा है कि एक पुस्तक कई मित्रों के बराबर होती है और पुस्तकें सर्वश्रेष्ठ मित्र होती हैं। शिक्षाविद चार्ल्स विलियम इलियट ने कहा कि पुस्तके मित्रों में सबसे शांत व स्थिर हैं, वे सलाहकारों में सबसे सुलभ और बुद्धिमान होती हैं और शिक्षकों में सबसे धैर्यवान तथा श्रेष्ठ होती हैं। निसंदेह पुस्तकें ज्ञानार्जन करने मार्गदर्शन एवं परामर्श देने में में विशेष भूमिका निभाती है। पुस्तकें मनुष्य के मानसिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक,नैतिक, चारित्रिक, व्यवसायिक एवं राजनीतिक विकास में अत्यंत सहायक एवं सफल मित्र की भूमिका निभाती है। प्राचीन काल से ही बच्चों तथा नौनिहालों के विकास के लिए पुस्तकें लिखे जाने का चलन तथा रिवाज रहा है। %पंचतंत्र%तथा %हितोपदेश% इसके बहुत बड़े उदाहरण हैं। पंचतंत्र,हितोपदेश में ज्ञानार्जन के लिए एवं संस्कृति सभ्यता और शिक्षा के उपयोग की बातें जो दैनिक जीवन में अत्यंत प्रभावशाली तथा उपयोगी होती है, लिखी गई हैं। और यही पुस्तकें इस देश की सभ्यता संस्कृति के संरक्षण तथा प्रचार प्रसार में अहम भूमिका निभाती आई है। इसी तरह की पुस्तकों ने ज्ञान का विस्तार भी किया है। विश्व की हर सभ्यता मे लेखन सामग्री का बड़ा ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पुस्तकों के माध्यम से ही धर्म जाति संस्कृति एवं शिक्षा की मार्गदर्शिका से ही समाज आगे बढ़ा है। अच्छी किताबें अच्छे मार्गदर्शक तथा शिक्षित तथा अशिक्षित समाज को चेतना तथा सद्गुणों से संचारित करती है, व्यक्ति के अंदर मानसिक क्षमता का विकास भी होता है। ऐतिहासिक किताबें हमें इतिहास, धर्म, राजनीति, संस्कृति के अनेक पहलुओं से अवगत भी कराती है,जिससे व्यक्तित्व विकास में अत्यंत सहायता मिलती है। पुस्तकों के महत्व को देखते हुए डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा कि पुस्तके वह साधन है जिसके माध्यम से हम विभिन्न संस्कृति एवं समाज के बीच सेतु का निर्माण कर सकते हैं। पुस्तके वह मित्र होती हैं जो हर परिस्थिति तत्काल में सहायक होती है, और यही कारण है कि अनेक लोग गुरुवाणी, हनुमान चालीसा अभी अपने पास रखते हैं। वर्तमान युग डिजिटल युग कहलाता है अब इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रिंट मीडिया के स्थान पर अपने पैर जमा लिए हैं।

## समर्पित नागरिक, समृद्ध राष्ट्र

सर पर जिसके हिमालय का ताज,
क्यों न बने वह दुनिया का सरताज।

जहां गंगा जमुना सरस्वती बहती हो निर्मल,
उसका तो आने वाला कल होगा ही उज्जवल।

हर नौजवान और युवा है जहां देशभक्त,
फिर कैसे ना हो उसकी सेना शक्तिशाली और सशक्त।

आओ समर्पित नागरिकों से बनाएं देश महान,
देश विरोधी अफवाहों पर नहीं देना कभी ध्यान।

जहां रहते हो विवेकानंद ,गांधी और सुभाष,
वहां बहती है चिंतन की गंगा, दीप्त है ज्ञान का प्रकाश।

गलती ना करें दुश्मन इस देश को कम आंकने की,
प्रयास ना करें गलत इरादे से झांकने की।


देश महान था, है और अनंत काल तक रहेगा,
भारतवर्ष का वैभव अक्षुण है और सदा रहेगा ।

जय हिंद, जय भारत।



संजीव ठाकुर
रायपुर

# श्रद्धा से किया जाय, वह श्राद्ध है



मान्यता है कि पितृपक्ष के दौरान हमारे पूर्वज किसी न किसी रूप में धरती पर आते हैं और श्राद्ध को ग्रहण कर हमें आशीर्वाद देते हैं - एडवोकेट किशन भावनानी गोंदिया

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर भारत मान्यताओं प्रथाओं परंपराओं और गहरी आध्यात्मिकता में आस्था रखने वाले देश के रूप में प्रसिद्ध है। अनेक कारणों में से यह भी एक कारण है की पूरी दुनियां से सैलानी भारत भ्रमण पर आते है जो इन प्रथाओं परंपराओं आध्यात्मिकता को देख उनसे प्रेरणा लेने की कोशिश करते हैं। आधुनिक विज्ञान के इस डिजिटल युग में जहां मानव चांद पर मानव कॉलोनी बनाने की ओर बढ़ गए हैं, सूर्य को अपनी मुट्ठी में लेने के प्रयास हो रहे हैं, मानव का स्थान अब रोबोट ले रहा है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दुनियां हदें पार कर रही है, वहीं भारत जैसा आस्था का प्रतीक देश अपनी परंपरागत आस्था शैली में 29 सितंबर से 14 अक्टूबर 2023 तक सच्चे मन से एवं श्रद्धा से श्राद्ध मनाकर अपने पूर्वजों का आशीर्वाद प्राप्त कर रहा है। मान्यता के अनुसार इस दौर में हमारे पूर्वज किसी न किसी रूप में धरती पर आते हैं और श्राद्ध को ग्रहण करहमें आशीर्वाद देते हैं। चूंकि यह 15 दिवसीय श्राद्ध शुरू हो गए हैं, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से, चर्चा करेंगे, श्रद्धया इदं श्राद्धम्? - जो श्र्द्धा से किया जाय, वह श्राद्ध है।

साथियों बात अगर हम पितृपक्ष या श्राद्ध कीकरें तो,पितृपक्ष या श्राद्ध पक्ष भाद्रपद महीने की पूर्णिमा से शुरू होकर पितृमोक्षम अमावस ?या तक चलते हैं। 29 सितंबर से पितृ पक्ष शुरू हो गए है, जो कि 14 अक ?टूबर को खत ?म होगा। पितृपक्ष में अपने पूर्वजों को याद कर उनकी आत ?मा की शांति के लिए श्राद्ध किया जाता है. देश की प्रमुख जगहों जैसे हरिद्वार, गया आदि जाकर पिंडदान करने से पितृप्रसन्न होते हैं। पितृपक्ष में पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पूरे विधि विधान से अनुष्ठान किए जाते हैं।पितृपक्ष में किए गए तर्पण से पूर्वजों का आशीर्वाद मिलता है और घर में हमेशा सुख-शांति बनी रहती ह। शास्त्रों के अनुसार, श्राद्ध के अनुष्ठानों का कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए। श्रद्धया इदं श्राद्धम्? (जो श्र्द्धा से किया जाय, वह श्राद्ध है।) भावार्थ है, प्रेत और पित्तर के निमित्त, उनकी आत्मा की तृप्ति के लिए श्रद्धापूर्वक जो अर्पित किया जाए वह श्राद्ध है।हिन्दू धर्म में माता-पिता की सेवा को सबसे बड़ी पूजा माना गया है। इसलिए हिंदू धर्म शास्त्रों में पितरों का उद्धार करने के लिए पुत्र की अनिवार्यता मानी गई हैं। जन्मदाता माता-पिता को मृत्यु उपरांत लोग विस्मृत न कर दें, इसलिए उनका श्राद्ध करने का विशेष विधान बताया गया है। भाद्रपद पूर्णिमा से आश्विन कृष्णपक्ष अमावस्या तक के सोलह दिनों को पितृपक्ष कहते हैं जिसमे हम अपने पूर्वजों की सेवा करते हैं।आश्विन कृष्ण प्रतिपदा से लेकर अमावस्या तक ब्रह्माण्ड की ऊर्जा तथा उस उर्जा के साथ पितृप्राण पृथ्वी पर व्याप्त रहता है। धार्मिक ग्रंथों में मृत्यु के बाद आत्मा की स्थिति का बड़ा सुन्दर और वैज्ञानिक विवेचन भी मिलता है। मृत्यु के बाद दशगात्र और षोडशी-सपिण्डन तक मृतव्यक्ति की प्रेत संज्ञा रहती है। पुराणों के अनुसार वह सूक्ष्म शरीर जो आत्मा भौतिक शरीर छोड़ने पर धारण करती है प्रेत होती है। प्रिय के अतिरेक की अवस्था प्रेत है क्यों की आत्मा जो सूक्ष्म शरीर धारण करती है तब भी उसके अन्दर मोह, माया भूख और प्यास का अतिरेक होता है। सपिण्डन के बाद वह प्रेत, पित्तरों में सम्मिलित हो जाता है। भारतीय धर्मग्रंथों के अनुसार मनुष्य पर तीन प्रकार के ऋण प्रमुख माने गए हैं- पितृ ऋण, देव ऋण तथा ऋषि ऋण। इनमें पितृ ऋण सर्वोपरि है। पितृ ऋण में पिता के अतिरिक्त माता तथा वे सब बुजुर्ग भी सम्मिलित हैं, जिन्होंने हमें अपना जीवन धारण करने तथा उसका विकास करने में सहयोग दिया।पितृपक्ष में हिन्दू लोग मन कर्म एवं वाणी से संयम काजीवन जीते हैं; पितरों को स्मरण करके जल चढाते हैंनिर्धनों एवं ब्राह्मणों को दान देते हैं। पितृपक्ष में प्रत्येक परिवार में मृत माता-पिता का श्राद्ध किया जाता है, परंतु गया श्राद्ध का विशेष महत्व है। वैसे तो इसका भी शास्त्रीय समय निश्चित है, परंतु गया सर्वकालेषु पिण्डं दधाद्विपक्षणं कहकर सदैव पिंडदान करने की अनुमति दे दी गई है। अर्थात् जो अपने पितरों को तिल-मिश्रित जल की तीन तीन अंजलियाँ प्रदान करते हैं, उनके जन्म से तर्पण के दिन तक के पापों का नाश हो जाता है। हमारे हिंदू धर्म-दर्शन के अनुसार जिस प्रकार जिसका जन्म हुआ है, उसकी मृत्यु भी निश्चित हैउसी प्रकार जिसकी मृत्यु हुई है, उसका जन्म भी निश्चित है।

ऐसे कुछ विरले ही होते हैं जिन्हें मोक्ष प्राप्ति हो जाती है।पितृपक्ष में तीन पीढ़ियों तक के पिता पक्ष के तथा तीन पीढ़ियों तक के माता पक्ष के पूर्वजों के लिए तर्पण किया जाता हैं। इन्हीं को पितर कहते हैं। दिव्य पितृ तर्पण, देव तर्पण, ऋषि तर्पण और दिव्य मनुष्य तर्पण के पश्चात् ही स्व-पितृ तर्पण किया जाता है। भाद्रपद पूर्णिमा से आश्विन कृष्णपक्ष अमावस्या तक के सोलह दिनों को पितृपक्ष कहते हैं। जिस तिथि को माता-पिता का देहांत होता है, उसी तिथी को पितृपक्ष में उनका श्राद्ध किया जाता है। शास्त्रों के अनुसार पितृपक्ष में अपने पितरों के निमित्त जो अपनी शक्ति सामर्थ्य केअनुरूप शास्त्र विधि से श्रद्धापूर्वक श्राद्ध करता है, उसके सकल मनोरथ सिद्ध होते हैं और घर-परिवार, व्यवसाय तथा आजीविका में हमेशा उन्नति होती है। पितृ दोष के अनेक कारण होते हैं। परिवार में किसी की अकाल मृत्यु होने से, अपने माता-पिता आदि सम्मानीय जनों का अपमान करने से, मरने के बाद माता-पिता का उचित ढंग से क्रियाकर्मऔर श्राद्ध नहीं करने से, उनके निमित्त वार्षिक श्राद्ध आदि न करने से पितरों को दोष लगता है।

इसके फलस्वरूपपरिवार में अशांति, वंश-वृद्धि में रूकावट, आकस्मिक बीमारी,संकट धन में बरकत न होना,सारी सुख सुविधाएँ होते भी मन असन्तुष्ट रहना आदि पितृ दोष हो सकते हैं।

यदि परिवार के किसी सदस्य की अकाल मृत्यु हुई हो तो पितृ दोष के निवारण के लिए शास्त्रीय विधि के अनुसार उसकी आत्म शांति के लिए किसी पवित्र तीर्थ स्थान पर श्राद्ध करवाएँ अपने माता-पिता तथा अन्य ज्येष्ठ जनों का अपमान न करें। प्रतिवर्ष पितृपक्ष में अपने पूर्वजों का श्राद्ध, तर्पण अवश्य करें। यदि इन सभी क्रियाओं को करने के पश्चात् पितृ दोष से मुक्ति न होती हो तो ऐसी स्थिति में किसी सुयोग्य कर्मनिष्ठ विद्वान ब्राह्मण से श्रीमद् भागवत् पुराण की कथा करवायें। वैसे श्रीमद् भागवत् पुराण की कथा कोई भी श्रद्धालु पुरुष अपने पितरों की आम शांति के लिए करवा सकता है। इससे विशेष पुण्य फल की प्राप्ति होती है।

साथियों बात अगर हम हमारे पूर्वजों के हमारे आसपास होने के संकेतों की करें तो,(1) पितृ पक्ष में कौए का विशेष महत्व माना है. माना जाता है कि इन दिनों में पितर कौवों के रूप में धरती पर आते हैं और जल-अन्न ग्रहण करते हैं। पितृ पक्ष के दौरान अगर कौआ आपके घर में आकर भोजन ग्रहण करता है तो इसका मतलब है कि आपके पूर्वज आपके आसपास मौजूद हैं और आप पर उनकी दया दृष्टि है।(2)श्राद्ध के दिनों में अगरआपको अपने घर के आसपास अचानक से काला कुत्ता दिखाई देता है, तो यह आपके आसपास पितरों की मौजूदगी का संकेत हो सकता है. पितृ पक्ष के दौरान काले कुत्ते को पितरों का संदेशवाहक माना जाता है। इन दिनों में काले कुत्ते का दिखना एक शुभ संकेत माना जाता है. इसका मतलब है कि आपके पितृ आपसे प्रसन्न हैं।

## शार्ट न्यूज

### युवक ने फावड़े से की घोड़े की हत्या

कानपुर। कानपुर में घोड़े की फावड़ा मारकर नृशंस हत्या करने का मामला सामने आया है। घोड़े का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने रिजवान को लात मार दी थी। गुस्साए रिजवान ने घोड़े के सिर पर फावड़ा मारकर उसकी हत्या कर दी। एक समाजसेवी संस्था ने मामले की जानकारी होने पर फजलगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई। रिजवान को पकड़कर पीट दिया। फिर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने घोड़े के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और सीसीटीवी से हत्या की पुष्टि हुई। इसके बाद फजलगंज थाने की पुलिस ने आरोपी रिजवान को अरेस्ट कर लिया है। फजलगंज इलाके के सरोजनी नगर स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक के सामने रिजवान रहता है। उसके पिता ने कई घोड़े और खच्चर पाल रखे हैं। इनका इस्तेमाल खड़खड़ा चलाने व अन्य कामों के लिए होता है। 28 सितंबर की दोपहर को रिजवान घोड़े के पास से मलबा उठा रहा था। इस दौरान घोड़े ने उसके लात मार दी। इससे वह इतना झल्ला गया कि घोड़े के सिर पर फावड़ा मार दिया। घोड़े के सिर पर इतनी गंभीर चोट लगी कि मौके पर ही दम तोड़ दिया। मामले की जानकारी मिलते ही फजलगंज में रहने वाले बेजुबान फाउंडेशन के संचालक विवेक तिवारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। रिजवान को पब्लिक की मदद से दबोच लिया और फजलगंज थाने पर सूचना दी।

### ब्रेकफास्ट के बाद 32 डॉक्टर बीमार

लखनऊ। लखनऊ के गोल्डन ट्यूलिप होटल में 24 सितंबर से ठहरे 32 डॉक्टर फूड पॉइजनिंग की चपेट में आ गए। इन्हें डायरिया, पेट दर्द, बुखार और उल्टी की शिकायत हुई। अचानक से बड़ी संख्या में डॉक्टरों के बीमार होने की खबर से हेल्थ डिपार्टमेंट में हड़कंप मच गया। ये सभी डॉक्टर देश भर के अलग-अलग राज्यों से ट्रेनिंग करने आए थे। आनन-फानन में सीएमओ ऑफिस के कंट्रोल रूम की तरफ से मेडिकल टीम होटल पहुंची। इस दौरान एफएसडीए की टीम बुलाकर होटल से स्नैक्स आइटम समेत फूड और पानी के सैंपल भी उठाए गए। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल बीमार डॉक्टरों को मेडिसिन और इंजेक्शन भी दिए गए। कुछ डॉक्टरों को गंभीर हालत के चलते ड्रिप भी चढ़ाई गई। हालांकि राहत की बात रही कि किसी डॉक्टर को भर्ती नही कराना पड़ा। UPTESA यानी उत्तर प्रदेश टेक्निकल एजुकेशन सर्विस एसोसिएशन की ओर से लखनऊ में 5 दिनों का ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया था। 24 सितंबर से सरकारी डॉक्टर की ट्रेनिंग शुरू हुई। ट्रेनिंग में देश भर के अलग-अलग जिलों से डॉक्टर आए थे। इस बीच डॉक्टर बीमार होने लगे। बुधवार को एक डॉक्टर को फीवर और डायरिया के लक्षण के चलते विवेकानंद पॉली क्लीनिक ले जाया गया। कुछ देर भर्ती कर इलाज करने बाद फिर उन्हें वापस होटल ले आया गया।

### ललितपुर में दो बांधों को किया जाएगा डिवेलप

ललितपुर। ललितपुर जिले में पर्यटन के विकास की संभावनाएं बढ़ गई है, जिलाधिकारी ने गोविंद सागर बांध एवं करकरावल जलप्रपात के विकास के लिए शासन को प्रस्ताव भेजे हैं, जबकि अमझरा घाटी, देवा माता मंदिर, बालाबेहट, सौरई, बानपुर एवं मड़ावरा के किला के विकास के लिए डीपीआर तैयार की जा रही है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि ललितपुर प्राकृतिक संपदा एवं सांस्कृतिक धरोहरों से परिपूर्ण जिला है, यहां अनेकों ऐतिहासिक स्थल मौजूद है जिनका यदि विकास हो जाए तो देश विदेश से अनेकों सेलानी इनकी और आकर्षित होंगे। जिससे जनपद में रोजगार के अवसर सृजित होंगे और जनपद का विकास तेजी से हो सकेगा। उन्होंने बताया कि जनपद में गोविंद सागर बांध एवं करकरावल जलप्रपात के पर्यटन विकास हेतु 527.13 लाख के प्रस्ताव शासन को भेजे गए हैं। साथ ही अमझरा घाटी, देवा माता मंदिर, बालाबेहट, सौरई, बानपुर एवं मड़ावरा के किलों सहित अन्य स्थलों पर पर्यटन सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण एवं यात्री सुविधाओं के विकास हेतु 1550.00 करोड़ की डीपीआर भी तैयार की जा रही है।

### प्रेमी-युगल ने ट्रेन से कटकर की आत्महत्या

इटावा। इटावा में प्रेमी युगल ने प्रेम प्रसंग के चलते ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। ग्वालियर इटावा रेलवे ट्रैक पर दोनों शव कटे मिले है। शवों को पुलिस ने पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक प्रेमी युगल का प्रेम घर वालों को पसंद नहीं था। ग्रामीणों के अनुसार प्रेमी युगल अलग-अलग जातियों के थे। जिस कारण दोनों के परिवार के लोग इस रिश्ते को स्वीकार नहीं कर रहे थे। हालांकि दोनों ही प्रेमी युगल नाबालिग बताए जा रहे हैं। घटना थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नगला जगे की है। इटावा ग्वालियर रेलवे ट्रैक पर करीब रात साढ़े तीन बजे कटकर जान देने की बात सामने आई है। परिवार वालों को सुबह इस बात की सूचना ग्रामीण वालों ने दी। सुबह 5 बजे इटावा से ग्वालियर जा रही झांसी इंटरसिटी एक्सप्रेस के चालक ने इस ट्रैक पर शव पड़े होने की सूचना कंट्रोल रूम को दी, तब जाकर पुलिस को सूचना मिली। बता दें आज सुबह दस बजे थाना सिविल लाइन क्षेत्र के नगला जगे के ग्वालियर इटावा रेलवे ट्रैक पर नाबालिग प्रेमी युगल आकाश कुशवाहा (15) और आयुषी (14) का शव बरामद हुआ है। रेलवे ट्रैक पर लड़की चप्पल और एक नीले रंग का दूपट्टा पड़ा हुआ है।

### एंटी करप्शन टीम का छापा, दो लेखपाल अरेस्ट

आजमगढ़। आजमगढ़ की सगड़ी तहसील में एंटी करप्शन की टीम ने छापेमारी करते हुए दो लेखपालों को गिरफ्तार किया है। जिले में लेखपालों द्वारा की जाने वाली गड़बड़ी की शिकायत लगातार वाराणसी एंटी करप्शन यूनिट को मिल रही थी। इसी क्रम में एंटी करप्शन यूनिट के अधिकारी जिले में डेरा डाले हुए हैं और लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इसी क्रम में दो लेखपालों की शिकायत के आधार पर गिरफ्तारी की गई। हालांकि लेखपालों की गिरफ्तारी के बात सुनते ही बड़ी संख्या में लेखपाल लामबंद होकर प्रदर्शन करने लगे और एंटी करप्शन यूनिट पर ही आरोप लगाने लगे। इस मामले में महाराजगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली चंदा ने एंटी अपनी जमीन की पैमाइश कराना चाहती थी। इसको लेकर कई बार लेखपाल से मिली। पर लेखपाल पैमाइस के बदले पैसे की मांग कर रहे थे। इसी क्रम में पीड़ित ने इस मामले की सूचना वाराणसी एंटी करप्शन यूनिट से कर दी। महिला की सूचना पर एंटी करप्शन की यूनिट ने आरोपी लेखपाल को रंगे हाथ गिरफ्तार करने का प्लान बनाया। इसी क्रम में महिला ने जैसे ही केमिकल लगे नोट लेखपाल को दिया। पहले से ही मुस्तैद एंटी करप्शन टीम ने आरोपी लेखपाल को हिरासत में ले लिया। हिरासत में लिए लेखपाल यादवेन्द्र सिंह और रामायण भारद्वाज के समर्थन में बड़ी संख्या में लेखपाल एकजुट होकर प्रदर्शन करने लगे।

### उन्नाव में बिजली कर्मियों को पीटा

उन्नाव। उन्नाव में बांगरमऊ में चेकिंग दौरान बिजली कर्मियों से मारपीट करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बांगरमऊ पुलिस के मुताबिक विभाग के कर्मचारियों से मारपीट करने के आरोप में तीन लोगों पर केस दर्ज हुआ है। जानकारी के अनुसार, इन दिनों बिजली चोरी रोको, राजस्व वसूली आदि अभियान जारी है। कर्मी घर-घर जाकर काम्बिंग कर रहे हैं। विद्युत कर्मचारियों का आरोप है कि मोहल्ला तकिया में डोर टू डोर काम्बिंग व वसूली अभियान को लेकर जब उपभोक्ता सुरेंद्र कुमार सिंह के मकान पर पहुंचे तो उन्होंने संयोजन का विवरण देने से मना कर दिया था। मीटर रीडर द्वारा मीटर दिखाने के अनुरोध पर उन्हें अपने बेटों के साथ मारना पीटना शुरू कर दिया था। विद्युत कर्मियों की तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। उधर मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता देखी। इसके बाद इंस्पेक्टर बांगरमऊ ज्ञानेंद्र सिंह के निर्देशन में चौकी इंचार्ज कस्बा विनोद कुमार को जांच के निर्देश दिए। तब पुलिस ने जांच की और आरोपित ऋतिक सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया। आसीवन थाना क्षेत्र के जियालालखेड़ा गांव के सुशील की पत्नी माया ने पुलिस में तहरीर देकर आरोप लगाया कि पडोसी मोहकम उर्फ संजय व बेटा मोनू तथा दो अज्ञात व्यक्तियों ने नहर किनारे देवर अनिल को रोक लिया और उसके साथ रुपये के लेनदेन को लेकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अनिल को मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# आयुष्मान भारत योजना में यूपी की ऊंची छलांग, कई श्रेणियों में देश में नंबर वन

## पीएमजेएवाई को बेहरत ढंग से धरातल पर उतारने में जुटी योगी सरकार, मिलने लगी कामयाबी

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) को बेहतर ढंग से धरातल पर उतारने में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों का असर दिखने लगा है। प्रदेश ना सिर्फ आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट निर्मित करने में देश में नंबर एक स्थान पर है, बल्कि हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स के रजिस्ट्रेशन, डिजिटल हेल्थ इंन्सेंटिव स्कीम और स्कैन एंड शेयर टोकन जनरेट करने में भी उत्तर प्रदेश पूरे देश में नंबर वन पोजिशन पर पहुंच गया है। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं समय समय पर प्रदेश पीएमजेएवाई को लेकर किये जा रहे कार्यों की ना सिर्फ समीक्षा करते हैं बल्कि अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी जारी करते हैं।

### 2.73 करोड़ मेडिकल हिस्ट्री भी अपडेट

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश 4,77,19,482 आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (एबीएचए) जनरेट करके पूरे देश में प्रथम स्थान पर है।

जबकि आंध्र प्रदेश दूसरे, मध्य प्रदेश तीसरे, महाराष्ट्र चौथे और गुजरात पांचवें, पश्चिम बंगाल छठे, कर्नाटक सातवें और ओडिशा आठवें स्थान पर है।

वहीं इन 4.77 करोड़ अकाउंट्स के अंतर्गत 2.73 करोड़ से ज्यादा लोगों के हेल्थ रिकॉर्ड को भी अपडेट किया जा चुका है। इस मामले में भी यूपी देश के टॉप थ्री राज्यों में है। मध्य प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ और गुजरात इस मामले में उत्तर प्रदेश से काफी पीछे हैं। इसी प्रकार हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स रजिस्ट्रेशन (एचपीआर) के मामले में भी उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। प्रदेश में कुल 42,741 हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स का रिजिस्ट्रेशन आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत किया जा चुका है। इसमें 10 हजार से अधिक डॉक्टर और 32 हजार से अधिक नर्सिंग स्टाफ शामिल हैं। वहीं हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्रेशन (एचएफआर) के मामले में यूपी देश में दूसरे स्थान पर है। प्रदेश में 38,863 हेल्थ फैसिलिटी सेंटरों को रजिस्टर किया जा चुका है। इनमें सरकार और प्राइवेट स्वास्थ्य सुविधा केंद्र शामिल हैं।

महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्रप्रदेश और मध्य प्रदेश क्रमश: तीसरे, चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर हैं। कर्नाटन प्रथम स्थान पर है।

# विंध्यधाम में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं देने के प्रयास शुरू

मिर्जापुर। उत्तर प्रदेश में काशी विश्वनाथ मंदिर की तर्ज पर विंध्याचल मंदिर कोरिडोर निर्माण के बाद यहां आने वाले श्रद्धालओं को बेहतर सुविधाएं देने के प्रयास शुरू कर दिये गये हैं।

विंध्यधाम में हेलीपोर्ट एवं मेल्टीलेबल पार्किंग बनाया जायेगा और 35 एकड़ में बनने वाले हेलीपोर्ट पर छह करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। मां विंध्यवासिनी के दर्शन पूजन करने के बाद भक्त विंध्यधाम के साथ अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों पर जा सकेंगे। भक्त विंध्याचल से वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट, मथुरा अयोध्या आदि तीर्थ स्थलों पहुंच सकेंगे।

जिलाधिकारी प्रिंयका निरंजन ने बताया कि विंध्यधाम में हेलीपोर्ट बनाया जाना है। इसके लिए छह करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि जमीन की तलाश करने के निर्देश दिए गए हैं। सहायक पर्यटन



अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि हेलीपोर्ट के निर्माण के लिए विभाग द्वारा योजना स्वीकृत की गई है। जिसपर छह करोड़ रुपए का प्राविधान किया गया है। इसके लिए 35 एकड जमीन की तलाश जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है।

भारती ने बताया कि सरकार द्वारा भक्तों की सुविधा को दृष्टिगत विंध्याचल में प्रमुख चिन्हित स्थानों पर मल्टीलेवल पार्किंग बनाया जाएगा जिसके लिए 14 करोड रुपए खर्च होंगे। उन्होंने बताया कि हेलीपोर्ट एवं मेल्टीलेबल पार्किंग के लिए शासन से स्वीकृत मिल गई है।

# भदोही : गौवंश सहित दो पशु तस्कर गिरफ्तार

भदोही। उत्तर प्रदेश के भदोही जिले की पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर बोलेरों में क्रूरतापूर्व भरकर ले जाए जा रहे 07 गोवंश बरामद कर दो पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि थाना गोपीगंज पुलिस टीम द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर घेराबंदी करते हुए झिरियापुल के पास महिंद्रा बोलेरो पिकअप में क्रूरतापूर्वक वध हेतु ले जाए जा रहे कुल 7 राशि गोवंश बरामद करने में सफलता प्राप्त हुई है। बरामद गोवंश के साथ गिरोह के दो शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। वाहन व गोवंश को कब्जे लेते हुए पशु तस्करों व वाहन स्वामी के विरुद्ध धारा-3/5ए/5बी/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई की गई। पूछताछ में गौ तस्करों द्वारा गोवंश को बिहार के रास्ते पश्चिम बंगाल वध हेतु ले जाया जा रहा था।

# गोंडा : न्यायालय के आदेश के बाद दो पुलिसकर्मी लाइनहाजिर

गोंडा। उत्तर प्रदेश के गोण्डा जिले के मनकापुर कोतवाली क्षेत्र में दीवानी न्यायालय से स्थगन आदेश के बावजूद गुरुद्वारा सहित रिहायशी मकान पर मनकापुर पुलिस द्वारा कब्जा कराने के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ द्वारा कोतवाल और निरीक्षक को तत्काल गैर जनपद स्थानांतरित करने के आदेश के बाद पुलिस अधीक्षक ने दोनों पुलिसकर्मियों को शुक्रवार को लाइन हाजिर कर दिया। पीड़िता गुरुबचन कौर के अनुसार वह और उनके पुत्र अमरजीत सिंह व स्वर्णपाल सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी



कि उनका मनकापुर बाजार में एक मकान व गुरुद्वारा है। इस पर विवाद को लेकर दीवानी न्यायालय में गुरुबचन कौर बनाम कुलवंत कौर आदि के नाम वाद दायर था। मामले में 17 जुलाई 2023 को न्यायालय ने स्थगनादेश पारित किया। लेकिन गत 15 सितंबर को मनकापुर कोतवाली में तैनात अपराध निरीक्षक अरुण कुमार राय कुछ अन्य पुलिसकर्मियों के साथ आ धमके और मकान व गुरुद्वारा खाली करने को कहा। उसके दूसरे दिन आरोपी कुलवंत करीब पचास लोगों के साथ घर में घुस मकान के कुछ हिस्सों पर कब्जा कर लिया। पीड़ित गुरुबचन के मुताबिक इस संबंध में उन्होंने पुलिस अधिकारियों से मामले की शिकायत की तो कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने पीड़िता के बेटों को जेल भेजने की बात कहकर उन्हें धमकाना शुरू कर दिया।

इस मामले में पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल मिली शिकायत पर ने कोतवाल सुधीर कुमार सिंह व अपराध निरीक्षक अरुण कुमार राय की भूमिका की जांच के लिए पुलिस उपाधीक्षक को आदेश दिया। जांच में दोनों पुलिसकर्मी दोषी पाए गये।

इसी आधार को संज्ञान में लेकर पीड़िता गुरुबचन कौर की याचिका पर न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा व नरेंद्र कुमार जौहरी की खंडपीठ ने मनकापुर कोतवाल सुधीर कुमार सिंह व अपराध निरीक्षक अरुण कुमार राय को तत्काल गोंडा जिले से हटाकर किसी अन्य जिले में तैनात करने का आदेश दिया है। अगली सुनवाई की तिथि 18 अक्टूबर निर्धारित कर दी।

# संजय गांधी अस्पताल को लेकर सपा विधायक ने सरकार पर लगाया गंभीर आरोप

अमेठी। उत्तर प्रदेश के अमेठी स्थित संजय गांधी अस्पताल को लेकर संजय गांधी अस्पताल को लेकर कांग्रेस के बाद अब समाजवादी पार्टी (सपा) भी खुलकर सामने आ गई है। समाजवादी पार्टी के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने ने कहा कि संजय गांधी अस्पताल को राजनीतिक द्वेषवश सील किया गया है। पहले भी अस्पताल को कई बार सील करने का प्रयास किया गया था। समाज वादी पार्टी के गौरीगंज से विधायक ने शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि संजय गांधी अस्पताल संचालित होने से अमेठी जनपद ही नहीं बल्कि आसपास के मध्यवर्गीय और गरीब लोगों को लाभ मिल रहा था। जब बड़े अस्पताल में मरीजों को बेड नहीं मिलता तो यहां पर उनको सुविधा मिल जाती थी।

उन्होंने आगे कहा एक हजार से अधिक




बच्चे और बच्चियों को यहां पर ट्रेनिंग दी जा रही थी ।सभी कार्यों को बाधित करना यह सिद्ध करता है कि यह बदले की भावना से किया जा रहा है मैंने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौपा है। मैंने प्रशासन को सात दिनों का समय दिया है। अगर सात दिनों में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो बड़ा जन आंदोलन होगा।

सिंह ने समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। समाजवादी पार्टी के विधायक अस्पताल बंद होने से नाराज हैं। सपा विधायक की मांग है कि अस्पताल जनहित का मुद्दा है और सरकार इसें राजनीति के तहत बंद कर रही है।

गौरतलब है कि संजय गांधी अस्पताल 18 सितंबर से बंद कर दिया गया है। संजय गांधी अस्पताल बंद होने के बाद एक तरफ जहां अलग-अलग राजनीतिक दल और अस्पताल के कर्मचारी प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं आज समाजवादी पार्टी के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

अस्पताल खोलने के लिए विधायक ने अपने समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंच कर नारेबाजी की। इस दौरान करीब ढाई घंटे तक विधायक धरने पर बैठे रहे। ढाई घंटे बाद जिलाधिकारी ने विधायक राकेश प्रताप सिंह से ज्ञापन लिया।

# बलिया : प्रेमी ने प्रेमिका के सामने खुद को मारी गोली

बलिया। उत्तर प्रदेश के बलिया जनपद के कोतवाली थाना क्षेत्र में गाड़ी के अंदर प्रेमिका के सामने प्रेमी ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस उपाधीक्षक वैभव पाण्डेय ने शुक्रवार को बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र के जमुआ गांव निवासी सोनू (30) पहले से शादीशुदा था और उसके एक युवती से करीब 8-9 माह से प्रेम संबंध चल रहा था। सोनू के घर वाले उनके रिश्ते के खिलाफ थे, जिसको लेकर गुरुवार की मध्य रात्रि सोनू का उसके परिजनों से फोन पर झगड़ा हुआ था, जिस दौरान सोनू अपनी प्रेमिका के साथ जमुआ गोपालपुर इट भट्ठे के पास अपनी स्कार्पियो गाड़ी में था। उन्होंने बताया कि घर वालों से वीडियो कॉल पर झगड़े के बाद सोनू ने उत्तेजना में आकर अपने अवैध असलहे से खुद को गोली मार ली।

# संभल में पुलिस के साथ मुठभेड़ में इनामी बदमाश गिरफ्तार

संभल। उत्तर प्रदेश में संभल जिले के हयातनगर क्षेत्र में पुलिस एवं बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से घायल हुए पांच हजार के इनामी बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि बृहस्पतिवार देर रात थाना हयातनगर की पुलिस की थाना क्षेत्र के अंतर्गत के मुजफ्फरपुर से शेरपुर मार्ग पर हाजी भूरे के भट्टे के पास बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से घायल हुए पांच हजार के इनामी बदमाश ग्राम रसूलपुर धतरा निवासी नूर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जबकि उसके दो साथी मौके से भाग गए। पुलिस ने नूर के कब्जे से एक अवैध तमंचा एक जिंदा व दो धोखा कारतूस एवं बिना नंबर प्लेट की एक मोटरसाइकिल बरामद की है। मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से पुलिस पार्टी का सिपाही आयुष भी घायल हो गया।

पुलिस पकड़ में आया इनामी बदमाश नूर नायव तहसीलदार अनुज कुमार पर हमला करने का मुख्य आरोपी है। नायब तहसीलदार अनुज कुमार मंगलवार को बकायादारो से वसूली के लिए जा रहे थे। रास्ते में गांव रसूलपुर धतरा के पास मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली मिलने पर नायब तहसीलदार ने पूछताछ की तो ट्रैक्टर ट्रॉली पर मौजूद खनन माफिया ने नायब तहसीलदार व उनके अर्दली एवं चालक पर हमला कर दिया।

नायब तहसीलदार और उनके अर्दली ने किसी तरह भाग कर खुद को बचाया लेकिन चालक दीपक को खनन माफिया ने पकड़ दिया और उसकी जमकर पिटाई की।

## भाजपा पार्षद के पति अंकित शुक्ला का सरेंडर

**कानपुर।** कानपुर की भाजपा पार्षद सौम्या शुक्ला के पति अंकित शुक्ला ने सरेंडर कर दिया। शुक्रवार दोपहर वह स्कॉर्पियो से अपने समर्थकों और 4 अन्य आरोपियों के साथ ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर के दफ्तर आया। वह चश्मा लगाए हुआ था। वहां पहले से ही अंकित की पत्नी सौम्या और सतीश महाना के करीबी भाजपा नेता राकेश तिवारी मौजूद थे। उन्हीं की मौजूदगी में अंकित, सत्येंद्र वाजपेई, अंकुर सिंह, यशस्वी शुक्ला और सूरज तिवारी ने सरेंडर किया। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने सभी को हिरासत में लेकर थाने गई है। अब वहां से रायपुरवा थाने भेज दिया जाएगा। अंकित शुक्ला पर 25 हजार का इनाम था। वह 5 दिन से फरार था। अंकित ने 24 सितंबर यानी रविवार रात को जीटी रोड पर दवा व्यापारी अमोलदीप सिंह की बुरी तरह से पिटाई की थी। वह अपने साथियों के साथ अमोलदीप को इतना मारा था कि उनकी दोनों आंखों में गंभीर चोट आई थी। डॉक्टर्स ने कानपुर से अमोलदीप को दिल्ली के लिए रेफर कर दिया था। दोनों में गाड़ी की टक्कर के बाद विवाद हुआ था। इस मसले पर ज्वाइंट सीपी आनंद प्रकाश तिवारी ने कहा कि दोनों पक्ष बारी-बारी से आकर मिले हैं।

# महराजगंज : दो वन तस्कर पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

महराजगंज। महराजगंज में वनकर्मी पर वाहन चढाकर जानलेवा हमला करने वाले दो वन तस्कर पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिए गये हैं। महराजगंज में कुछ दिन पहले जंगल में वनकर्मी पर वाहन चढ़ाकर जानलेवा हमला करने वाले तस्करों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ के दौरान एक वन तस्कर के पैर में लगी गोली ,जिसमे पुलिस ने दो तस्करों गिरफ्तार किया है इस मामले में पुलिस ने प्रेस नोट जारी कर जानकारी दी है। पुलिस ने बताया है कि फरेंदा थाना क्षेत्र



में बीते 27 नवंबर को एक वनकर्मी पर पिकप वाहन चढाकर जानलेवा हमला करने का प्रयास किया गया था। इस मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही थी। इसी बीच सूचना पर समय माता मंदिर विशुनपुर अदरीना के पास पहुचकर तस्करों को पकड़ने के लिए घेराबंदी कर दी गई। समय सुबह तीन बजे के करीब एक मोटरसाईकिल पर दो व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये। जिन्हे टार्च की रोशनी से इशारा करते हुए रोकने का प्रयास किया गया तो वह पुलिस वालो को जान मारने की नीयत से फायर कर के बृजमनगंज की तरफ भागने लगे, जिनका पीछा किया गया तो वह मोटरसाईकिल को छोड़कर जंगल की तरफ पैदल भागने लगे। तस्करों को पड़कने की कोशिश की गई तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसके बाद हुए मुठभेड़ में एक आरोपी के पैर में गोली लग गई, वहीं दूसरा आरोपी भी पकड़ लिया गया।

आरोपी के पास से एक 315 बोर का तमंचा बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम राजू निवासी सौनोरा बुजुर्ग थाना कैम्पियरगंज जनपद गोरखपुर तथा श्रीलाल पुत्र रामकाज उम्र निवासी ग्राम जमुहरा थाना मेहदावल जनपद संतकबीर नगर बताये हैं।

# डिलीवरी के दौरान महिला और बच्चे की मौत

## घरवालों ने किया हंगामा, अवैध अस्पताल के डॉक्टर व स्टाफ पर लापरवाही का आरोप

खेरागढ़। आगरा के थाना जगनेर क्षेत्र में शुक्रवार को एक निजी अस्पताल में प्रसूता और उसके नवजात बच्चे की मौत हो गई।

गुस्साए परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा काटा। पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर शांत कराते हुए महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

भगवान देवी (28) पत्नी हेम सिंह निवासी वीरभान, थाना जगनेर को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन जगनेर के आगरा रोड स्थित प्रीति अस्पताल में लेकर पहुंचे और भर्ती करा दिया। शुक्रवार सुबह भगवान देवी की डिलीवरी के दौरान तबियत बिगड़ती चली गई और खून बहने लगा। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में मौजूद चिकित्सक और स्टाफ के लापरवाही बरतने के कारण डिलीवरी के दौरान नवजात बच्चे की जान चली गई।

इसके कुछ समय बाद ही भगवान देवी की सांस भी थम गई। दोनों की मौत से अस्पताल के स्टाफ में खलबली मच गई।

घटना से आक्रोशित परिजन हंगामा करने लगे, जिसकी सूचना पर जगनेर पुलिस पहुंच गई और मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए उचित कार्रवाई करने की बात कहते हुए उन्हें शांत कराया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जगनेर के अवैध रूप से संचालित प्रीति अस्पताल पर स्वास्थ्य विभाग पहले भी कार्रवाई कर चुका है, इस सबके बावजूद भी धधल्ले से यह अस्पताल संचालित हो रहा है। इससे स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई पर सवालिया प्रश्न खड़ा हो रहा है।

सीएचसी प्रभारी जगनेर नीरज शर्मा ने बताया है कि बिना पंजीकरण के अस्पतालों की सूची अभी कुछ दिन पहले ही उच्चाधिकारियों को भेजी गई है, जिसमें इस अस्पताल का नाम भी है।

पहले भी इस पर कार्रवाई हो चुकी है। एसीपी खेरागढ़ महेश कुमार ने बताया है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया था। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बिजनौर में युवती ने मनचले को पकड़ा

बिजनौर। बिजनौर के मंडावर इलाके में अपने घर के बाथरूम में नहा रही युवती की मोबाइल से वीडियो बनाने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी को जेल भेजने की कवायद में जुट गई है। पूरा मामला बिजनौर के मण्डावर थाना क्षेत्र का है, जहां कस्बे के रहने वाली एक युवती अपने घर में बने बाथरूम में नहा रही थी। बताया जा रहा है कि इसी दौरान पास का ही रहने वाला एक युवक बाथरूम में युवती की मोबाइल से वीडियो बना रहा था। इसी दौरान युवती को नजर मोबाइल में पड़ी तो उसने युवक के हाथ से मोबाइल छीनकर शोर मचा दिया। शोर मचाने पर आसपास के काफी लोग इकट्ठा हो गए आरोपी युवक मौके से फरार हो गया।

# लखनऊ विश्वविद्यालय में बवाल, छात्रों के दो गुट में हुई मारपीट

लखनऊ। एलयू यानी लखनऊ विश्वविद्यालय में शुक्रवार को एक बार फिर बड़ा बवाल हो गया हैं। 2 गुटों के छात्रों के बीच मारपीट से परिसर में घमासान मच गया। देखते ही देखते अराजकता जैसी स्थिति हो गई। हालात संभालने मौके पर पहुंचे प्रोक्टोरियल बोर्ड के सदस्य और पुलिस को भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। गुस्साए छात्रों ने पुलिस की मौजूदगी में आरोपी छात्र को जमकर पिटाई की। हालात बिगड़ता देख मौके पर पीएसी समेत भारी मात्रा में सुरक्षाबल तैनाती की गई हैं। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को विश्वविद्यालय के छात्र को पिटाई के लिए कुछ बाहरी छात्रों आए। प्रॉक्टर ऑफिस के सामने सुभाष छात्रावास के छात्र अक्षय वर्मा और आशीष पांडे को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया। इस बीच विश्वविद्यालय के बाकी छात्र भी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान एक बाहरी छात्र उनकी पकड़ में आ गया। देखते ही देखते आरोपी छात्र की जमकर पिटाई शुरू कर दी। प्रॉक्टर समेत पुलिस की मौजूदगी में छात्रों ने छात्र को जमकर धुना। किसी तरह पुलिस ने आरोपी छात्र को गाड़ी पर बिठाया। रु प्रवक्ता डॉ.दुर्गेश ने बताया कि मारपीट की घटना हुई हैं पर अचानक कैसे माहौल बिगड़ गया इसकी फिलहाल जानकारी नही। परिसर में पर्याप्त मात्रा में पुलिस और सुरक्षा बल तैनात हैं। और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर राकेश द्विवेदी बताया कि विश्वविद्यालय के छात्रों के बीच मारपीट हुई थी।

नई दिल्ली
शनिवार 30 सितम्बर 2023
www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### होण्डा मोटरसाइकिल ने लॉन्च की नई गोल्ड विंग टूर

नयी दिल्ली। होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने आज अपनी प्रमुख मोटरसाइकिल गोल्ड विंग टूर की बुकिंग शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इसकी ग्रुरुराम में एक्स शो रूम कीमत 39,20,000 रूपए है। तकरीबन पांच दशकों से होण्डा की दिग्गज टूरिंग मशीन ने दुनिया भर में लम्बी-दूरी की लक्ज़री क्रूज़िंग में विशेष बेंचमार्क स्थापित किए हैं। नई होण्डा गोल्ड विंग टूर जापान से सीबीयू (कम्पलीटली बिल्ट-अप) रूट के ज़रिए भारत पहुंचेगी और इसे एक्सक्लुज़िव रूप से प्रीमियम बिगविंग टॉप लाईन डीलरशिप्स के माध्यम से बेचा जाएगा। होण्डा की प्रतिष्ठित गोल्ड विंग टूर आधुनिक स्टाइल, अनूठे सिलहूट के साथ इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रोनिक्स के नए मानक स्थापित करती है। इसका एनर्जेटिक फ्रोंटल सिनेचर, न्यून्स्ड एरोडायनामिक डीटेलिंग और ट्रेडमार्क फेयरिंग इसे बेहतरीन लुक देते हैं और सडक़ पर इसकी मौजूदगी को सही मायनों में ज़बरदस्त बनाते हैं। वे लोग जिन्हें दोपहिया वाहनों पर मीलों चलना पसंद है, दोपहिया राईड ही जिनके लिए स्टाइल स्टेटमेन्ट है, उनके लिए गोल्ड विंग टूर से बेहतर कुछ और नहीं- एक ऐसा मॉडल जिसने वास्तव में टूरिंग कैटेगरी की खोज की है। होण्डा गोल्ड विंग टूर 1833 सीसी, लिक्विड-कूल्ड, 4 स्ट्रोक, 24 वॉल्व, फ्लैट सिक्स-सिलिंडर इंजन के सथ आती है।

### चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त में राजकोषीय घाटा 6.43 लाख करोड़

नयी दिल्ली। वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-अगस्त अवधि के दौरान केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा 6.43 लाख करोड़ रुपये या वार्षिक बजट अनुमान का 36 प्रतिशत रहा है। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) द्वारा आज जारी आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2023 की अप्रैल-अगस्त अवधि में राजकोषीय घाटा या सरकार के कुल राजस्व और व्यय के बीच का अंतर 5.42 लाख करोड़ रुपये या बजट अनुमान का 32.6 प्रतिशत था। वित्त वर्ष 2024 में सरकार का राजकोषीय घाटा 17.86 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-अगस्त अवधि में केंद्र की कुल प्राप्तियां 10.29 लाख करोड़ रुपये थीं जबकि इसी अवधि के दौरान कुल व्यय 16.72 लाख करोड़ रुपये था। चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीने में कुल राजस्व प्राप्तियां 10.14 लाख करोड़ रुपये थीं। इसमें 8.04 लाख करोड़ रुपये का कर राजस्व और 2.10 लाख करोड़ रुपये का गैर-कर राजस्व शामिल था। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024 की अप्रैल-अगस्त अवधि में सरकार का पूंजीगत व्यय 3.74 लाख करोड़ रुपये या वार्षिक लक्ष्य का 37.4 प्रतिशत था। पिछले साल की समान अवधि में केंद्र का पूंजीगत व्यय 2.52 लाख करोड़ रुपये था।

### जेड ब्लैक अगरबत्ती ने कोलकाता में नकली अगरबत्ती का पर्दाफाश किया

कोलकाता। अगरबत्ती बनाने वाली कंपनी जेड ब्लैक ने त्योहारी सीजन की शुरुआत में साथ ही नकली अगरबत्ती पर रोक लगाने के उद्देश्य से की गयी छापेमारी में पश्चिम बंगाल में गोदाम से नकली अगरबत्ती बरामद की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इसको लेकर आसनसोल दुर्गापुर पुलिस में एक प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। सनसोल उत्तरी के कुरैशी मोहल्ला निवासी मोहम्मद हिलाल और आसनसोल उत्तरी निवासी मोहम्मद असलम के पास से कुरैशी मोहल्ला में रहने वाले मोहम्मद मुख्तार के गोदाम से नकली सामान जब्त किया गया। देश के सबसे बड़े अगरबत्ती निर्माताओं और निर्यातकों में से एक एमडीपीएच ने, जिनका ब्रांड नाम जेड ब्लैक है, अपने आईपी अधिकारों की रक्षा के लिए शिकायत दर्ज किया है। ट्रेड मार्क्स रजिस्ट्री के समक्ष लगभग 1500 नोटिस दर्ज किए गए हैं और ट्रेड मार्क्स रजिस्ट्री के समक्ष गलत तरीके से पंजीकृत ट्रेड मार्क्स के खिलाफ 100 से अधिक आवेदन भी दायर किए गए हैं। कंपनी ने निषेधाज्ञा और क्षति के लिए विभिन्न सिविल मुकदमे भी दायर किए हैं और मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, उड़ीसा और उत्तर प्रदेश जैसे विभिन्न राज्यों में जालसाजी को रोकने के लिए विभिन्न आपराधिक शिकायतें दर्ज की हैं।

### विदेशी मुद्रा भंडार 590.7 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी आने से 22 सितंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.34 डॉलर घटकर लगातार तीसरे सप्ताह गिरता हुआ 590.7 अरब डॉलर पर आ गया वहीं इसके पिछले सप्ताह यह 86.7 करोड़ डॉलर कम होकर 593.04 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 22 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.6 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 523.4 अरब डॉलर रह गयी। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 30.7 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 44.3 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 7.9 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह घटकर 18 अरब डॉलर रह गया। इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.1 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ पांच अरब डॉलर रह गई।

### टीएमबी के एमडी, सीईओ ने निजी कारणों का हवाला देते हुए दिया इस्तीफा

चेन्नई। तमिलनाडु मर्केंटाइल बैंक लिमिटेड (टीएमबी) ने अचानक हुए घटनाक्रम में गुरुवार देर रात घोषणा की कि उसके प्रबंध निदेशक और सीईओ एस. कृष्णन ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए पद से इस्तीफा दे दिया है। एनएसई और बीएसई के साथ एक नियामक फाइलिंग में टीएमबी के एक बयान में कहा गया है कि उन्होंने बोर्ड बैठक में कागजात रखे हैं और इसे बोर्ड द्वारा स्वीकार कर लिया गया है। फाइलिंग में कहा गया है कि उनका इस्तीफा पत्र आरबीआई को उनके मार्गदर्शन/सलाह के लिए भेज दिया गया है। हालाँकि, श्री कृष्णन तब तक एमडी और सीईओ बने रहेंगे जब तक बैंक को आरबीआई से मार्गदर्शन/सलाह नहीं मिल जाती। कृष्णन लगभग 13 महीने पहले टीएमबी में शामिल हुए थे। हालाँकि, उनका लगभग दो-तिहाई कार्यकाल बाकी है, लेकिन उन्होंने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए अपना इस्तीफा दे दिया।

### टेक्निकल टेक्सटाइल में 46.74 करोड़ रुपये मूल्य की 18 आर एंड डी परियोजनाओं को मंजूरी

नयी दिल्ली। कपड़ा मंत्रालय की टेक्निकल टेक्सटाइल मिशन योजना के तहत जियोटेक, प्रोटेक, इंडुटेक, सस्टेनेबल टेक्सटाइल, स्पोर्टटेक, स्मार्ट ई-टेक्सटाइल, मेडिटेक खंड के प्रमुख क्षेत्रों में 46.74 करोड़ रुपये की 18 अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। केंद्रीय वस्त्र, वाणिज्य और उद्योग तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल की अध्यक्षता में यहां राष्ट्रीय टेक्निकल टेक्सटाइल मिशन के मिशन संचालन समूह (एमएसजी) की 7वीं बैठक में संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए गोयल ने कहा कि भारत में टेक्निकल टेक्सटाइल के स्वदेशी विकास के लिए उद्योग और संस्थान की सक्रिय और मजबूत भागीदारी आवश्यक है। इन निर्णय के बारे में जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि वस्त्र मंत्रालय ने 7वीं एमएसजी बैठक के दौरान जियोटेक, प्रोटेक, इंडुटेक, सस्टेनेबल टेक्सटाइल, स्पोर्टटेक, स्मार्ट ई-टेक्सटाइल, मेडिटेक खंड के प्रमुख व्यवहारिक क्षेत्रों में 46.74 करोड़ रुपये की 18 अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन 18 अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं में से 14 उच्च मूल्य वाली परियोजनाएं हैं, 3 प्रोटोटाइप अनुदान परियोजनाएं हैं और 1 आइडिएशन ग्रांट परियोजना है। इन परियोजनाओं में टेक्निकल टेक्सटाइल के विभिन्न अनुप्रयोग क्षेत्रों को शामिल किया गया है, जिनमें जियोटेक की 1, प्रोटेक की 2, इंदुटेक की 2, स्पोर्टटेक की 2, सस्टेनेबल टेक्सटाइल की 5, मेडिटेक की 3, स्मार्ट और ई टेक्सटाइल की 3 और जियोटेक्सटाइल की 1 परियोजना शामिल है। स्वीकृत परियोजनाओं का नेतृत्व बीटीआरए, एटीआईआरए, आईआईटी दिल्ली, आईआईटी जम्मू, एनआईटी जालंधर, आईआईटी खड़गपुर, सीएसआईआर नई दिल्ली, आईआईटी मद्रास सहित अन्य संस्थानों और अनुसंधान निकायों ने किया था।

## एमजंक्शन की स्टील कॉन्फ्रेंस में डीकार्बनाइजेशन और स्थायित्व पर रहा फोकस

नई दिल्ली। भारत की सबसे बड़ी बी2बी ई-कॉमर्स कंपनी एमजंक्शन सर्विस लिमिटेड ने 27 और 28 सितंबर को नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में इंडियन स्टील मार्केट्स कॉन्फ्रेंस के 10वें संस्करण का आयोजन किया। इस साल के कॉन्फ्रेंस की थीम थी इंडियन स्टील: इनोवेटिंग सॉल्यूशंस फॉर स्मार्टर एण्ड सस्टेनेबल फ्यूचर" (भारतीय इस्पात : ज्यादा स्मार्ट एवं स्थायी भविष्य के लिए नए-नए समाधानों का आविष्कार करना)।

स्टील मंत्रालय के सचिव एवं आईएएस श्री नागेन्द्र नाथ सिन्हा, सेल के चेयरमैन श्री अमरेंदु प्रकाश और एमओआईएल के सीएमडी एवं एमईसीओएन के अतिरिक्त प्रभारी श्री ए.के. सक्सेना ने उद्योग के अन्य दिग्गजों के साथ स्टील सेक्टर के डीकार्बनाइजेशन की चुनौतियों से जुड़े मुद्दों और डीकार्बनाइजेशन पर उद्योग के प्रमुखों के बीच सहयोग की आवश्यकता पर बात की। घरेलू टेक्नोलॉजीज विकसित करने और आयात कम करने के लिये महत्वपूर्ण इनपुट्स का घरेलू उत्पादन प्राप्त करने के लिए सहयोग का आह्वान किया गया।





सेल के चेयरमैन श्री अमरेंदु प्रकाश ने कहा कि स्टील के बाजार को विस्तारित करने के तरीकों को तलाशते हुए, स्टील निर्माताओं को खनन से लेकर नवीकरण योग्य ऊर्जा की खपत तक स्टील के उत्पादन की महत्व श्रृंखला पर गौर करने की आवश्यकता है। यह महत्व श्रृंखला खुद ही स्टील की मांग पैदा करेगी।

एनएमडीसी लिमिटेड के निदेशक (वाणिज्यिक) श्री विश्वनाथ सुरेश ने दूसरी चुनौतियों जैसे कि लॉजिस्टिक की बाधाओं आदि के बारे में विस्तार से समझाया। इन बाधाओं से मटेरियल की गति घुमावदार हो जाती है और लौह अयस्क का लाभ कम होता है।

एमजंक्शन के एमडी श्री विनय वर्मा ने अपने आरंभिक सम्बोधन में कहा कि ग्रीनहाउस गैसों को कम करने और डीकार्बनाइजेशन के संदर्भ में भारतीय स्टील उद्योग चुनौतीपूर्ण समय से गुजर रहा है। दुनिया की सप्लाई चेन के दोबारा बहाल होने के साथ, उत्पादन में नये निवेशों के लिये भारत एक अनुकूल जगह है। इस गति को बनाये रखने के लिये भारत का स्टील उद्योग बिक्री, खरीदी एवं लॉजिस्टिक्स के कामों में नवाचारों के माध्यम से प्रतिस्पर्द्धी होना चाह रहा है। उत्पाद का स्थायित्व, आपूर्ति श्रृंखला का सक्षम प्रबंधन, अभिनव डिजिटल समाधान और चक्रीय अर्थव्यवस्था उद्योग को आगे ले जाने के लिये महत्वपूर्ण हैं।

इसके लिये एमजंक्शन ने कुछ पहलें की हैं- उनमें से एक है भारत में मांग और आपूर्ति के परिदृश्य को देखते हुए मेट कोल खरीदने में भारतीय खरीदारों की सहायता के लिये मेट कोल प्लेटफॉर्म बनाना। एमजंक्शन ने यह सुनिश्चित करने के लिये ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स भी डिजाइन किये हैं कि विभिन्न स्त्रोतों, जैसे कि ईएलवी स्क्रैप, होम स्क्रैप, इंडस्ट्रीयल स्क्रैप, आदि से पैदा होने वाला स्टील स्क्रैप पूरे भारत में उपभोक्ताओं को लगातार उपलब्ध हो। इस प्रकार स्टील के अधिक स्थायी उत्पादन में योगदान मिलेगा।

वर्मा ने कॉन्फ्रेंस के अन्य पहलुओं पर जानकारी देते हुए कहा, एमजंक्शन में हम स्थायी गुणवत्ता का स्क्रैप प्राप्त करने और उसे स्टील कंपनियों की लोकेशन तक पहुँचाने में उनकी मदद करते हैं। इस तरह यह काम बिना किसी परेशानी के और पारदर्शी ढंग से होता है।

## सिंधिया ने इस्पात उद्योग में कार्बन उर्त्सन घटाने के उपायों पर जोर दिया

नयी दिल्ली। केंद्रीय इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने भारत में इस्पात उद्योग में कार्बन उत्सर्जन का स्तर घटाने और हरित इस्पात के लिए मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र विकसित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया है।

सिंधिया देश में को हरित इस्पात पारिस्थितिकी तंत्र को सक्षम बनाने के लिए गठित कार्यबलों के साथ शुक्रवार को यहां चर्चा कर रहे थे। उनके पास नागरिक उड्डयन विभाग का दायित्व भी है।

कल हुई इस बैठक में इसके लिए बनाए गए 13 कार्यबलों में से पांच के साथ सार्थक विचार-विमर्श किया।

इस्पात मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार बैठक में श्री सिंधिया ने स्टील उद्योग के विविध परिदृश्य पर विचार करने वाले नीतिगत उपायों के साथ-साथ कार्बन उत्सर्जनों को कम करने के समाधानों की आवश्यकता पर जोर दिया।

कार्यबलों की बैठक में हरित स्टील उत्पादन के लिए वित्तपोषण विकल्पों पर चर्चा के अलावा उद्योग की बढ़ती कौशल मांगों को पूरा करने के लिए शैक्षिक संस्थानों के गठन और उन्हें



सशक्त बनाने की आवश्यकता पर विचार-विमर्श किया गया। प्रक्रिया में परिवर्तन संबंधी कार्य बलचर्चा में कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए लौह संयंत्रों में कोयला आधारित फीडस्टॉक के बजाय प्राकृतिक गैस और सिनगैस के उपयोग को प्रोत्साहन देने की जरूरत बतायी गयी।

बैठक में इस क्षेत्र के प्रमुख हितधारकों, उद्योग विशेषज्ञों और सरकारी अधिकारियों ने भाग लिया। उन्होंने इस्पात उत्पादन प्रक्रिया को स्वस्थ और कार्बन मुक्त बनाने के भारत के दृष्टिकोण के प्रति अपनी पूर्ण प्रतिबद्धता जताई।

बैठक में इस्पात मंत्रालय के सचिवनागेन्द्र नाथ सिन्हा, कार्यबलों के अध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

विज्ञप्ति के अनुसार भारतीय बैंक संघ के मुख्य कार्यकारी सुनील मेहता के नेतृत्व में वित्त मामले में टास्क फोर्स ने भारतीय इस्पात उद्योग में कार्बन उत्सर्जन घटाने के लिए वित्तपोषण के विकल्पों पर मसुझाव दिए।

विद्युत एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के वरिष्ठ अनिरुद्ध कुमार के नेतृत्व में नवीकरणीय ऊर्जा पारेषण कार्य बल ने इस्पात उद्योग में नवीकरणीय ऊर्जा नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने हेतु प्रोत्साहन और उद्योगों को कैप्टिव नवीकरणीय ऊर्जा सुविधाएं स्थापित करने जैसे उपायों को अपनाने संबंधी प्रस्तावों को प्रस्तुत किया।

सार्वजनिक नीति और कौशल विकास विशेषज्ञ सुनीता सांघी के नेतृत्व में कौशल विकास कार्य बल ने इस्पात उद्योग की जनशक्ति के कौशल संवर्धन और री-स्किलिंग जैसी क्षमताओं की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया।

सेल के स्वतंत्र निदेशक अशोक कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में ऊर्जा दक्षता कार्य बल ने एकीकृत इस्पात संयंत्रों और माध्यमिक इस्पात उद्योगों दोनों के लिए ऊर्जा दक्षता समाधान को बढ़ावा देने की सिफारिशें कीं।

वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के तहत राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला के पूर्व निदेशक डॉ. इंद्रनील चट्टोराज के नेतृत्व में प्रक्रिया पारेषण कार्यबल ने डायरेक्ट रिड्यूस्ड लौह संयंत्रों में कोयला आधारित फीडस्टॉक की बजाय प्राकृतिक गैस और सिनगैस के उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

मंत्रालय ने देश में हरित इस्पात उत्पादन के लिए प्रारूप निर्धारित करने के लिए श्री सिंधिया के नेतृत्व में उद्योग, शिक्षा जगत, शोध संस्थानों, विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थानों, विभिन्न मंत्रालयों एवं अन्य हितधारकों को शामिल करते हुए कार्बन उत्सर्जन को न्यूनतम करने पर विचार-विमर्श और सिफारिश करने के लिए 13 टास्क फोर्स का गठन किया है।

## हेल्थकेयर और धातु समूह की तेजी से शेयर बाजार ने भरी उड़ान

मुंबई। विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हेल्थकेयर, धातु, कमोडिटीज, ऊर्जा, तेल एवं गैस और पावर समेत 18 समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार ने करीब आधे प्रतिशत की छलांग लगाई।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 320.09 अंक की तेजी के साथ 65828.41 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 114.75 अंक उछलकर 19638.30 अंक पर पहुंच गया। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 1.31 प्रतिशत की छलांग लगाकर 32,340.71 अंक और स्मॉलकैप 0.57 प्रतिशत चढ़कर 37,562.23 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3781 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2349 में तेजी जबकि 1279 में गिरावट रही वहीं 153 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 38 कंपनियां हरे जबकि शेष 12 लाल निशान पर रही।

बीएसई के 18 समूहो में लिवाली हुई। इस दौरान धातु 2.71, हेल्थकेयर 2.22, कमोडिटीज 1.25, सीडी 0.51, ऊर्जा 1.16, एफएमसीजी 0.52, वित्तीय सेवाएं 0.78, इंडस्ट्रियल्स 0.66, दूरसंचार 0.90, यूटिलिटीज 0.93, ऑटो 0.54, बैंकिंग 0.67, कैपिटल गुड्स 0.77, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.14, तेल एवं गैस 1.30, पावर 1.02, रियल्टी 0.91 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.53 प्रतिशत चढ़ गए।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.84, जर्मनी का डैक्स 0.84, हांगकांग का हैंगसेंग 2.51 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.10 प्रतिशत मजबूत रहा जबकि जापान के निक्केई में 0.05 प्रतिशत की गिरावट रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 236 अंक की तेजी लेकर 65,743.93 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 65,570.38 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह कारोबार के अंतिम चरण में 66,151.65 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 65,508.32 अंक के मुकाबले 0.49 प्रतिशत उछल कर 65,828.41 अंक पर रहा।

निफ्टी भी 58 अंक की बढ़त लेकर 19,581.20 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,551.05 अंक के निचले जबकि 19,726.25 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,523.55 अंक की तुलना में 0.59 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,638.30 अंक पर पहुंच गया।

## इस्पात क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन में कमी की पद्धति अपनाने पर जोर

नयी दिल्ली। देश में इस्पात बाजार पर राजधानी में आयोजित दो दिवसीय 10वें इंडियन स्टील मार्केट्स कॉन्फ्रेंस में स्वस्थ तरीके से वृद्धि के लिए इस्पाद क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन पर अंकुश लगाने की नयी पद्धतियां अपनाए जाने पर बल दिया गया। सम्मेलन में लोहे तथा इस्पात के भंगार के पुनर्चक्रण के प्रोत्साहन पर भी चर्चा की गयी। इस वर्ष सम्मेलन का विषय था भारतीय इस्पात ज्यादा स्मार्ट एवं स्थायी भविष्य के लिए नए-नए समाधानों का आविष्कार करना। बी2बी ई-कॉमर्स कंपनी एमजंक्शन सर्विस लिमिटेड द्वारा 27-28 सितंबर को राजधानी में आयोजित इस आयोजन के विभिन्न सत्रों में इस्पात मंत्रालय के सचिव एवं आईएएस नागेन्द्र नाथ सिन्हा, सेल के चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश और मैंगनीज अयस्क क्षेत्र के सरकारी उपक्रम एमओआईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं डिजाइन, निर्माण एवं इंजीनियरिंग तथा परामर्शदाता सरकारी कंपनी मेकॉन लिमिटेड के अतिरिक्त प्रभारी ए.के. सक्सेना ने उद्योग के अन्य दिग्गजों के साथ स्टील सेक्टर के डी-कार्बनाइजेशन की चुनौतियों से जुड़े मुद्दों और डीकार्बनाइजेशन पर उद्योग के प्रमुखों के बीच सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया।

सम्मेलन में इस काम के लिए नयी घरेलू तकनीकी विकसित करने और आयात कम करने के लिये महत्वपूर्ण कच्चे माल का घरेलू उत्पादन प्राप्त करने के लिए सहयोग का आह्वान किया गया।

सेल के चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश ने कहा कि स्टील के बाजार को विस्तारित करने के तरीकों को तलाशते हुए, स्टील निर्माताओं को खनन से लेकर नवीकरण योग्य ऊर्जा की खपत तक स्टील के उत्पादन की महत्व श्रृंखला पर गौर करने की आवश्यकता है। यह महत्व श्रृंखला खुद ही स्टील की मांग पैदा करेगी। खनिज कंपनी एनएमडीसी लिमिटेड के निदेशक (वाणिज्यिक) विश्वनाथ सुरेश ने दूसरी चुनौतियों जैसे कि लॉजिस्टिक की बाधाओं आदि के बारे में विस्तार से समझाया। इन बाधाओं से मटेरियल की गति घुमावदार हो जाती है और लौह अयस्क का लाभ कम होता है। एमजंक्शन के प्रबंध निदेशक विनय वर्मा ने अपने आरंभिक सम्बोधन में कहा कि ग्रीनहाउस गैसों को कम करने और डीकार्बनाइजेशन के संदर्भ में भारतीय स्टील उद्योग चुनौतीपूर्ण समय से गुजर रहा है।

## शंघाई सहयोग संगठन के साथ बहुआयामी सहयोग को भारत तत्पर : अनुप्रिया पटेल

नयी दिल्ली। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों व्यापार और वित्त मंत्रियों की इस सप्ताह हुई बैठक में भारत ने कहा कि वह सदस्य देशों के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने और 'बहुआयामी सहयोग' को बढ़ावा देने के लिए तत्पर है।

किर्गिस्तान की अध्यक्षता में बिश्केक में 27 सितंबर को हुई इस बैठक में भारत की ओर से वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने वर्चुअल (वीडियो कांफ्रेंसिंग माध्यम) माध्यम से भाग लिया। उन्होंने एससीओ के सदस्य देशों को पारंपरिक चिकित्सा पर विशेषज्ञ कार्य समूह की पहली बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया, जो नवंबर में गुजरात के जामनगर में विश्व स्वास्थ्य संगठन के वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा केंद्र में आयोजित होगी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार एससीओ मंत्रियों ने सदस्य देशों के बीच व्यापार और आर्थिक सहयोग को मजबूत करने की



संभावनाएं और उपाय विषय पर अपने दृष्टिकोण साझा किए।

विज्ञप्ति के अनुसार पटेल ने कहा कि भारत सदस्य देशों के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि भारत ने गत जुलाई में एससीओ के अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया । इस दौरान सहयोग के पांच नए स्तंभ और प्रमुख क्षेत्र तय किए गए जिनमें - स्टार्टअप और नवाचार, पारंपरिक चिकित्सा, डिजिटल समावेशन, युवा सशक्तिकरण और साझा बौद्ध विरासत शामिल है।

पटेल ने कहा, यह दर्शाता है कि भारत %बहुआयामी सहयोग% के लिए प्रयासरत है। उन्होंने यह भी कहा कि वाराणसी को 2022-23 के लिए एससीओ की सांस्कृतिक और पर्यटन राजधानी के रूप में नामित किया गया है।

पटेल ने भारत में बुनियादी ढांचे के विकास, उद्योग और सेवा क्षेत्र में एससीओ देशों से निवेश का भी स्वागत किया। उन्होंने बैठक को भारत में फार्मास्यूटिकल, इलेक्ट्रॉनिक, मेडिकल डिवाइस, एसी, एलईडी, सोलर पीवी मॉड्यूल, एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल बैटरी, ऑटोमोबाइल और मोटर वाहन पुर्जों जैसे क्षेत्रों में विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए घरेलू उद्योगों को सहायता प्रदान करने सहित भारत द्वारा की गई विभिन्न पहलों की जानकारी दी।

उन्होंने किर्गिज गणराज्य को संगठन की अध्यक्षता करने के लिए बधाई दी, साथ ही, नए सदस्य देश के रूप में ईरान का स्वागत किया। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि एससीओ क्षेत्र में 40 प्रतिशत वैश्विक आबादी रहती है और इस क्षेत्र का विश्व की अर्थव्यवस्था का 30 प्रतिशत योगदान है। इसलिए एससीओ क्षेत्र के भीतर व्यापार बढ़ाने की अत्यधिक संभावना है।

उन्होंने बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली के मूल सिद्धांतों और लक्ष्यों की सुरक्षा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभावों को कम करने और जैव विविधता के संरक्षण के महत्वपूर्ण क्षेत्रों सहित कई प्रमुख समस्याओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने आगाह किया कि विश्व मंच पर जलवायु एजेंडे का इस्तेमाल व्यापार और निवेश सहयोग को प्रतिबंधित करने वाले उपायों को पेश करने के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

पटेल ने डिजिटल विभाजन के अंतर को कम करने के लिए डिजिटलीकरण के महत्व पर भी जोर दिया और कहा कि भारत के डिजिटलीकरण के बारे में भी चर्चा की, जिसकी दुनिया भर में सराहना हो रही है।

## वेदांता समूह की समाज के लिए प्रतिबद्धता : 454 करोड़ रुपए का योगदान

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। वेदांता लिमिटेड के सोशल इम्पैक्ट आर्म अनिल अग्रवाल फाउंडेशन (आफ़) ने वित्तीय वर्ष 2022-23 की वार्षिक सोशल इम्पैक्ट रिपोर्ट जारी की है। वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2022-23 में फाउंडेशन द्वारा लोगों के जीवन को बदलने और समाज को मजबूत करने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देश भर में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से 454 करोड़ रुपए का योगदान दिया है।

जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से 4.4 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन में बदलाव लाया जा चुका है, जिनमें से 1268 गांवों के 43.9 लाख लोगों को सोशल इम्पैक्ट प्रोजेक्ट से सीधा लाभ मिला। वेदांता लिमिटेड की निदेशक और हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की अध्यक्ष, सुश्री प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने बताया कि वेदांता में हम एक उद्देश्य के साथ व्यवसाय करने को महत्व देते हैं। ये सोशल इंपैक्ट रिपोर्ट इस बात को दर्शाती है कि हम कौन हैं और हम करते क्या हैं।

महिला सशक्तिकरण और बच्चों का पोषण हमारी प्राथमिकता में सबसे अहम है। महिलाएं हमारी आबादी का आधा हिस्सा हैं, आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी न सिर्फ उनके परिवारों को बेहतर करती है, बल्कि इससे देश का विकास भी सुनिश्चित होता है।

उसी तरह बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं।

हम सभी को समाज को वापसी में कुछ न कुछ देना है, यह हमारे चेयरमैन अनिल अग्रवाल का मुख्य सिद्धांत है। समुदायों को सुधारने और धरा का संरक्षण की हमारी प्रतिबद्धता निरंतर जारी रहेगी। रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 में 4500 नंद घर विकसित किए गए, जिससे प्रारंभिक बचपन की शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, पोषण और कौशल में अपनी उच्च प्रभाव सेवाओं के माध्यम से 1,80,000 बच्चों और 1,36,000 महिलाओं को लाभ हुआ।

प्रोजेक्ट नंद घर अनिल अग्रवाल फाउंडेशन की एक और बड़ी उपलब्धि है जिसके अंतर्गत पोषण सुधार के माध्यम से आंगनवाड़ियों में बच्चों के लिए मल्टी-मिलेट न्यूट्रीबार का लॉन्च किया गया, ताकि बच्चों के दैनिक आहार को सही पोषण के साथ पूरा किया जा सके।

## लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें यथावत

नयी दिल्ली। सरकार ने अक्टूबर दिसंबर तिमाही के लिए आज लघु बचत योजनाओं पर मिलने वाले ब्याज दरों को यथावत बनाये रखने का निर्णय लिया है।

सरकार ने अक्टूबर दिसंबर 2023 तिमाही के लिए छोटी बचत योजनाओं में पांच वर्षीय रेकरिंग जमा पर ब्याज दर में 20 आधार अंक तक की बढ़ोतरी के लावा किसी भी योजना की ब्याज दरों में वृद्धि नहीं की गयी है। वित्त मंत्रालय ने आज जारी एक परिपत्र के माध्यम से यह घोषणा की।

जिन स्कीम पर ब्याज दरें नहीं बढ़ी है उनमें वरिष्ठ नागरिक बचत योजना , सार्वजनिक भविष्य निधि , किसान विकास पत्र और सुकन्या समृद्धि खाता योजना शामिल है।

सरकार द्वारा हर तिमाही में छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दरों की समीक्षा की जाती है।

## शार्ट न्यूज़

### मुरलीधरन ने अपनी जीवनी पर आधारित फिल्म का किया प्रचार

कोलकाता। सुप्रसिद्ध श्रीलंकाई क्रिकेटर मुथैया मुरलीधरन ने अभिनेता मधुर मित्तल के साथ अपनी जीवनी पर आधारित फिल्म 800 का प्रचार किया। फिल्म प्रचार के मुरलीधरन और मधुर मित्तल ने गुरुवार को कोलकाता के साल्टलेक में स्थित शिक्षा निकेतन स्कूल का दौरा कर छात्रों के साथ बातचीत की, स्कूल के छात्रों के साथ जमकर क्रिकेट खेला और बच्चों को ऑटोग्राफ दिये। इस अवसर पर साल्टलेक शिक्षा निकेतन की प्रिंसिपल श्रीमती नूपुर दत्ता ने कहा कि मुथैया मुरलीधरन जैसे महान क्रिकेटर की मेजबानी करना हमारा सौभाग्य है। आज विश्व के मशहूर स्पिन गेंदबाजी के जादूगर को अपने सामने देखकर छात्रों की आँखें खुली रह गई। बच्चे फिल्म में उनकी कहानियों और ज्ञान की बातों को जानकर काफी प्रेरित हुए। मुरलीधरन ने इस दौरान बच्चों को स्कूल में क्रिकेट खेल के महत्व पर बल दिया और छात्रों की युवा प्रतिभा को प्रेरित किया। इस श्रीलंकाई क्रिकेटर ने एक सफल क्रिकेटर बनने के लिए मूल रूप से जुनून, कड़ी मेहनत, अनुशासन और आत्म-विश्वास पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक खिलाड़ी को उनके शानदार करियर के लिए शुभकामनाएं देते हुए हस्ताक्षर किए।

### बोपन्ना-भोसले मिश्रित युगल के फाइनल में

हांगझाउ। भारत के रोहन बोपन्ना और रुतुजा भोसले ने एशियाई खेलों में मिश्रित युगल सेमीफाइनल में चीनी ताइपे के यू-हसिउ सू और हाओ-चिंग चांग की जोड़ी को 6-1, 3-6, [10-4] से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में शनिवार को उनका सामना चीनी ताइपे की एक और जोड़ी - लियांग एन-शुओ और हुआंग त्सुंग-हाओ से होगा। भारतीय जोड़ी ने गुरुवार को कजाकिस्तान के ग्रिगोरी लोमाकिन और ज़िबेक कुलंबायेवा को 7-5, 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। भारतीय जोड़ी को पहले राउंड में बाई मिला था, उसके बाद दूसरे राउंड में उन्होंने उज्बेकिस्तान के अकगुल अमानमुरादोवा-मक्सिम शिन को 6-4, 6-2 से हराया था। इसके बाद भारतीय टेनिस जोड़ी ने राउंड ऑफ 16 में अयानो शिमिजु-शिनजी हजावा को 6-3, 6-4 से हराया और फिर क्वार्टरफाइनल में कज़ाख जोड़ी ज़िबेक कुलम्बायेवा-ग्रिगोरी लोमाकिन को 7-5, 6-3 से शिकस्त दी। एशियन गेम्स में रोहन बोपन्ना का यह दूसरा टेनिस फाइनल होगा। भारतीय टेनिस दिग्गज ने जकार्ता 2018 में पुरुष युगल का स्वर्ण पदक जीता था। हांगझोउ 2023 में रोहन बोपन्ना और उनके पुरुष युगल साथी युकी भांबरी राउंड ऑफ 16 से आगे नहीं बढ़ सके। गौरतलब है कि रुतुजा भोसले इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में अपना डेब्यू कर रही हैं। एशियाई खेलों के इतिहास में भारतीय दल ने दो स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य सहित कुल छह मिश्रित युगल पदक जीते हैं।

### सब जूनियर हॉकी : ओडिशा और झारखंड के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

रांची। पहली हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष और महिला ईस्ट जोन चैंपियनशिप 2023 का फाइनल शनिवार को ओडिशा और झारखंड के बीच खेला जायेगा। सब जूनियर महिला वर्ग में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने 13 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया, उसके बाद हॉकी झारखंड 12 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही। कल सुबह दस बजे दोनो टीमें खिताबी मुकाबले के लिये आमने सामने होंगी। मणिपुर हॉकी और हॉकी बिहार ने क्रमश: 10 और 6 अंकों के साथ तीसरा और चौथा स्थान हासिल किया। सब जूनियर पुरुष वर्ग में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा 15 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष स्थान पर रहा जबकि हॉकी झारखंड 12 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। अब दोनों टीमें शनिवार को 11:45 बजे फाइनल में आमने-सामने होंगी। मणिपुर हॉकी और हॉकी बिहार क्रमश: 9 और 6 अंकों के साथ तीसरे और चौथे स्थान पर रहे। दिन का पहला मैच सब जूनियर महिला वर्ग के पूल ए में मणिपुर हॉकी और हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा के बीच 3-3 से ड्रा पर समाप्त हुआ जबकि दूसरे मैच में सब जूनियर महिला वर्ग के पूल ए में हॉकी बिहार ने असम हॉकी को 11-0 से हराया। सब जूनियर पुरुष वर्ग के पूल ए में दिन के तीसरे मैच में हॉकी झारखंड ने हॉकी बंगाल को 12-0 से हराया। चौथे मैच में सब जूनियर पुरुष वर्ग के पूल ए में हॉकी बिहार ने असम हॉकी को 3-0 से हराया। दिन के आखिरी मैच में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने सब जूनियर पुरुष वर्ग के पूल ए में हॉकी झारखंड को 5-1 से हराया।

### पाकिस्तान के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी हरमनप्रीत की सेना

हांगझाउ। 19वें एशियाई खेलों में जीत की हैट्रिक लगा चुकी हरमनप्रीत के नेतृत्व वाली भारतीय हॉकी टीम शनिवार को चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ जीत की लय को बरकरार करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारत ने अपना शीर्ष प्रदर्शन करते हुए अब तक तीन मैचों में तीन जीत हासिल की है। भारत ने पूल ए मैच में उज्बेकिस्तान पर 16-0 से जीत के साथ प्रतियोगिता की शुरुआत की जबकि दूसरे मैच में सिंगापुर पर 16-1 से जीत दर्ज की। गुरुवार को भारत को 2018 एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता जापान के खिलाफ अभियान की सबसे कठिन चुनौती का सामना करना पड़ा मगर जीत की लय बरकरार रखते हुए टीम ने 4-2 से जीत की हैट्रिक पूरी की। भारत की तरह पाकिस्तान टीम भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है और उसने अब तक खेले तीनों मैच जीते हैं। पाकिस्तान ने अपने अभियान की शुरुआत सिंगापुर पर 11-0 से जीत के साथ की और फिर बांग्लादेश पर 5-2 से और उज्बेकिस्तान पर 18-2 से जीत दर्ज की। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा टीम ने टूर्नामेंट में अब तक अपने खेले गये मैचों से कई बेशकीमती सबक सीखे हैं, जो पाकिस्तान के खिलाफ काम आएंगे। टूर्नामेंट में अब तक हमारे लिए अच्छी शुरुआत रही है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण पहलू है कि प्रत्येक प्रतिद्वंद्वी के साथ हमने अपने गेमप्ले के बारे में नई चीजें सीखी हैं और हम अपने खेल को कैसे बेहतर बना सकते हैं। हम अजेय रहे हैं, जो हमें पाकिस्तान के खिलाफ खेल से पहले आत्मविश्वास देता है कि हम अच्छी स्थिति और लय में हैं, औरऔर अब यह केवल गति बनाए रखने और उन सबक को लागू करने के बारे में है जो हम हर दिन सीख रहे हैं।


### मो बोबाट बने आरसीबी के क्रिकेट निदेशक

बेंगलुरु। इंग्लिश क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के परफार्मेंस डायरेक्टर मो बोबाट को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से पहले अपना क्रिकेट निदेशक नियुक्त करने की घोषणा की है। 40 वर्षीय बोबाट 12 वर्षों से ईसीबी के साथ हैं और 2019 से परफार्मेंस डायरेक्टर के रूप में काम कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में इंग्लैंड ने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच और वनडे विश्व कप जीता था। बोबाट और आरसीबी के मौजूदा मुख्य कोच एंडी फ्लावर पहले इंग्लैंड के साथ मिलकर काम कर चुके हैं और अब एक बार फिर साथ आकर वे आरसीबी में नए बदलाव लाने और उसे सफलता की ऊंचाइयों पर पहुंचाने कोशिश करेंगे। बोबाट आरसीबी के साथ प्रतिभाओं की भर्ती और परफार्मेंस से जुड़ी योजनाओं की देखरेख करेंगे, और निरंतर सफलता के लिए एक अलग तरह की टीम सांस्कृतिक और उच्च प्रदर्शन के लिए जरूरी नींव स्थापित करने का लक्ष्य रखेंगे। बोबाट की नियुक्ति के बारे में डियाजियो इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी और आरसीबी के अध्यक्ष प्रथमेश मिश्रा ने कहा, हमें आईपीएल में आरसीबी के क्रिकेट निदेशक के रूप में मो बोबाट का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। बोबाट ने पहले ही साबित कर दिया है कि वह इंग्लैंड के साथ इसी तरह की भूमिका में क्या-क्या कर सकते हैं, और मेरा मानना है कि विशेषज्ञता और वर्षों के अनुभव के साथ, वह आरसीबी को नई ऊंचाईयों तक जाने में मार्गदर्शन करेंगे। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के उपाध्यक्ष और प्रमुख राजेश वी मेनन ने कहा, क्रिकेट निदेशक का पद हमारी इलीट परफार्मेंस की दीर्घकालिक रणनीति के विकास में एक महत्वपूर्ण पद है।

# बैडमिंटन में महिलाओं ने किया निराश, पुरुष टीम का पदक पक्का

हांगझाउ। स्टार शटलर पीवी सिंधु के नेतृत्व वाली भारतीय महिला टीम शुक्रवार को एशियाई खेल 2023 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई जबकि पुरुष बैडमिंटन टीम ने क्वार्टरफाइनल में नेपाल को हरा कर पदक पक्का कर लिया।

महिला बैडमिंटन टीम को थाईलैंड के ख़िलाफ़ 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधु को टीम स्पर्धा क्वार्टरफाइनल के पहले मैच में थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से 67 मिनट तक चले मुक़ाबले में 21-14, 15-21, 14-21 से हार मिली।




बीजे जिम्नेजियम के कोर्ट पर खेलते हुए, पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु ने बैडमिंटन विश्व रैंकिंग में 12वें नंबर की थाईलैंड की खिलाड़ी पोर्नपावी चोचुवोंग के ख़िलाफ़ पहले गेम में 21-14 से जीत दर्ज की लेकिन, अगले दोनों गेम में दुनिया की 15वें नंबर की भारतीय शटलर को 15-21 और 14-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

इसके बाद, राष्ट्रमंडल खेल की पदक विजेता त्रिशा जॉली-गायत्री गोपीचंद की जोड़ी और युवा खिलाड़ी अश्मिता चालिहा भी अपने-अपने मुक़ाबले में हार गईं, जिससे भारतीय महिला टीम को 3 मैचों के टाई में 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय महिला युगल जोड़ी को थाईलैंड की प्राजोंगजई राविंडा और कितिथाराकुल जोंगकोलफान की जोड़ी ने 19-21, 5-21 से हराया। वहीं, दुनिया की 16वें नंबर की थाईलैंड की बैडमिंटन खिलाड़ी बुसानन ओंगबामरुंगफान ने अश्मिता चालिहा को 44 मिनट तक चले मुक़ाबले में 9-21, 16-21 से शिकस्त दी।

इस बीच, भारतीय पुरुष टीम नेपाल को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गई है।

भारतीय पुरुष टीम को लक्ष्य सेन ने बेहतरीन शुरुआत दी। कॉमनवेल्थ गेम्स चैंपियन और दुनिया के 14वें नंबर के भारतीय शटलर ने टाई के पहले मैच में नेपाल के प्रिंस दहल को सिर्फ 22 मिनट का समय लेकर 21-5, 21-8 से हराया। किदांबी श्रीकांत ने टाई के दूसरे मैच में नेपाल के सुनील जोशी को सीधे गेम में 21-4, 21-13 से हराने के लिए 31 मिनट का समय लिया।

मिथुन मंजूनाथ ने बिष्णु कटुवाल को 21-2, 21-4 से हराकर भारत को तीसरी जीत दिलाई और इसी के साथ भारतीय पुरुष टीम ने 3-0 के अंतर से टाई अपने नाम करते हुए एशियन गेम्स 2023 के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली।

एशियाई खेल की बैडमिंटन स्पर्धा के सेमीफाइन में हारने वाली टीम कांस्य पदक जीतती है। इस आधार पर, भारतीय पुरुषों ने हांगझोऊ में पदक पक्का कर लिया है।

भारत ने आखिरी बार 37 साल पहले एशियाई खेलों में पुरुष टीम पदक जीता था। सैयद मोदी के नेतृत्व में टीम ने सियोल 1986 में कांस्य पदक जीता था।

## भारत की लड़कियों ने किया मलेशिया का शिकार

**हांगझाउ।** एशियाई खेलों में भारत की महिला टीम ने शुक्रवार को ग्रुप ए के एक मैच में मलेशिया को 6-0 से रौंद कर लगातार दूसरी जीत हासिल की। भारत ने शुरू से ही आक्रामक रवैया अख्तियार किया और शुरूआती 15 मिनट में एक के बाद एक चार गोल दाग कर मलेशिया को दवाब में ला दिया। मोनिका ने सातवें मिनट में, दीप ग्रेस एक्का ने आठवें मिनट में, निशा ने 11वें मिनट में और वैष्णवी विठल ने 15वें मिनट में गोल दागे। भारतीय लड़कियां यहीं नहीं रूकी और पहले हाफ में ही संगीता ने खेल के 24 वें मिनट में गोल दाग कर स्कोर 5-0 कर दिया। दूसरे हाफ में भी गेंद ज्यादातर भारतीय खिलाड़ियों के ही कब्जे में रही, नतीजन लालरेम्सियामी ने 50वें मिनट में गोल किया।

एफआईएच रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज़ भारतीय महिला हॉकी टीम के हमलों का मलेशिया की रक्षा पंक्ति के पास कोई जवाब नहीं था। मोनिका ने खेल के 7वें मिनट में फील्ड गोल के जरिए किया। इसके अगले मिनट में अनुभवी खिलाड़ी दीप ग्रेस एक्का ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिए गोल दागा। भारतीय टीम यही नहीं रुकी और मैच




के 11वें मिनट में एक और गोल कर मलेशिया की टीम पर 3-0 की बढ़त हासिल कर ली। पहले क्वार्टर के अंतिम मिनट में वैष्णवी विट्ठल ने फील्ड गोल किया और टीम के स्कोर में एक और गोल का इजाफा किया।

मैच का दूसरा क्वार्टर भी भारतीय महिला हॉकी टीम के ही नाम रहा। खेल के इस क्वार्टर में टीम ने एक और गोल किया। यह गोल भारतीय खिलाड़ी कुमारी संगीता ने खेल के 24वें मिनट में फील्ड गोल के जरिए किया।

खेल का तीसरा क्वार्टर गोलरहित रहा। मलेशिया की महिला हॉकी टीम ने इस क्वार्टर में गोल करने के सभी प्रयास किए, लेकिन भारत के मज़बूत डिफेंस के सामने मलेशियाई खिलाड़ियों को भारतीय सर्किल में एंट्री मिलना भी मुश्किल हो गया।


### कमेंटेरी बाक्स में लगेगा दिग्गजों का जमावड़ा

**मुंबई।** सुनील गावस्कर, रवि शास्त्री, के श्रीकांत समेत क्रिकेट के कई दिग्गज पांच अक्टूबर से शुरू होने वाले विश्व कप में कमेंटेटर की भूमिका में टीवी स्क्रीन पर नजर आयेंगे। आईसीसी क्रिकेट विश्व कप का आधिकारिक प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स ने मिशन विश्व कप के लिए कमेंटेटरों के पैनल का एलान किया। विश्व कप का प्रसारण नौ अलग-अलग भाषाओं में किया जायेगा। स्टारकास्ट पैनल में गावस्कर, शास्त्री और श्रीकांत के अलावा गौतम गंभीर, इरफान पठान, हरभजन सिंह, पीयूष चावला और एस श्रीसंत नजर आयेंगे। इसके अलावा बीसीसीआई के चयनकर्ताओं के अध्यक्ष रहे एमएसके प्रसाद, संदीप पाटिल और सुनील जोशी के साथ-साथ पूर्व बल्लेबाजी कोच, संजय बांगर भी विश्व कप से जुड़ी जानकारियां साझा करेंगे। 2019 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में इंग्लैंड को जीत दिलाने वाले विजयी कप्तान इयोन मोर्गन, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेट दिग्गज शेन वॉटसन, आरोन फिंच, मैथ्यू हेडन और रिकी पोंटिंग में पैनल में शामिल है वहीं वकार यूनिस, डेल स्टेन, शेन बॉन्ड और शॉन पोलक भी अपने विचार साझा करेंगे। इंग्लैंड के करिश्माई पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन के साथ-साथ दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज फाफ डु प्लेसिस और इमरान ताहिर भी कमेंटरी बाक्स की शोभा बढ़ायेंगे।

## निकहत सेमीफाइनल में, पेरिस ओलंपिक का कोटा भी मिला

**हांगझाउ।** जॉर्डन की हनान नासर को मात्र 53 सेकेंड में धराशायी कर विश्व चैंपियन निकहत जरीन ने शुक्रवार को एशियाई खेल में महिलाओं के 50 किग्रा मुक्केबाजी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने के साथ पेरिस ओलंपिक का कोटा भी हासिल कर लिया।

एशियाई खेलों में पहली बार हिस्सा ले रही निकहत ने क्वार्टरफाइनल में जॉर्डन की हनान नासर को रेफरी स्टॉप काउंट के तहत सिर्फ 53 सेकेंड में हरा दिया। भारतीय मुक्केबाज ने मुकाबले की शुरुआत अपने प्रभावशाली जैब के




साथ की और अपने फुटवर्क का भी बेहतरीन इस्तेमाल किया। पहले राउंड में ही रेफरी ने हनान नासर के लिए स्टैंडिंग काउंट जारी कर दिया। जॉर्डन की खिलाड़ी को जल्द ही आगे बढ़ने के लिए अनफिट घोषित कर दिया गया और निकहत जरीन ने सेमीफाइनल में जगह बना ली, जहां उनका सामना रविवार को थाईलैंड की चुथामत रक्सत से होगा।

निकहत ने शीर्ष चार में जगह बनाकर न केवल हांगझोऊ में अपना पदक पक्का किया बल्कि पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए कोटा भी हासिल किया। एशियन गेम्स 2023 में बॉक्सिंग, पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए एक क्वालीफायर इवेंट भी है। पुरुषों की स्पर्धाओं में, सात ओलंपिक भार वर्गों में से प्रत्येक में स्वर्ण और रजत पदक विजेताओं को पेरिस 2024 के लिए कोटा जारी किया जाएगा। महिलाओं की कैटेगरी में 66 किग्रा और 75 किग्रा के अलावा सभी कैटेगरी के लिए चार कोटा उपलब्ध होंगे और पुरुषों की तरह दो बर्थ ऑफर पर होंगी।

शुक्रवार को अन्य बॉक्सिंग मुकाबलों में, एशियाई चैंपियन परवीन हुडा ने चीन की ज़िचुन जू के खिलाफ अपना राउंड ऑफ 16 मुकाबला सर्वसम्मत निर्णय से जीता। हुडा ने जवाबी पंच लगाते हुए कुछ दमदार हिट किए और शुरुआती दो राउंड जीत लिए।

# पाकिस्तान में 2 फिदायीन हमले, 56 मौतें

## नमाज और ईद-ए-मिलाद के जुलूस में हुए धमाके; बलूचिस्तान में ही 52 की जान गई

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में शुक्रवार को 2 जगहों पर 2 ब्लास्ट हुए। पहला धमाका बलूचिस्तान के मस्तुंग शहर में एक मस्जिद के पास हुआ। ये आत्मघाती हमला था। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इसमें एक DSP समेत 52 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 लोग घायल हुए हैं। हमले के वक्त लोग ईद-ए-मिलाद-उन-नबी के जुलूस के लिए इकट्ठा हो रहे थे।

दूसरा धमाका खैबर पख्तूनख्वा के हंगू शहर की मस्जिद में हुआ। ये भी फिदायीन हमला था। पाकिस्तानी मीडिया न्यूज इंटरनेशनल के मुताबिक, यहां एक पुलिस अफसर समेत 4 लोगों की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने कहा- मस्जिद में नमाज पढ़ी जा रही थी तभी धमाका हुआ। इसके बाद मस्जिद की छत गिर गई। यहां 30-40 लोग मलबे में दबे हुए हैं। 12 लोगों को रेस्क्यू किया जा चुका है।



### बलूचिस्तान में 3 दिन का शोक

बलूचिस्तान के चीफ मिनिस्टर ने पूरे प्रांत में 3 दिन के शोक का ऐलान किया है। हमले को बलूचिस्तान में एक्टिव आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान यानी टीटीपी से जोड़कर देखा जा रहा था लेकिन टीटीपी ने कहा है कि इस विस्फोट के पीछे उनका हाथ नहीं है। हमारा मकसद साफ है कि हम मस्जिद और पब्लिक गैदरिंग को निशाना नहीं बनाते हैं। उन्होंने इस हमले की निंदा की है।

### बलूचिस्तान धमाके में घायल लोगों का इलाज करवाएगी सरकार

पहला धमाका बलूचिस्तान के मस्तुंग शहर में हुआ। यहां के असिस्टेंट कमिश्नर ने बताया कि ब्लास्ट डीएसपी नवाज गिशकोरी की कार के पास हुआ। जियो न्यूज के मुताबिक, हमले में जिस पुलिस ऑफिसर की मौत हुई है वो डीएसपी नवाज ही हैं।

बलूचिस्तान के कार्यवाहक सूचना मंत्री जन अचकजई ने बताया कि सभी घायलों को अस्पताल भेजा गया है। जरूरत पड़ी तो उन्हें कराची शिफ्ट किया जाएगा। घायलों के इलाज की पूरी जिम्मेदारी सरकार उठाएगी।

### खैबर में पुलिस ने एक धमाका रोका

पहले खबर थी कि हंगू शहर में दो धमाके हुए। एक पुलिस स्टेशन के बाहर और एक मस्जिद के अंदर। अब पुलिस अधिकारियों ने जानकारी दी है कि पुलिस स्टेशन के बाहर धमाका नहीं हुआ। वहां पुलिस अफसरों ने धमाके से पहले ही स्टेशन के अंदर घुस रहे एक आतंकी को मार गिराया।

खैबर पख्तूनख्वा के पुलिस अधिकारियों ने कहा- दो आतंकी पुलिस स्टेशन में घुसने की कोशिश कर रहे थे। एक को हमने मार गिराया और दूसरा फरार हो गया। भागने वाला ये आतंकी सुसाइड बॉम्बर था, जिसने पास की मस्जिद में हमला कर दिया।

### सूचना मंत्री बोले- विदेशी ताकतों की मदद से बलूचिस्तान में शांति भंग कर रहे दुश्मन

बलूचिस्तान के कार्यवाहक सूचना मंत्री जन अचकजई ने कहा- हमारे दुश्मन विदेशी ताकतों की मदद से बलूचिस्तान में धार्मिक जगहों को निशाना बनाकर शांति भंग करना चाहते हैं। इस तरह के हमले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। बलूचिस्तान में सरकार के मंत्रियों और दूसरे कई नेताओं ने हमले की निंदा की है।

दरअसल, बलूचिस्तान में बलोच लिबरेशन आर्मीकी हुकूमत चलती है। यह संगठन पाकिस्तान से आजादी की मांग कर रहा है। बलूचिस्तान के नागरिक 1947-1948 से ही खुद को पाकिस्तान का हिस्सा नहीं मानते। इसके बावजूद ये प्रांत किसी तरह पाकिस्तान के नक्शे पर मौजूद रहा। इन्हें दोयम दर्जे का नागरिक माना जाता रहा। पंजाब, सिंध या खैबर पख्तूनख्वा की तरह उन्हें कभी अपने जायज हक भी नहीं मिले। वक्त गुजरता रहा और इसके साथ ही इनका गुस्सा भी बढ़ता गया।

## समय से पहले सेवानिवृत्त हुआ ऑस्ट्रेलिया के रक्षा बल का एमआरएच-90 ताइपन हेलिकॉप्टर

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया के रक्षा बल के एमआरएच-90 ताइपन हेलिकॉप्टरों के बेड़े को एक घातक दुर्घटना के बाद समय से पहले ही सेवानिवृत्त कर दिया गया है। यह जानकारी रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स और रक्षा उद्योग मंत्री पैट कॉनरॉय ने शुक्रवार को दी। उन्होंने कहा कि ताइपन दिसंबर 2024 में निर्धारित सेवानिवृत्ति से पहले उड़ान संचालन में वापस नहीं आएंगे। सरकार ने यह फैसला जुलाई में ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल (एडीएफ) के चार कर्मियों की मौत के बाद लिया है। उस समय एमआरएच-90 एक सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान क्वींसलैंड राज्य के तट पर समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। दोनों मंत्रियों ने एक संयुक्त बयान में कहा, सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हमारे लोगों की सुरक्षा और भलाई है। उन्होंने कहा, हम इस साल की शुरुआत में अपनी जान गंवाने वाले चार सैनिकों के परिवारों और व्यापक रक्षा समुदाय का समर्थन करना जारी रखेंगे। ताइपन्स की जगह लेने वाले 40 यूएच-60 ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टरों के बेड़े में से पहला ऑस्ट्रेलिया पहुंच गया है। उल्लेखनीय है कि 28 जुलाई की रात को तस्मान सेबर अभ्यास 2023 के हिस्से के रूप में चार चालक दल ब्रिस्बेन से 900 किलोमीटर उत्तर में हैमिल्टन द्वीप के पास एमआरएच-90 पर उड़ान भर रहे थे। इसी दौरान हेलिकॉप्टर समुद्र में गिर गया था। गत मार्च में बेड़े को अस्थायी रूप से रोक दिया गया था।

### पीटीआई नेता हबीब समेत नौ गिरफ्तार

क्वेटा। पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) के नेता फारूख हबीब सहित नौ लोगों को पुलिस ने ग्वादर में गिरफ्तार किया है। पाकिस्तानी समाचारपत्र डॉन ने बलूचिस्तान के कार्यवाहक सूचना मंत्री जान अचकजई के हवाले से इसकी पुष्टि की है। रिपोर्ट के मुताबिक श्री हबीब ग्वादर पहुंचे थे और एक होटल में ठहरे हुए थे। उनकी मौजूदगी के बारे में खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों के जवानों ने श्वेत वस्त्र में छापा मारा और उन्हें आठ अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार कर लिया। हबीब पूर्ववर्ती पीटीआई सरकार के दौरान सूचना राज्य मंत्री थे। गिरफ्तार लोगों में हबीब के ससुर भी शामिल हैं, जिन्हें गिरफ्तारी के बाद अज्ञात जगह पर ले जाया गया है। इस बीच पीटीआई ने इस कार्रवाई की निंदा की है। पीटीआई नेता एवं पूर्व मंत्री महमूद खान अश्काज ने कहा कि हबीब ग्वादर से ईरान में प्रवेश करने के लिए अपने भाई, ससुर और छह अन्य लोगों के साथ ग्वादर पहुंचे। उन्होंने कहा कि हबीब, उनके भाई और ससुर को अज्ञात स्थान पर स्थानांतरित करने के बाद, छह अन्य लोगों को ग्वादर पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस ने हालांकि शुरुआती जांच के बाद सभी छह लोगों को जमानत पर रिहा कर दिया।

### नीरदलैंड के रॉटरडैम गोलीबारी, तीन की मौत

हेग। नीदरलैंड के रॉटरडैम शहर में गुरुवार को एक बंदूकधारी ने दो अलग-अलग स्थानों पर गोलीबारी करके तीन लोगों की हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि अपराह्न में एक 39 वर्षीय महिला और 43 वर्षीय व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना में महिला की 14 वर्षीय पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गई और बाद में उपचार के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस सिलसिले में 32 वर्षीय एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया, जो रॉटरडैम के एक विश्वविद्यालय का छात्र है। उस पर एक घर में महिला और उसकी पुत्र को गोली मारने का आरोप है। बाद में उसने एक मेडिकल सेंटर में एक शिक्षक को गोली मार दी। पुलिस ने इस घटना को 'लक्षित कार्रवाई' बताया और कहा कि संदिग्ध ने अकेले ही इस वारदात के अंजाम दिया। उसके मकसद के बारे में अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है। उस व्यक्ति को 2021 में जानवरों के साथ दुर्व्यवहार के लिए दोषी ठहराया गया था और वह उस घर के पास रहता था, जहाँ उसने महिला और उसकी पुत्री को गोली मारी थी। वहीं प्रधानमंत्री मार्क रूट ने कहा कि वह रॉटरडैम में घटित घटनाओं से बहुत दुखी हैं। उन्होंने कहा, हिंसा के पीड़ितों, उनके प्रियजनों और उन सभी लोगों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं, जो बहुत डरे हुए हैं।

# भारत में अफगान एम्बेसी बंद हुई

## राजदूत पर दोनों देशों में तनाव बढ़ाने की कोशिश का आरोप

काबुल/ नई दिल्ली। भारत में मौजूद अफगानिस्तान की एम्बेसी बंद हो गई है। एम्बेसी के 3 अधिकारियों ने न्यूज एजेंसी रॉयटर्स को बताया है कि दूतावास से जुड़े सारे काम बंद कर दिए गए हैं। सभी डिप्लोमैट्स भारत छोड़कर यूरोप और अमेरिका के लिए रवाना हो चुके हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत में अफगानिस्तान के इंचार्ज एम्बेसडर फरीद मामुंदजई ने तालिबान को एक खत लिखकर बताया कि वो अपना काम पूरा करने में फेल हो गए हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि उन्हें तालिबानी सरकार की तरफ से



कोई भी सपोर्ट या डिप्लोमैटिक मदद नहीं दी गई। दूसरी तरफ, तालिबान ने कहा है कि उन्होंने मामुंदजई की नियुक्ति ही नहीं की थी। दरअसल, भारत समेत किसी भी देश ने तालिबान हुकूमत को मान्यता नहीं दी है। लिहाजा, भारत सरकार भी तालिबान के सत्ता में आने से पहले से तैनात अफगानी राजदूत (फरीद मामुंदजई) को ही वहां का असली एम्बेसेडर मानती है। मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि भारत सरकार अफगानी डिप्लोमैट से नाराज थी। अधिकारियों के मुताबिक, मामुंदजई तालिबान और भारत सरकार के बीच तनाव पैदा करने की कोशिश कर रहे थे।

### पकिस्तान में मुठभेड़ में चार सैनिक व तीन आतंकवादियों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में पाकिस्तानी-अफगान सीमा पर हुए मुठभेड़ में कम से कम चार पाकिस्तानी सैनिक और तीन आतंकवादी मारे गए। सेना ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने एक बयान में कहा कि आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के थे। इस घटना में कई अन्य लोग भी घायल हुए हैं। सेना ने कहा, पाकिस्तान के सुरक्षा बल, देश में शांति और समृद्धि के लिए दुश्मनों के प्रयासों को विफल करना जारी रखेंगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# शार्ट न्यूज

## मणिपुरी के लिए साहित्य अकादेमी बाल साहित्य एवं युवा पुरस्कार की घोषणा

नयी दिल्ली। साहित्य अकादेमी ने शुक्रवार को मणिपुरी भाषा के लिए युवा एवं बाल साहित्य पुरस्कारों की घोषणा की। मणिपुरी भाषा में बाल साहित्य पुरस्कार 2023 दिलीप नोंग्मैथेम को उनकी पुस्तक इबेम्मा अमासुंग नगाबेम्मा (कहानी संग्रह) के लिए प्रदान किया जाएगा। इस पुस्तक का चयन त्रिसदस्यीय निर्णायक मंडल ने निर्धारित चयन प्रक्रिया का पालन करते हुए नियमानुसार किया है। निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ. हमोम नबचंद्र सिंह, डॉ. खुन्दोंग्बम गोकुलचंद्र सिंह, प्रो. नोरेम बिद्यासागर सिंह है। अकादमी के अनुसार वर्ष 2023 के लिए मणिपुरी भाषा का साहित्य अकादेमी युवा पुरस्कार कवि परशुराम थिंगनम की कृति मातम्गी शेइरेंग 37 (कविता संग्रह) को दिया जाएगा। इसके लिए बनी त्रिसदस्यीय जूरी के सदस्य प्रो. अरुणा नहाकपम, प्रो. केएच. कुंजो सिंह और श्री शरतचंद थियम हैं। यह दोनों पुरस्कार-वर्ष के तत्काल पूर्ववर्ती वर्ष के अंतिम पाँच वर्षों में (अर्थात् एक जनवरी 2017 से 31 दिसंबर 2021 के मध्य) प्रथम बार प्रकाशित हुई पुस्तक से संबंधित है। पुरस्कार स्वरूप एक उत्कीर्ण ताम्रफलक तथा 50 हजार रुपए की सम्मान राशि दी जाएगी। पुरस्कार प्रदान करने के लिए बाद में एक विशेष समारोह आयोजित होगा।

## नियोक्ताओं के लिये उच्च वेतन पर पेंशन-वेतन विवरण का समय तीन महीने बढा

नयी दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन- ईपीएफओ ने ईपीएस -95 के अंतर्गत उच्च पेंशन के आवेदन के संबंध में वेतन आदि का विवरण देने के लिए नियोक्ताओं को तीन महीने का समय और दे दिया है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि ईपीएफओ ने उच्च वेतन पर पेंशन के लिए विकल्प, संयुक्त विकल्प के सत्यापन के लिए आवेदन जमा करने के लिए एक ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध कराई गई है। नियोक्ताओं और नियोक्ता संघों से प्राप्त आवेदनों में आवेदक पेंशनभोगियों और सदस्यों के वेतन विवरण अपलोड करने के लिए समय अवधि बढ़ाने का अनुरोध किया गया था। नियोक्ताओं को वेतन विवरण इत्यादि 30 सितंबर तक ऑनलाइन जमा करने के लिए तीन महीने की अतिरिक्त अवधि भी दी गई थी। मंत्रालय के अनुसार नियोक्ताओं और नियोक्ता संघों से फिर से कई आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें आवेदक पेंशनभोगियों और सदस्यों के वेतन विवरण अपलोड करने के लिए और समय अवधि बढ़ाने का अनुरोध किया गया है। इसलिए, अनुरोध पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया गया है और केंद्रीय न्यासी बोर्ड ने नियोक्ताओं के लिए वेतन विवरण आदि जमा करने के लिए समय 31.12.2023 तक बढ़ा दिया है। विकल्प और संयुक्त विकल्प के सत्यापन के लिए 5.52 लाख आवेदन अभी भी नियोक्ताओं के पास लंबित हैं।

## संसद प्रकरण में चुप्पी तोड़ें मोदी : दानिश

नयी दिल्ली। बहुजन समाज पार्टी के नेता कुंवर दानिश अली ने लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी सांसद रमेश बिधुड़ी मामले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से चुप्पी तोड़ने का आग्रह करते हुए कहा कि जल्द से जल्द जवाबदेही तय की जानी चाहिए। अमरोहा से लोकसभा सांसद दानिश अली ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लोकसभा में जो प्रकरण हुआ उसके आठ दिन बीत जाने के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई का नामोनिशान नहीं दिखा दे रहा है यह हैरान और परेशान करने वाला है। इसके विपरीत उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से जन से मारने की धमकियाँ दी जा रही है। यह क्या हो रहा है इस देश में। उन्होंने कहा कि सदन के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उन्होंने ख़त लिखा है। प्रधानमंत्री सदन के नेता हैं इसलिए उनकी ज़िम्मेदारी अधिक बनती है। बापू के देश में जिस प्रकार लिंचिंग की घटनायें हो रही है उससे दुनिया को हम क्या संदेश दे रहे हैं। बसपा सांसद ने मोदी को लिखे पत्र में कहा है कि उनकी जान को खतरा हुआ है। उन्होंने कहा कि इस तरह के व्यवहार की सार्वजनिक तौर पर निंदा करने से संसदीय कार्यवाही के उच्चतम मानकों को बनाए रखने की आपकी प्रतिबद्धता का पता चलेगा। उन्होंने श्री रमेश बिधुड़ी के ख़िलाफ़ सख़्त कार्रवाई की माँग करते हुए कहा कि श्री मोदी की अभी तक चुप्पी नहीं टूटी यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

## मुर्मु ने राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार प्रदान किये

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में 2020-21 के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार प्रदान किये। समाज सेवाओं में योगदान के लिए 52 व्यक्तियों को ये पुरस्कार प्रदान किए गए। मुर्मु ने जिन व्यक्तियों को ये पुरस्कार प्रदान किए उनमें डॉ भीम राव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा में कार्यरत डॉ रणवीर सिंह चौहान, दक्षिण कामरूप गर्ल्स कॉलेज असम में कार्यरत एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मिताली कथकटिया, पीजी कॉलेज चंडीगढ़ में कार्यरत एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रंजना शर्मा, सरकारी कन्या विद्यालय हिमाचल प्रदेश में कार्यरत डॉ मलकीयत सिंह सेषाद्रिपुरम डिग्री कॉलेज कर्नाटक में कार्यरत एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ राघवेंद्र आर शामिल हैं और इनके अलावा अन्य उत्कृष्ट एनएसएस अधिकारियों, एनएसएस स्वयंसेवकों को, एनएसएस इकाइयों और विश्वविद्यालयों/ प्लस टू परिषदों को इस योजना के तहत पुरस्कृत किया गया। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर और राज्य मंत्री निशीथ प्रमाणिक ने पुरस्कार समारोह में हिस्सा लिया। स्वयंसेवी सामाजिक सेवाओं में विशिष्ट योगदान को सम्मानित करने के लिए युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार प्रदान करता है।

## लंदन में हुए 12 हजार करोड़ से ज्यादा के निवेश पर करार : पुष्कर सिंह धामी

नयी दिल्ली, 29 सितंबर (वार्ता) उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि जी-20 सम्मेलन के बाद भारत के प्रति दुनिया के रुख में बड़ा बदलावा आया है और इसी बदले नजरिए का ही असर रहा कि ब्रिटेन में उत्तराखंड राज्य के लिए उन्हें 12 हजार 500 करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रस्ताव मिले हैं। धामी ने लंदन से लौटने के बाद यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ब्रिटेन में भारत में निवेश के प्रति लोगों का बहुत सकारात्मक रुख है और इसी का परिणाम है कि अपनी लंदन यात्रा के दौरान उन्होंने निवेश के कई करारों पर हस्ताक्षर किए हैं। उनका कहना था कि उत्तराखंड में दिसम्बर में ग्लोबल समिट हो रहा है इसकी जिन लोगों को जानकारी भी नहीं थी वे लोग भी वहां उनसे मिलने आ रहे थे और निवेश को लेकर चर्चा कर रहे थे। विदेशों में जी-20 के बाद भारत के प्रति दुनिया का भाव बदला है और इसका एहसास उन्हें लंदन में हुआ है। उन्होंने कहा कि लंदन यात्रा के दौरान उन्होंने 12 हजार 500 के निवेश पर हस्ताक्षर किए हैं और उनहें उम्मीद है कि दो लाख रुपए से ज्यादा के प्रस्ताव उत्तराखंड तक उनके पास आएंगे। अब तक उन्हें 20 हजार करोड से ज्यादा के प्रस्ताव मिल चुके हैं।

## सी-विजिल एप से आयोग रखेगा आचार संहिता के उल्लंघन पर नजर

भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 में आचार संहिता के उल्लंघन की सी-विजिल एप के माध्यम से कोई भी नागरिक जानकारी दे सकेगा। जानकारी मिलते ही आयोग द्वारा उस पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 में निर्वाचन संबंधी शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए सी-विजिल मोबाइल एप को तैयार कराया गया है। इस एप के माध्यम से कोई भी नागरिक निर्वाचन में आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन संबंधी किसी भी घटना का फोटो-वीडियो तैयार कर अपनी शिकायत भेज सकता है। प्राप्त शिकायत की त्वरित जांच कर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि आचार संहिता के लागू होते ही यह एप सक्रिय हो जाएगा। 100 मिनट के अंदर शिकायत का निराकरण किया जाएगा। सी-विजिल एप का उपयोग करने के लिए किसी भी नागरिक को सबसे पहले अपने एंड्रायड मोबाइल के प्ले स्टोर या एप्पल मोबाइल के एप स्टोर पर जाकर डाउनलोड करना होगा।

# विश्व हृदय दिवस पर आज सिर्फ अपने दिल की सुनिए : दयानंद वत्स

अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने आज विश्व हृदय दिवस के अवसर पर भारतवासियों से दिल खोल कर हंसने और हर हाल में मस्त रहने की अपील की है। वत्स ने कहा कि अपने दिमाग पर तनाव को हावी ना होने दें। खानपान में संतुलित भोजन लें। फास्ट फूड और साफ्ट ड्रिंक लेने से बचें। संयमित जीवन शैली अपनाकर ही हम अपने और अपनों के दिल को स्वस्थ रख सकते हैं। दिल को स्वस्थ रखने ही हम जीवित रह पाते हैं वत्इस ने कहा कि जब भी आपका दिल उदास हो तभी हिंदी फिल्मों के दिल शीर्षक से गीत गुनगुना लें। मूड रिफ्रेश और दिल खुश हो जाएगा। राजधानी स्वतंत्र पत्र लेखक मंच बरवाला दिल्ली के महासचिव और हिंदी फिल्मी गीतो के शौकीन दयानंद वत्स ने विश्व हृदय दिवस पर दिल शीर्षक के 75गीतों को देशवासियों को समर्पित किया है। बानगी देखिए- दिल जलता है तो जलने दे आंसू ना बहा फरियाद ना कर, ऐ दिल है मुश्किल जीना यहां, ऐ मेरे दिल लहरा के चल मौसम भी है वादा भी है, ऐ मेरे दिल कहीं और चल गम की दुनिया से दिल भर गया, हम जी के क्या करेंगे जब दिल ही टूट गया, दिल की आवाज भी सुन मेरे फसाने पे ना जा, दिल दिल है कोई शीशा तो नहीं इक ठेस लगी और टूट गया, मेरे टूटे हुए दिल से कोई तो आज ये पूछे के तेरा हाल क्या है, दिल ने फिर याद किया वर्क सी लहराई है फिर कोई चोट मुहब्बत की उभर आई है, दिल एक मंदिर है प्यार की जिसमें होती है पूजा वो प्रयतम का घर है, शीशा हो या दिल हो टूट.जाता है, ना जाने क्यूं हमारे दिल को तुमने दिल नहीं समझा, ये दिल है मुहब्बत का प्यासा इस दिल का तडपना क्या कहिए, दिल ने दिल से ना जाने क्या कहा तेरे नैन मेरे नैन




देखते रहे, ये दिल तुम बिन कहीं लगता नहीं हम क्या करें, दिल देके देखो दिल देके देखो जी, हमने तुमको दिल ये दे दिया ये भी ना पूछा कौन हो तुम, दिल तोडने वाले तुझे दिल ढूंढ रहा है, इस दिल के टुकड़े हजार हुए कोई यहां गिरा कोई वहां गिरा, दिल हाय मेरा दिल दिल से दिल मिल गया, चुपके से दिल देदे नहीं ते शोर मच जाएगा, कभी कभी मेरे दिल में खयाल आता है, तडप तडप के इस दिल.से ये आह निकलती है, चुरा लिया है तुमनें जो दिल को, फिर भी दिल है हिंदुस्तानी,.ये दिल ना होता बेचारा कदम ना होते आवारा, दिल दिया है जां भी देंगे ऐ वतन तेरे लिए, ओ मेरे दिल के चैन, सागर किनारे दिल ये पुकारे, रुक जा औ दिल दीवाने, पल पल दिल के पास तुम रहती हो, इक परदेसी मेरा दिल ले गया, दिल क्या करे जब किसी को किसी से प्यार हो जाए, मेरे टूटे हुए दिल से कोई तो आज ये पूछे, दिल का हाल सुने दिलवाला, लाखों हैं यहां दिलवाले पर प्यार नहीं मिलता, दिल कांटों में उलझाया है के इक दुश्मन पे प्यार आया है, हाले दिल हमारा जाने ना ये जमाना, मेरे दिल में आज क्या है तू कहे तो मैं बता दूं, जाऊं कहां बता ऐदिल दुनिया बडी है संगदिल, मेरा दिल अब तेरा ओ साजना, गाता रहे मेरा दिल तूही मेरी मंजिल, दिल की तमन्ना थी महफिल में दूर निकलते, ऐ दिल तू कहीं ना जा ना किसी का मैं ना कोई मेरा, दिल वाले दिल वाले तेरा नाम क्या है, दिल लूटने वाले जादूगर अब मैने तुझे पहचाना है, दिल की गिरह खोल दो चुप ना बैठो कोई गीत गाओ, चुरा के दिल मेरा गोरिया चली, दिलबर दिल से प्यारे दिल की सुनता जा रे, दिल जो ना कह सका वही राजे दिल कहने की रात आई, हम दिल दे चुके सनम तेरे हो गये हैं हम तेरी कसम, अभी कमसिन हो नादां हो तोड दोगी मेरा दिल पहले सीखो दिल लगाना, तोड दिया दिल मेरा तूने अरे बेवफा, दिल ले गयी गुडिया जापान की पागल मुझे कर दिया, दर्दे दिल दर्दे जिगर दिल में जगाया आपने, दिल चीर के देख तेरा ही नाम होगा, दिल चीज क्या है आप मेरी जान लीजिए, दिल ने ये कहा है दिल से मुहब्बत हो गयी है तुमसे, दिल ऐसा किसी ने मेरा तोडा, दिल दीवाना बिन सजना के माने ना, दिल मेरा हर बार ये सुनने को बेकरार है कहो ना प्यार है, दिल है के मानता नहीं, दिल का भंवर करे पुकार प्यार का राग सुनो रे, दिल के अरमां आँसुओं में बह गये, दिल के झरोखे में तुझको बिठाकर, दिल क्या करे जब किसी को किसी से प्यार हो जाए ऐ दिल है मुश्किल जीना यहां, दिल की नजर से, दिल तो पागल है दिल दीवाना है, दिल की बातें दिल ही जाने, आ दिल से दिल मिला ले, बेकरार दिल तू गाए जा खुशियों से भरे वो तराने, दो दिल.टूटे दो दिल हारे, दो दिल मिल रहें हैं मघ्गर चुपके चुपके, वो दिल कहां से लाउं तेरी याद जो भुला दे, दिल विल प्यार व्यार मैं क्या जानूं रे, दिल का नजराना ले मेरे यार ले ये सच्चा प्यार है मेरा प्यार ले दिल को देखो चेहरा ना देखो चेहरे ने लाखों को लूटा दिल सच्चा और चेहरा झूंठा, तुम्हें और क्या दूं मैं दिल के सिवाय तुमको हमारी उमर लग जाए, हर दिल जो प्यार करेगा वो गाना गाएगा।आशा है दिल का यह कलैक्शन आपको पसंद आया होगा। विश्व हृदय दिवस पर आज सिर्फ़ अपने दिल की सुनिए।

# 'आंखों की हिचकियां, अनुभव और अनुभूतियों' व 'भारत की 75 वीरांगनाए पुस्तक का सफल लोकार्पण

### हिंदी हमारी मातृभाषा ही नही गर्व की भाषा भी है इसलिए भाषा की समृद्धि में ही हमारी समृद्धि डा. पुष्पिता अवस्थी

नई दिल्ली इंडिया इंटरनेशनल सेंटर एनेक्स में डायमंड बुक्स द्वारा आयोजित पुस्तक लोकार्पण समारोह में प्रख्यात लेखिका रिंकल शर्मा की पुस्तक भारत की 75 वीरांगनाएं तथा अटल फाउंडेशन की संयोजक डा. पुष्पिता अवस्थी की पुस्तकों आंखों की हिचकियां, अनुभव और अनुभूतियों का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में डायमंड बुक्स के उप चेयरमैन मनीष वर्मा ने सभी अतिथियों का शॉल, स्मृति चिन्ह और पुस्तक देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि आलोक यात्री (वरिष्ठ पत्रकार एवम लेखक) एवम मुख्य अतिथि सुभाष चंदर (वरिष्ठ उपन्यासकार एवम व्यंग्यकार) थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंतर्राष्ट्रीय कवि लक्ष्मी शंकर बाजपई द्वारा की गई। रत्ना सिंह ने अवधि और हिंदी भाषा में सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. राजेश कुमार 'मांझी' द्वारा किया गया। डा. पुष्पिता अवस्थी जी का कहना है



कि हिंदी हमारी मातृभाषा ही नही गर्व की भाषा भी है इसलिए भाषा की समृद्धि में ही हमारी समृद्धि है हम विश्व के किसी भी कोने में रहें लेकिन इसकी शीतलता हमेशा हमारे साथ रहती है हिंदी प्रेमी होना, देश प्रेमी होने जैसा है इसलिए यह प्रेम निरंतर बना रहना चाहिए। डायमंड बुक्स के चेयरमैन नरेन्द्र वर्मा जी ने उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद किया और कहा कि प्रो. पुष्पिता अवस्थी जी की पुस्तक अनुभव और अनुभूतियाँ, आँखों की हिचकियाँ और अहिंसा स्वर और रिंकल शर्मा की भारत की 75 वीरांगनाएँ पुस्तक के लोकार्पण के अवसर पर उपस्थिति सभी लोगों हृदय से स्वागत करता हूँ। पुष्पिता जी हिंदी की सारथी हैं विश्व में हिंदी की यशस्वी क्रान्तिकारी हैं उनकी साहित्य साधना और उनको हम अपने बीच पाकर धन्य हो गए हैं। उनके लेखन की ओजस्विता हिंदी प्रेमियों के हृदय को आंदोलित करती है। खासकर इनका प्रवासी साहित्य महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मेरा सौभाग्य है कि मुझे अनुभवी लेखकों की पुस्तक छापने का अवसर मिलता रहा और आशा करूँगा कि ये यात्राा निरंतर चलती रहेगी।

इसके अलावा कार्यक्रम में प्रख्यात लेखक बाल स्वरूप राही, अनिमेष शर्मा, विक्रम विनय सिंह, सुरेन्द्र शर्मा, शकील अहमद सैफ, रेणु अंशुल, रविन्द्र सिंह, एस के सिंघल, नरेश सांडिल्य, टेकचंद 'संस्कारी', अमित शर्मा एवम अर्जुन, इत्यादि उपस्थित थे।

# उत्तर प्रदेश में होगा आयुष बोर्ड का गठन : मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आयुर्वेद, यूनानी, होमियोपैथी, सिद्धा, प्राकृतिक चिकित्सा और योग पद्धति से जुड़े संस्थानों के संचालन और संबंधित विधा के चिकित्सकों के पंजीयन के लिए एकीकृत आयुष बोर्ड का गठन होगा। शुक्रवार को आयुष विभाग की बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उक्त आशय के दिशा-निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में आयुर्वेदिक, यूनानी और होमियोपैथी चिकित्सा पद्धति के संबंध में तीन अलग-अलग बोर्ड संचालित हैं। अब इन सभी को एकीकृत रूप देते हुए एक बोर्ड के अधीन समाहित करने की आवश्यकता है। इससे न केवल नए संस्थानों की स्थापना व विकास में प्रक्रियागत सहजता होगी, वरन, उपाधि प्राप्त चिकित्सकों के पंजीयन में भी आसानी होगी। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री ने कहा कि बदलते समय के साथ युवाओं के बीच योग एवं नेचुरोपैथी में कॅरियर बनाने की चाह बढ़ी है। बड़ी संख्या में निजी क्षेत्र की ओर से योग एवं नैचुरोपैथी संस्थानों की स्थापना को लेकर प्रस्ताव भी मिल रहे हैं। ऐसे में आयुष बोर्ड के अंतर्गत योग एवं नैचुरोपैथी संस्थानों के विनियमन और चिकित्सकों के पंजीयन की कार्यवाही की जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रस्तावित आयुष बोर्ड का मुखिया महानिदेशक होगा, जबकि आयुर्वेद, यूनानी, होमियोपैथी तथा योग, नैचुरोपैथी व सिद्धा पद्धतियों के अलग-अलग निदेशक स्तर के अधिकारी इस व्यवस्था को संचालित करेंगे। मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों के उपरांत शीघ्र ही उत्तर प्रदेश का आयुष अधिनियम तैयार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा है कि व्यापक दृष्टिकोण के साथ नए अधिनियम में इन भारतीय चिकित्सा पद्धतियों के प्रोत्साहन के लिए अनुकूल अवसरों के सृजन हेतु सभी आवश्यक प्रबंध रखे जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि संस्थानों के लिए तय मानकों को व्यवहारिक बनाया जाना चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश तेजी से हेल्थ टूरिज्म के नए केंद्र के रूप में उभर रहा है। योग एवं नेचुरोपैथी जैसी भारतीय चिकित्सा पद्धतियों को प्रोत्साहित करना इस दिशा में अत्यंत उपयोगी होगा।

# फर्जी वोटिंग पर विपक्षी दलों को सोचने की जरूरत : दिग्विजय

नयी दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने फर्जी वोटिंग को बड़ी चुनौती बताते हुए कहा है कि यह गंभीर मामला है और जो भी राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी से लड़ना चाहते हैं उन्हें इस चुनौती को गंभीरता से लेना चाहिए।

सिंह ने शुक्रवार को यहां भाजपा को हराने के लिए छोटे दलों तथा सामाजिक संगठनों के राष्ट्रीय अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने की जरूरत है। धर्म के आधार पर देश को विभाजित करने वाली ताकतों और आरएसएस जनसंघ की विचारधारा को हराने की आवश्यकता है लेकिन फर्जी वोटिंग का जो मैकेनिज्म उन्होंने तैयार किया है उसे तोड़ने की जरूरत है तथा यदि इस मैकेनीज्म को मिलकर खत्म किया जाता है तो 2024 के चुनाव में भाजपा को हराना आसान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की इंडिया गठबंधन की लड़ाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नहीं है बल्कि गठबंधन उस सोच और उस विचारधारा के खिलाफ खड़ा है जो समाज तथा देश को बांटने की कोशिश करता है। उन्होंने कहा कि इसी सोच की परिणति भाजपा है और जो भी राजनीतिक दल भाजपा के खिलाफ लड़ना चाहता है उसे मतदाता सूची में फर्जी मतदाताओं को जोड़ने के भाजपा के तंत्र से सावधान रहने की जरूरत है और इस तंत्र को मिलकर समाप्त करने के लिए काम करने की आवश्यकता है।

कांग्रेस नेता से जब पूछा गया कि क्या वह मतदान पत्र के जरिए मतदान करवाने के पक्षधर हैं तो सिंह ने कहा कि वह मतदान पत्र के जरिए मतदान कराने के नहीं बल्कि वह वोटिंग में वीवीपैड को अनिवार्य कराने के पक्ष में ताकि फर्जी मतदान को रोका जा सके। उनका कहना था फर्जी मतदान बहुत घातक है और उसे रोकने के लिए ही काम करना है ताकि सही मतदान हो और भाजपा को हराया जा सके।

# लोक सूचना अधिकारियों को सूचना का अधिकार अधिनियम की विस्तृत जानकारी जरुरी: सुरेश चन्द्र

### देश के प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकार एवं कर्तव्यों की जानकारी होनी चाहिए: संजय पासवान

**नई दिल्ली।** आरटीआई इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के द्वारा नई दिल्ली में वृस्पतिवार को अंतर्राष्ट्रीय सूचना का अधिकार दिवस एवं सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में देश के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन का उद्घाटन केन्द्रीय सूचना आयोग के सूचना आयुक्त श्री सुरेश चन्द्र ने किया। इस अवसर पर अपने उद्घाटन भाषण में श्री सुरेश चन्द्र ने कहा कि लोक सूचना अधिकारियों को सूचना का अधिकार अधिनियम की विस्तृत जानकारी होनी चाहिए तभी वे अपने दायित्व का उचित निर्वहन कर पाएंगें। यदि कोई सूचना नहीं दी जाती है तो लोक सूचना अधिकारियों को उसका उचित विवरण जरुर देना चाहिए। सुरेश चन्द्र ने आरटीआई इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के द्वारा आयोजित सफल सम्मेलन के लिए



संस्थान के अध्यक्ष श्री मनीष कुमार शेखर को बधाई दी। मुख्य अतिथि भारत सरकार के पूर्व मंत्री एवं बिहार विधान परिषद सदस्य डॉ संजय पासवान ने कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकार एवं कर्तव्यों की जानकारी होनी चाहिए। डॉ पासवान ने कहा कि आरटीआई इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के द्वारा प्रति वर्ष आयोजित इस कार्यक्रम से आरटीआई एक्टीविस्ट एवं लोक सूचना अधिकारियों को काफी लाभ मिलता है । भारतीय विश्वविद्यालय परिसंघ के अध्यक्ष कुलाधिपति डॉ प्रियरंजन त्रिवेदी ने कहा कि आरटीआई इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के द्वारा पत्राचार के माध्यम से चलाया जा रहा एक वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम लोक सूचना अधिकारी एवं सभी लोगों के लिए काफी उपयोगी है जिससे लोगों को सूचना का अधिकार अधिनियम को जानने एवं समझने में मदद मिलती है। विश्वविख्यात प्राकृतिक चिकित्सक कुलाधिपति डॉ एस. एन. पाण्डेय ने जीवन जीने की शैली एवं तनाव रहित जीवन की महता को बताया । आरटीआई इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के अध्यक्ष श्री मनीष कुमार शेखर ने कहा कि सभी को सूचना का अधिकार के प्रयोग को सीखना आवश्यक है ताकि देश एवं समाज के विकास में अपना सकारात्मक योगदान दे सके। सभी को एक सजग नागरिक के रुप में सरकार के कार्य एवं कार्य प्रणाली को जानना एवं सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक लाभ दिलाने के लिए कार्य करना जरुरी है। आरटीआई विशेषज्ञ एवं लेखक डॉ. नीरज कुमार ने प्रशिक्षण व्याख्यान दिया। सम्मेलन में आरटीआई इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के द्वारा प्रकाशित पीआईओ हैंडबुक पुस्तक का लोकार्पण किया गया। धन्यवाद ज्ञापन आरटीआई इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के निदेशक-जन संपर्क कुन्दन कुमार मधुकर ने किया।

# प्रो. अनिल कुमार राय ने शेखावटी विश्वविद्यालय के कुलपति का दायित्व संभाला

वर्धा। महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. अनिल कुमार राय ने सीकर (राजस्थान) के पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावटी विश्वविद्यालय के कुलपति का दायित्व संभाल लिया है। वहां कुलपति का उनका कार्यकाल तीन साल रहेगा। इसके पहले प्रो. राय महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के कार्यकारी कुलपति तथा प्रति कुलपति का दायित्व भी निभा चुके हैं।

प्रो. राय 2009 से महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा में प्रोफेसर हैं। इस दौरान वे इस विश्वविद्यालय में मानविकी एवं शिक्षा विद्यापीठों के संकायाध्यक्ष, छात्र कल्याण अधिष्ठाता, संचार एवं



मीडिया अध्ययन केंद्र में निदेशक, जनसंचार विभाग के अध्यक्ष रहे। वर्धा आने के पूर्व प्रो. राय कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ मं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अध्ययन विभाग के अध्यक्ष थे। वे वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के जनसंचार विभाग के संस्थापक अध्यक्ष रहे। प्रो. राय ने दिल्ली विश्वविद्यालय के भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय से 1994 में अपने शिक्षक कॅरियर की शुरुआत की।

अनिल कुमार राय की प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा उत्तर प्रदेश तथा उच्च शिक्षा दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली से हुई है। उन्हें दो विषयों में परास्नातक तथा दो- दो पी-एच.डी. उपाधि धारण करने का गौरव प्राप्त है। 21 पुस्तकों के लेखक-संपादक-संचयक, दर्जनों शोध पत्रों के प्रस्तोता, कई पत्र-पत्रिकाओं, दूरदर्शन तथा निजी टी.वी. चैनल में सक्रिय पत्रकार, टी.वी. कार्यक्रम प्रोड्यूसर एवं एंकर के रूप में सेवाएं दे चुके हैं।

प्रो. राय भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कार्य परिषद और विद्या परिषद के सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान करते रहे हैं। प्रो. राय भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति माननीय रामनाथ कोविंद जी द्वारा मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय, हैदराबाद के प्रथम कोर्ट के सदस्य हैं तथा अन्य कई केंद्रीय एवं राज्य विश्वविद्यालयों में माननीय कुलाध्यक्ष एवं कुलाधिपति द्वारा नामित प्रतिनिधि सदस्य हैं। प्रो.राय हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर के प्रबंध बोर्ड में माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति, राजस्थान के प्रतिनिधि के रूप में मनोनीत सदस्य हैं। उच्च शिक्षा तथा पत्रकारिता के क्षेत्र में किए गए महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रो. राय को भारत ज्योति पुरस्कार, संचारश्री पुरस्कार, उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान तथा सामाजिक- सांस्कृतिक क्षेत्र में किए गए योगदानों के लिए विदर्भ भूषण पुरस्कार, द्वारिकाधीश मानद उपाधि जैसे अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कारों से अलंकृत किया गया है।

# स्वच्छता अभियान पखवाड़े में शामिल हुए 32 करोड़ लोग

नयी दिल्ली। सरकार ने कहा है कि देश में 15 से 29 सितंबर के बीच देशभर में स्वच्छता आंदोलन चलाया गया जिसमें 32 करोड़ लोगों ने हिस्सेदारी की और यह अभियान 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' जन आंदोलन बनकर उभरा। जलशक्ति मंत्रालय ने बताया कि इस पखवाड़े में दैनिक आधार पर 2.3 करोड़ लोगों ने भागीदारी की और कुल 32 करोड़ से अधिक लोग राष्ट्रव्यापी अभियान में शामिल हुए। इस दौरान 15 करोड़ नागरिकों ने श्रमदान में भाग लिया और 3.68 लाख लोगों ने स्वच्छ भारत गतिविधियों में योगदान दिया। मंत्रालय के अनुसार एक अक्टूबर को एक तारीख एक घंटा एक साथ अभियान के हिस्से के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक घंटे के नागरिकों के नेतृत्व वाले स्वच्छता के लिए श्रमदान के आह्वान के साथ एक पखवाड़े तक चले इस अभियान का समापन होगा। इस पखवाड़े की 15 सितम्बर को शुरुआत हुई और अभियान की थीम कचरा मुक्त भारत है और 14 दिन तक चले इस राष्ट्रव्यापी अभियान में 32 करोड़ से अधिक लोगों ने भागीदारी की। इस साल चले स्वच्छता अभिनयान के दौरान लगभग 5300 समुद्र तटों की सफाई, 4300 नदी तटों और जलमार्गों को पुनर्जीवित कर 10,700 से अधिक विरासत अपशिष्ट स्थलों का पुनरुद्धार किया गया और 2400 पर्यटन और प्रतिष्ठित स्थलों को बेहतर बनाकर 93,000 से अधिक सार्वजनिक स्थानों में स्वचछता की गई।